

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 126 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 18 फरवरी 2024 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# 'कनाडा ने अमेरिका पर हमला किया, तो अगले दिन उसका वजूद खत्म'

## न्यूयॉर्क की गवर्नर का बयान, इजरायल से क्या है कनेक्शन ?

न्यूयॉर्क. न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने इजरायल के गाजा पर मौजूदा हमले के बचाव में एक बड़ा बयान दिया है. डेमोक्रेट पार्टी की होचुल ने इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार का बचाव किया. न्यूयॉर्क में यूजेए फेडरेशन को दिए एक भाषण में डेमोक्रेट गवर्नर ने यह बात एक उदाहरण देकर कही. होचुल ने कहा कि 'अगर कनाडा ने कभी बफेलो पर हमला किया, क्षमा करें मेरे दोस्तों, लेकिन अगले दिन कनाडा नहीं होगा.' होचुल ने कहा कि हमास एक 'आतंकवादी संगठन है जिसे रोका जाना चाहिए. किसी को भी, किसी भी देश को अपने ऊपर फैले खतरे के साथ नहीं रहना चाहिए.'

न्यूयॉर्क की गवर्नर होचुल ने कहा कि उनके राज्य के लोगों को हमास और इजरायल के बीच के हालात को समझना चाहिए. डेमोक्रेट गवर्नर ने आगे कहा कि 'उसके बारे में सोचो. यह एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है. आपको अपना बचाव करने और यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि ऐसा दोबारा न हो.' इजरायल के अपने बचाव के अधिकार का हवाला देते हुए उन्होंने यहूदी राज्य के लिए समर्थन जाहिर किया.

जैसे ही इजराइल-हमास युद्ध तेज हुए और इजराइल ने राफा में अपनी कार्रवाई शुरू की, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ रहा है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिकी विदेश




मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने तत्काल कार्रवाई की है. इजरायली नेताओं से गाजा में अपने हमले को कम करने और इसके लिए रास्ता तैयार करने का अनुरोध किया गया है. इसके साथ ही दो देशों को कायम करके समाधान निकालने की कोशिश की गई है. हालांकि इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और दूसरे नेताओं ने सभी योजनाओं को खारिज कर दिया है. वहीं फिलिस्तीन ने कहा कि इजरायल कभी भी इस मुद्दे का समर्थन नहीं करेगा. इजरायल ने यह भी कहा है कि वह गाजा पट्टी में अपने सैन्य अभियान तब तक जारी रखेगा जब तक कि वह पूरी जीत हासिल नहीं कर लेता है. जो कि इजरायली नेताओं के मुताबिक केवल कुछ महीने दूर है. इजरायल पर हुए हमास के आतंकी हमले में हजारों निर्दोष लोगों की हत्या होने और सैकड़ों लोगों बंधक बनाने के बाद इजरायल ने गाजा पर जोरदार जवाबी हमला किया. जिसमें हजारों निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है.

# किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच दिल्ली में बढ़ सकते हैं सब्जियों के दाम

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर अपनी मांगें स्वीकार करने के लिए दबाव डालने के लिए "दिल्ली चलो" का आह्वान किया है। पंजाब-हरियाणा की सीमा पर किसानों के विरोध प्रदर्शन के कारण सप्लाई चेन बाधित होने की वजह से दिल्ली में सब्जियों की कीमतें बढ़ सकती हैं। बता दें कि किसानों का विरोध प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब से सप्लाई की समस्या के कारण पिछले 15 दिनों में गाजर की कीमतों में 4 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही विरोध प्रदर्शन के कारण होने वाले व्यवधान से अन्य सब्जियों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, अन्य सब्जियों की कीमतों पर अब तक कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर अपनी मांगें स्वीकार करने के लिए दबाव डालने के लिए "दिल्ली चलो" का आह्वान किया है। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया, लेकिन पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारी किसान मंगलवार, 13 फरवरी को मार्च की शुरूआत के बाद से सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हुए हैं।

# पटाखे की फैक्टरी में जोरदार धमाका, 10 लोगों की मौत, मृतकों के लिए 3-3 लाख का मुआवजे की घोषणा

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई. राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं.

आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की. उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख




रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है. जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12 बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई. विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा, 'शुरूआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था.'

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा. जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था. यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया, 'यह मानवीय गलती से से हो सकता है. हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है.'

# पूर्वांचल में बनास डेरी सर्कुलर इकोनॉमी से लाएगी सस्टेनेबिलिटी

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

बनास डेरी कृषि उत्पादन के साथ सस्टेनेबिलीटी की ओर सर्कुलर इकोनॉमी के लिए कार्यरत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री किसानो की आय दो गुना करने के लिए प्रयत्नशील है। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए बनास डेरी बहुआयामी प्रयास कर रही है। किसान को न केवल दूध के पैसे मिलें बल्कि किसान के खेत में उपज होनेवाली हर चीज का वेल्युएडिशन करके उसको अधिक पैसे मिल सके उसके लिए प्रयास कर रही है। दूध उत्पादक और किसान ना सिर्फ हमें दूध और कृषि उत्पाद बेचता है बल्कि हमारे द्वारा निर्मित विभिन्न दूध और कृषि के प्रोसेसिंग से उत्पन्न होने वाले मूल्य-वर्धित उत्पादों और सेवाओं का ग्राहक भी है। यह सर्कुलर इकोनॉमी का एक अच्छा उदाहरण है। यह सहकार की शक्ति है कि हमें अपने उत्पादों की बिक्री के लिए अपने किसान बंधुओं तक ही जाना होता है जिन्हें उनके खुद की संस्था से आने वाले उत्पादों की गुणवत्ता और कीमत पर पहले से ही भरोसा होता है। बनास डेरी सस्टेनेबिलीटी के लिये सर्कुलर इकोनॉमी पर काम करने के लिए समर्पित है। इस दिशा में




बनास डेरी ने निम्नानुसार कार्य प्रारंभ किये हैं:

- **बनास डेरी दूध उत्पादकों और किसानों से कच्चे माल जैसे दूध, शहद, कृषि उत्पाद, गाय का गोबर आदि खरीदती है।**
- **बनास डेरी दूध उत्पादकों और किसानों को पनीर, आइसक्रीम, गेहूं का आटा, पशु चारा, जैविक उर्वरक जैसे मूल्य वर्धित उत्पाद बेचती है।**
- **वृक्षारोपण, मिट्टी संरक्षण , जल संरक्षण, बनास Bio-CNG, कार्बन न्यूट्रैलिटी, आदि जैसे सस्टेनेबिलीटी से सर्कुलर इकोनॉमी तक ले जाने वाले कार्य करती है।**
- **बनास डेरी दूध उत्पादकों और किसानों को पशु चिकित्सा, शिक्षा, अस्पताल, ग्रामीण स्तर पर रिटेल स्टोर (Umang Mall) ) और अन्य सेवाएं प्रदान करती है।**

बनास काशी संकुल से पूर्वांचल में सर्कुलर इकोनॉमी से सस्टेनेबिलीटी की तरफ का प्रयास एक नया सूर्योदय है। गुजरात के किसान आज सर्कुलर इकोनॉमी से समृद्ध हुए हैं। प्रधानमंत्रीजी ने पूर्वांचल के किसानों के लिए बनास जैसे सस्टेनेबिलीटी के समेकित प्रयासों को अमल में लाने के लिए ही गुजरात के इस मॉडल को पूर्वांचल में कार्यान्वित किया है। बनारस से बनास तक का ये सफर पूर्वांचल में किसान के लिए सहकार के माध्यम से उनके जीवन में कृषि तथा गोबर्धन के लाभ पहुंचाएगा। जैसे गुजरात का किसान आत्मनिर्भर बना है वैसे ही अब पूर्वांचल में भी सर्कुलर इकोनॉमी किसान को समृध्ध बनाएगी।


SWAMI VIVEKANAND GROUP OF INSTITUTES

SVIET

WWW.SVIET.AC.IN

ADMISSIONS FOR SESSION 2024-25

Engineering

CSE | ECE | ME | Civil | EE

Pharmacy

Pharm D | M.Pharm | B.Pharm | D.Pharm

LAW | MBA | MCA | BBA | BCA | B.Ed

Campus: Chd-Patiala Highway, Banur

Toll Free 1800 120 1200


# सिर्फ नीतीश ही नहीं, राहुल-तेजस्वी और नरेंद्र मोदी भी हैं पलटूमास्टर : ओवैसी

### किशनगंज में एआईएमआईएम के चीफ सह सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने किया चुनावी जंग का एलान

**किशनगंज/डा. आर के वर्मा।**

बिहार में चुनावी महासंग्राम की तैयारी शुरू हो चुकी है. एआईएमआईएम के चीफ सांसद असदुद्दीन ओवैसी सीमांचल पहुंचे और यहां चुनावी बिगुल को फूंका। दो दिवसीय दौरे पर किशनगंज पहुंचे एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी शनिवार को किशनगंज के चकला स्थित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की जमीन पर पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए एएमयू फंड रिलीज किए जाने की मांग केंद्र सरकार से की. उन्होंने कहा की अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का निर्माण हो जाने से सिर्फ सीमांचल ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के युवाओं को इसका लाभ मिलेगा. वहीं उन्होंने शाखा के निर्माण में हुई देरी के लिए कांग्रेस, जेडीयू, राजद सभी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि तेजस्वी जब सत्ता में नही थे, तब इस मामले का बहुत जिक्र हुआ. लेकिन सत्ता में आने के बाद सभी भूल जाते हैं. उन्होंने शाखा निर्माण में हो रही देरी के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों को जिम्मेदार ठहराया है. इस दौरान



ओवैसी ने किशनगंज सीट से की लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा की (जागरण)

उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान , अररिया अध्यक्ष अली राजा, युवा नेता मिन्हाज आलम सहित पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे. एएमयू के फंड रिलीज को लेकर लंबे समय से जिले में एआईएमआईएम मांग करती आ रही है.

**ओवैसी ने राहुल और तेजस्वी पर साधा निशाना**

असदुद्दीन ओवैसी ने तेजस्वी के बिहार दौरे और राहुल गांधी के सीमांचल दौरे पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि ये लोग सीमांचल की जनता से वोट तो ले लेते हैं लेकिन जब सरकार में आते हैं तो वो यहां के मुद्दों को भूल जाते हैं अपनी यात्रा के दौरान किशनगंज न आने को लेकर भी ओवैसी ने तेजस्वी को आड़े हाथ लिया और कहा कि आखिर वो यहां क्यों आएंगे? हर बार यहां उन्होंने झूठ बोला, सीमांचल डेवलपमेंट काउंसिल बनाने की बात करते रहे लेकिन नहीं बनाए. ऐसे में वो यहां क्यों और कैसे आएंगे? उन्होंने कहा कि सिर्फ नीतीश ही नहीं, राहुल-तेजस्वी और नरेंद्र मोदी भी पलटूमास्टर हैं।

**गढ़ को दुरुस्त कर रहे ओवैसी**

बता दें कि ओवैसी बिहार के सीमांचल में अपने तीन दिनों के दौरे पर हैं. आज उनका सीमांचल दौरे का दूसरा दिन है. दूसरे दिन भी उन्होंने इलाके में धुआंधार जनसभाओं को संबोधित किया. साथ ही कार्यकताओं के साथ एक रणनीति पर चर्चा भी की. ओवैसी के दौरे से सीमांचल में एआईएमआईएम को मजबूती मिली है.

# भाजपा के 370, एनडीए के 400 पार का पीएम मोदी का सपना !

नई दिल्ली. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद देश में चल रही 'भगवा लहर' से उत्साहित और नई ऊर्जा से लैस हैं. न सिर्फ 'तीसरी बार मोदी सरकार' के लिए, बल्कि पहले से कहीं बड़ा और रिकॉर्ड मेंडेट देने के लिए पार्टी के शीर्ष नेताओं ने अभियान रणनीति और जनता तक पहुंचने के लिए शहरी और ग्रामीण केंद्रों पर कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू की है. साथ ही डिजिटल मीडिया के जरिये जनरेशन जेड को लुभाने की कोशिश की जा रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक चुनावी रैली में कहा था कि भाजपा अपने दम पर 370 से अधिक सीटें हासिल करेगी, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 400 सीटों का आंकड़ा पार कर जाएगा. सबसे विश्वसनीय सर्वे एजेंसियों में से एक एक्सिस माई इंडिया ने अपना 'विश्लेषण और अंकगणित' जारी किया है कि भगवा पार्टी आगामी संसदीय चुनावों में 370 सीटों के सपने को कैसे साकार कर सकती है.

एक्सिस माई इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप गुप्ता ने फोन पर आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पार्टी के नए सहयोगियों के समर्थन और 2024 में 2019 के चुनावों के समान प्रदर्शन को देखते हुए भाजपा की अनुमानित संख्या हकीकत में बदल सकती है. उन्होंने कहा कि बिहार और महाराष्ट्र में एनडीए मजबूत हुआ है. नीतीश कुमार ने भाजपा का दामन थाम लिया है और शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विद्रोही गुट भी हाथ मिला रहे हैं. यह वास्तव में एनडीए के लिए एक फायदेमंद है, लेकिन उसे 2019 के चुनावों की स्ट्राइक रेट को दोहराने की जरूरत है. एक्सिस माई इंडिया की पोल संख्या गणना के मुताबिक भाजपा को 2019 से भी बड़ी जीत दर्ज करने के लिए तीन कारकों की जरूरत होगी.

# भाजपा के टिकट को लेकर महासंग्राम जारी, बाहरी प्रत्याशियों की संख्या भारी।

**दैनिक समाज जागरण**

अगले महा मार्च अप्रैल 2024 में होने जा रहे 18 वीं लोकसभा चुनाव मे , इस बार भाजपा हाई कमान वे स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है। जो मोदी की गारंटी का नारा साकार करने के लिए भाजपा हाई कमान एक-एक सीट पर जीताऊ प्रत्याशी उतारना चाहती है। लेकिन सबसे लंबी लाइन नगीना लोकसभा सरक्षित सीट पर भाजपा टिकटार्थियो की है। अपने अपने चाहते प्रत्याशियों को टिकट दिलाने को लेकर भाजपाई भी कई धडो गुटों में बटे होने के कारण माहभारत युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। हालांकि यहां चर्चा है कि पार्टी है कमान किसी बड़े चेहरे को या फिल्मी हस्ती को चुनाव मैदान में उतार सकती है, फिर भी टिकट मांगने वालों की लंबी कतार है जिनमे इस बार भी बाहरी दावेदारों की संख्या अधिक दिखाई पड़ रही है, उनमे कुछ ऐसे भी दावेदार हैं जो रहते दिल्ली व अन्य स्थानों पर लेकिन टिकट हासिल करने के लिए अपने आपको स्थानीय नगीना का मूल निवासी बता कर वोटरो और सपोर्टरो को गुमराह करने का काम तो कर ही रहे हैं, साथ ही पार्टी हाई कमान के साथ भी छल कपट की भूमिका निभा रहे हैं, जिनके चेहरे स्थानीय वाटरो और सपोर्टरों के सामने आने से उनके झूठ का पर्दा धीरे-धीरे उठने से अब उनके सपोर्टर भी उनसे किनारा कर लेने से अब वह अकेले-अकेले घूम रहे हैं। नगीना लोकसभा सु सीत से मेरठ के मूल निवासी हैं और मायावती सरकार में मंत्री रहे डॉक्टर यशवंत सिंह 2014 मैं पहली बार भाजपा से सांसद चुने गए थे लेकिन पार्टी कार्यकताओं की नाराजगी और जनता में खासा विरोध होने के कारण 2019 में लोकसभा और 2023 में नगीना विधानसभा चुनाव मे हर का सामना करना पडा,फिर भी टिकट की लाइन में लगे हैं।

नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट से टिकट मांगने वालों मैं प्रमुख स्थानीय सेवानिवृत्त लेवर डिप्टी कमिश्नर रोशन लाल, क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, पूर्व विधायक सुरेश राठौर। यह है बाहरी नहटौर विधायक ओम कुमार की पत्नी शोभा रानी, सुभाष वाल्मीकि बिजनौर, सचिन पाल वाल्मीकि दिल्ली, मनू प्रिये मजदूर मुजफ्फरनगर, विजय वात्मीकि मोदीनगर, अनिल सूद दिल्ली, राजीव सूद दिल्ली, टीवी सीरियल अभिनेत्री उर्मिला सनावर सहारनपुर, समेत करीब दो दर्जन भाजपा नेता टिकट की लाइन में लगे हैं, यहां अपने अपने चाहते उम्मीदवार को टिकट दिलाए जाने को लेकर भाजपाई कई गुटों में बटे नजर आ रहे हैं जिससे यहां भाजपाइयों में महाभारत युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं, जो हमेशा चुनाव के दौरान चुनाव प्रत्याशी को आपसी रंजीश और भीतर घाट का सामना करना पड़ता है। हालांकि भाजपा हाई कमान ने छोटे-बड़े कार्यकर्ता और पदाधिकारी को एक फरमान जारी कर 2024 चुनाव का मिशन 400 पार जीतने का लक्ष्य पर कार्य करने और घर-घर जाकर भाजपा सरकारों द्वारा कराए गए विकास कार्यों और भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार कर मतदाताओं में सरकार और भाजपा के प्रति नई चेतना लाने का अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं लेकिन भाजपा हाई कमान को यहां भाजपाइयों का एक झुंड ऐसा भी है जो दिन के उजाले में तो भाजपा के होते हैं और शाम के अंधेरों में सपा यानी समाजवादी के रंग में रंग जाते हैं, हमेशा चुनाव में भी उनका दोहरा चरित्र सामने आता है यहां तक वही भाजपाइयों का झुंड चुनाव के दौरान पार्टी प्रत्याशी के साथ घूमेंगे कार्यालय में जाएंगे जाएंगे बैठकों में अच्छा मशवरा भी देंगे पर शाम के अंधेरे में भाजपा विरोधी प्रचार करेंगे यही कारण है के भाजपा प्रत्याशी जीत के लिए छटपटा रहा है। ऐसे भीतर घाती वह पार्टी विरोधी भाजपाइयों से भाजपा हाई कमान को समय रहते शक्ति सै निपटना चाहिए ताकि ताकि बीजेपी जीत का परचम लहरा सके।

भाजपा हाई कमान उन सभी हारि हुई सीटों पर जिनमैं नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट भी शामिल है इन पर जीताऊ प्रत्याशी उतारेगी जिस पर टिकट के दावेदारों पर गंभीरता से विचार कर रही है हालांकि नगीना सीट पर फिल्मी स्टार अभिनेता अजय देवगन वे प्राची साक्षी को भाजपा हाई कमान द्वारा उतारे जाने की क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है इनके अलावा फिल्मों के साथ-साथ छोटे पर्दे की भी सुपरस्टार अभिनेत्री उर्मिला सनावर ने भी नगीना सीट से अपने उपस्थिति शुक्रवार के दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दश करती है जो तीनों ही बड़े चेहरे हैं क्या फिल्म स्टार अजय देवगन एवं प्राची साक्षी वास्तव में ही नगीना लोकसभा से चुनाव के मैदान में भाजपा हाई कमान उतर रहा है या फिर यह एक अफा का है। जबकि इस बार क्षेत्रीय मतदाता स्थानीय प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने का मन बन चुका है। क्या बीजेपी हाई कमान स्थानीय भाजपा समर्पित मतदाताओं की भावनाओं को सम्मान दे पाएगा या फिर कोई बाहरी प्रत्याशी थोपेगा।

बरहाल भाजपा हाई कमान होने वाले लोकसभा चुनाव में नगीना लोकसभा सीट पर स्थानीय प्रत्याशी को मैदान में उतरती है या फिर बाहरी प्रत्याशी को यह तो आने वाला समय ही बताएगा तब तक हम चुप ही रहेंगे।



मनोज वाल्मीकि नगीना

# क्या सचमुच क्रूरता की रानी है ममता बनर्जी

**दैनिक समाज जागरण**

न बंगाल बदल रहा है और न देश की राजनीति । बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी के राज में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा तो हलकान है ही अब कल तक ममता बनर्जी की मित्र कही जाने वाली कांग्रेस भी परेशान है । बंगाल के कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सुश्री ममता बनर्जी को ' क्रूरता की रानी ' तक कह दिया है ।लेकिन क्या सचमुच ममता बनर्जी क्रूरता की रानी हैं या उन्हें क्रूरता का प्रतीक बनाने की कोशिश की जा रही है। ताजा मामला संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न का है। बंगाल में आठ दशक बाद भी साम्प्रदायिक जहर समाप्त नहीं हुआ ह। बंगाल नोआखली से चलकर संदेशखली तक हिंसा में ही झुलस रहा है। संदेशखली का मामला अब देश की सबसे बड़ी अदालत की दहलीज तक आ पहुंचा है ? क्या है संदेशखली का मामला ?

आपको बता दें कि बंगाल की राजधानी कोलकाता। उससे करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित संदेशखाली। संदेशखाली उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपखंड में आता है। ये बांग्लादेश की सीमा से सटा हुआ इलाका है। इस इलाके में अल्पसंख्यक और आदिवासी समाज के लोग सबसे ज्यादा रहते हैं।

संदेशखाली उस वक्त सुर्खियों में आया, जब तृण मूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा । आरोप है कि शेख और उनके समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी की टीम पर ही हमला कर दिया। आरोपी फरार है। शाहजहां को पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक का करीबी माना जाता है। शुरूआत में ऐसा लगा कि ये घटना सिर्फ 'एक हमले' तक ही सीमित है, लेकिन शेख के फरार होते ही इलाके की महिलाएं अचानक बाहर निकल आई। महिलाओं ने शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर अत्याचार करने, यौन उत्पीड़न करने और जमीन कब्जाने जैसे गंभीर आरोप लगा डाले। महिलाओं का आरोप है कि तृमूकां के लोग गांव में घर-घर जाकर चेक करते हैं और इस दौरान अगर घर में कोई सुंदर महिला या लड़की दिखती है तो टीएमसी नेता शाहजहां शेख के लोग उसे अगवा कर ले जाते थे और फिर उसे पूरी रात अपने साथ पार्टी दफ्तर यहां अन्य जगह पर रखा जाता था। अगले दिन यौन उत्पीड़न करने के बाद उसे उसके घर या घर के सामने छोड़ जाते थे।'

संदेशखाली का ये भयानक सन्देश जब बंगाल के बाहर भी पहुंचा तो मामला राज्यपाल तक पहुंच गया। जांच जारी है। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम भी मौके पर पहुंची थी। राजनीति भी जम कर की जा रही है। सबसे पहले भाजपा ने संदेशखाली के मामले को लेकर राजनीति की। भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने संदेशखाली जाने की कोशिश की तो पुलिस ने उसे रास्ते में ही रोदिय। इसके बाद तृण मूल कांग्रेस से नाराज बैठी कांग्रेस भी मैदान में आ गयी। कांग्रेस सांसद और बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को संदेशखाली में तनाव की स्थिति में जाने से रोका गया है। पुलिस और अधीर रंजन चौधरी के बीच नोकझोंक हुई है. नारेबाजी करते कांग्रेस नेता और कांग्रेस प्रतिनिधि जब आगे बढ़ रहे थे, पुलिस ने उन्हें रोका और रामपुर में बैरिकेडिंग कर दी।

कांग्रेस और ममता बनर्जी के बीएच अनबन की वजह इंडिया गठबंधन में ममता द्वारा डाली गयी दरार है । पहले ममता ने गठबंधन के नेता के लिए कांग्रेस के मल्लिकार्जुनखड़गे का नाम प्रस्तावित किया,इसका नतीजा ये हुआ कि जेडीयू गठबंधन से बाहर हो गयी। बाद में ममता ने बंगाल में कांग्रेस को अपेक्षित सीटें न देकर रार बढ़ा '। कांग्रेस और ममता के रिश्ते तब और बिगड़े जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ भी ममता सरकार ने बदसलूकी की। अब संदेशखाली के लिए आगे बढ़ने से कांग्रेस सांसद ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि, ममता क्रूरता की रानी है वह आग से खेल रही हैं। अधीर रंजन ने कहा कि हम सब कुछ राजनीतिक तौर पर करेंगे। हम बम या बंदूकें नहीं ले जा रहे हैं। यहां ममता ने भाजपा को भी रोका , लेकिन वो कुछ और हैं, हम कुछ और हैं। संदेशखाली का मामला जो है सो है किन्तु मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अपने अंदाज में जवाब दे रही हैं। उनका कहना है कि मुझे इस पर कार्रवाई करने के लिए मामले को जानना होगा। वहां आरएसएस का आधार है। 7-8 साल पहले दंगे हुए, वो संवेदनशील दंगा इलाकों में एक है। हमने सरस्वती पूजा पूजा के दौरान स्थिति को मजबूती से संभाला अन्यथा वहां योजनाएं कुछ और ही थी। संदेशखाली हिंसा पर बीजेपी सांसद लॉकेट चटर्जी का कहना है कि जिन्होंने यह अत्याचार किया है उन्हें सामने आना होगा, एनआईए जांच होनी चाहिए। उन्हें मौत की सजा दी जानी चाहिए. हम सुकांत मजूमदार पर हमले की निंदा करते हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग का कहना है कि संदेशखाली में स्थानीय अधिकारियों की चुप्पी बहुत कुछ कहती है। हम इस मामले की गहराई तक जाना चाहते है। संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ सबूत मिटाना और डराने-धमकाने की रणनीति अस्वीकार्य है। महिला आयोग पूरी जांच और अपराधियों पर मुकदमा चलाने की मांग करता है। यानि महिला आयोग और भाजपा के सुर एक जैसे हैं। अब यदि सुप्रीम कोर्ट ने इस माले में दायर की गयी याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया तो ममता बनर्जी की मुश्किलें और बढ़ सकतीं हैं।

संदर्भ के लिए आपको बता दें कि अविभाजित भारत में बंगाल के नोआखली जिले में 1946 में हुए साम्प्रदायिक दंगे में पांच हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे, नोआखाली अब बांग्लादेश का हिस्सा है। बंगाल की राजनीयति तभी से रक्तवर्णी होती चली आ रही है। पश्चिम बंगाल में सुश्री ममता बनर्जी सातवीं मुख्यमंत्री हैं। 1972 तक पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का राज था । उसके बाद 25 साल वामपंथियों ने यहां एकछत्र राज किया और बीते 9 साल से यहां तृणमूल कांग्रेस का राज है । भाजपा पिछले 44 साल से पश्चिम बंगाल पर शासन करने का ख्वाब देख रही है लेकिन अभी तक उसे मौका नहीं मिला है। संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न उसके लिए इसी वजह से महत्वपूर्ण है। भाजपा भी येन-केन बंगाल की रक्तवर्णी रसत्ता का सुख लेना चाहती है।

**@ राकेश अचल**

# माँ काली के उपासक थे रामकृष्ण परमहंस

**दैनिक समाज जागरण**

19 वीं शताब्दी में धार्मिक क्षेत्र में श्री रामकृष्ण परमहंस सबसे उंचे स्थान पर विराजमान थे। वह एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातो को सामान्य लोगो के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्मं में एक नयी उम्मीद जगाई। श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास में अद्भुत शक्तिया थी। कहा जाता है की श्री रामकृष्ण परमहंस भगवान विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सभी धर्मो को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मो का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं।

इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी।

1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है।

रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रुप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये।

रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था।

तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरु मान लेते थे।

इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये।

रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चैबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं।

विभिन्न धर्मों के माध्यम से रामकृष्ण के रहस्यमय अनुभवों ने उन्हें यह सिखाने के लिए प्रेरित किया कि विभिन्न धर्म पूर्ण ज्ञान और आनंद तक पहुँचने के अलग-अलग साधन हैं और विभिन्न धर्म पूर्ण सत्य की समग्रता को व्यक्त नहीं कर सकते हैं लेकिन इसके पहलुओं को व्यक्त कर सकते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए।



आलेखः-रमेश सर्राफ धमोरा

# नौंनिहालों की मूल शिक्षा से प्रस्फुटित राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद।

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न द्दष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्र-।ओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे'

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं' आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है' आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं' यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# इन्वेस्टर्स समिट के 10 लाख करोड़ के निवेश को जमीन पर उतरने की तैयारी में उत्तर प्रदेश सरकार।

## आगामी 19 से 21 फरवरी 2024 तक लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का किया जाएगा आयोजन।

**उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को आई आई एल एम, एमिटी, गौतम बुद्ध, गलगोटिया एवं बैनेट यूनिवर्सिटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का हुआ आयोजन।**

**सेवानिवृत्ति वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के द्वारा विश्वविद्यालय में पहुंचकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर छात्रों से किया गया संवाद।**

**छात्रों एवं शिक्षकों को उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश पर फिल्म दिखाकर उत्तर प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों पर डाला प्रकाश**



गौतम बुद्ध नगर 17 फरवरी 2024

उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं का ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 4.0 आगामी 19 से 21 फरवरी 2024 तक लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 19 फरवरी 2024 को जनपद स्तर पर भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा।

इसी श्रृंखला में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अवसर पर उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद गौतम बुद्ध नगर में विश्वविद्यालय के छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारीगण भेजे गए हैं, जिनके द्वारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम में प्रतिभाग कर विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद करते हुए आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के संबंध में उनको विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव मित्तल, निदेशक समाज कल्याण उत्तर प्रदेश कुमार प्रशांत, डीएम मनीष कुमार वर्मा ने एमिटी यूनिवर्सिटी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी देश दीपक वर्मा, उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण शैलेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने बैनेट यूनिवर्सिटी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई.ए.एस. अविनाश श्रीवास्तव, ए.सी.ई.ओ. ग्रेटर नोएडा आशुतोष कुमार द्विवेदी ने गलगोटिया विश्वविद्यालय, सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई.ए.एस. प्रवीर कुमार, ए.सी.ई.ओ. ग्रेटर नोएडा सौम्य श्रीवास्तव ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय तथा सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई.एफ.एस. आर.के. सिंह, विशेष सचिव ऊर्जा विभाग राहुल सिंह ने आई.आई.एल.एम. यूनिवर्सिटी में पहुंचकर छात्रों से संवाद करते हुए राज्य के युवाओं के कौशल विकास और नए उत्तर प्रदेश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर ध्यान केंद्रित किया। छात्रों एवं शिक्षकों को उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश पर एक फि ल्म दिखाकर उत्तर प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला गया जो माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिन दूनी रात चौगुनी विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उत्तर प्रदेश में हो रहे विदेशी निवेश एवं उससे प्रदेश में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों में प्रकाश डाला और साथ ही ह्लनये उत्तर प्रदेश का विकास, युवाओं का कौशल विकासह्व पर छात्रों से अपनी बातों को साझा किया। डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश और यह कैसे प्रदेश के लिए लाभकारी होगा, भविष्य में उत्तर प्रदेश और पिछले दिनों हुए विदेशी विनिवेश और उसकी वजह से होने वाले विकास कार्यों के विषय में जानकारी दी गई।उद्योगों में हुए विनिवेश के बहुआयामी परिणाम होते हैं, जिनमें मुख्य है रोजगार में वृद्धि। विदेशी विनिवेश का एक बड़ा हिस्सा गौतम बुद्ध नगर के विकास कार्यों में ही लगने जा रहा है,इत्यादि एवं आगामी 19 से 21 फरवरी को आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 समारोह के संबंध में छात्रों एवं शिक्षकों को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा ह्यग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -2023ह्ल के माध्यम से लगभग 38 लाख करोड़ निवेश के टडव पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसमें 10 लाख करोड़ निवेश के टडव जनपद गौतम बुद्ध नगर से हस्ताक्षर किए गए थे। 38 लाख करोड़ में से पहले चरण में लगभग 10 लाख करोड़ की लागत के प्रोजेक्टों को जमीन पर उतारने हेतु लखनऊ में 19 से 21 फरवरी 2024 को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया है। इन नये निवेश से प्रदेश में लगभग 35 लाख रोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे। पिछले कुछ सालों में प्रदेश में सुधरी कानून व्यवस्था, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर तथा बेहतर क्रियान्वयन के दम पर प्रदेश को निवेश का डेस्टिनेशन बनाने की कवायद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की जा रही है। प्रदेश के युवा इन अवसरों के लिए खुद को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करें तथा विश्वविद्यालय व कॉलेज कैंपस नवोन्नयन के केंद्र बनें। इंडस्ट्री की आवश्यकता की पूर्ति शिक्षण संस्थान करें साथ ही युवाओं के मन में उद्यमिता की प्रवृत्ति बढ़े इस हेतु स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा जैसी अनेकों योजनाये प्रदेश व भारत सरकार चला रही है। कैंपस को इंडस्ट्री से जोड़ने का यह अपने आप में अनूठा प्रयास है। वरिष्ठ व अनुभवी शिक्षाविदों /नौकरशाहों के साथ सीधा संवाद इन युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा नामित विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों समेत ज़िला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण व विश्वविद्याल के कुलपतियों व प्रोफेसरों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## औषधि निरीक्षक निरंतर एक्शन में

**औषधि निरीक्षक ने नोएडा स्थित दो मेडिकल स्टोर का किया औचक निरीक्षण**



गौतम बुद्ध नगर 17 फरवरी 2024आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निदेशों के क्रम में एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व एवं प्राप्त शिकायत के क्रम में जनपद के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं।

इसी क्रम में आज औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने नोएडा स्तिथ दो मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शिव शक्ति मेडिकल स्टोर से एक दर्द निवारक औषधि और श्री साई मेडिकल स्टोर से एक बचों का एंटीबीओटी सिरप और एक दर्द निवारक औषधि का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिव शक्ति मेडिकल स्टोर द्वारा संगृहीत औषधि के बिल के साथ अन्य 7 दवाओं के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए गए, जिस पर मेडिकल स्टोर को सभी 8 औषधि के विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने तक के लिए 8 औषधियों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने जानकारी देते हुएअवगत कराया कि मेडिकल स्टोर के क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि किसी भी मेडिकल द्वारा किसी बिना या अवैध लाइसेंस धारी या बिना डॉक्टर के पर्चे पर औषधि का क्रय विक्रय तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर आग्रिम कार्यवाही औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के अन्तर्गत नियमानुसार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान आसपास के मेडिकल स्टोर शटर बंद करके भाग गए, इनकी भी औचक निरीक्षण आने वाले दिनों में किया जायेगा।

औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स की जांच की जाएगी।

## टिकैत परिवार बलिदान को तैयार...

मुजफ्फरनगर (उप्र). भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में धरना देंगे. टिकैत ने यह भी बताया कि शनिवार को यहां सिसौली में हुई पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया है जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा से स-रकार द्वारा किसानों की मांगें नहीं माने जाने पर 26 और 27 फरवरी को दिल्ली तक ट्रैक्टर मार्च निकालने को कहा गया है.

## जिला कारागार गौतम बुद्ध नगर में आज आयोजित जेल अदालत में बंदियो से संबंधित 92 पत्रावलियों का किया गया निस्तारण

गौतम बुद्ध नगर 17 फरवरी, 2024 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में एवं जनपद न्यायाधीश गौतबुद्धनगर अवनीश सक्सेना के दिशा-निर्देशन में आज जिला कारागार गौतम बुद्ध नगर में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय प्रदीप कुमार कुशवाह की अध्यक्षता में जेल अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित जेल अदालत में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय प्रदीप कुमार कुशवाह द्वारा 92 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।



जिला कारागार में निरुद्ध गरीब व असहाय ऐसे बंदीगण, जिनके मुकदमों में पैरवी करने वाला कोई नहीं है तथा वह बंदी जो छोटे - छोटे अपराधिक मामलों में काफी लंबे समय से निरुद्ध है, ऐसे बंदियों को चिन्हित करते हुए तथा न्यायालय द्वारा चिन्हित प्रार्थना पत्रों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जिला कारागार गौतम बुद्ध नगर में आयोजित जेल अदालत में निरुद्ध बंदियो से संबंधित 92 पत्रावलियों का निस्तारण किया। आयोजित जेल अदालत में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय गौतम बुद्ध नगर प्रदीप कुमार कुशवाहा के साथ अधीक्षक जिला कारागार गौतमबुद्धनगर अरुण प्रताप सिंह एवं संबंधित बंदीगण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## आगामी 9 मार्च 2024 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवारिक वादों के अधिक से अधिक निस्तारण हेतु प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के साथ आयोजित हुई बैठक

गौतम बुद्ध नगर 17 फरवरी 2024 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अवनीश सक्सेना के दिशा निर्देशन मे 09-03-2024 को जनपद गौतमबुद्धनगर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा श्री बुद्धि सागर मिश्रा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गौतम बुद्ध नगर के विश्रामकक्ष में आज बैठक आहूत की गई, जिसमें अधिक से अधिक वाद चिन्हित एवं निस्तारण के संबंध मे तथा राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु पक्षकारगण को सूचित करने के संबंध में तथा व्यापक प्रचार प्रसार के संबंध में चर्चा की गई तथा इस संबंध में न्यायालय कर्मचारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



उक्त बैठक में श्री बुद्धि सागर मिश्रा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गौतम बुद्ध नगर एवं श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर उपस्थित रहे।

# किसानों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का अवसर दे रही डबल इंजन की सरकार: सीएम योगी

## राज्यपाल व सीएम ने राजभवन प्रांगण में 55वीं प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 का किया शुभारंभ

**सीएम बोले: संभावनाओं वाला प्रदेश है यूपी**
मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष राजभवन प्रांगण में होने वाले इस आयोजन के लिए राज्यपाल का जताया आभार

लखनऊ, 17 फरवरी: यूपी संभावनाओं वाला प्रदेश है। भारत की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा अकेले यूपी में निवास करता है। उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है, लेकिन देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर उत्तर प्रदेश का है। उत्तर प्रदेश के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। यह दिखाता है कि अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा। इसी प्रोत्साहन के लिए प्रगतिशील किसानों को आज सम्मानित किया गया। इन किसानों ने ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, पुष्पों की खेती, पॉलीहाउस के माध्यम से नया करने का प्रयास किया है। डबल इंजन की सरकार किसानों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का अवसर दे रही है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल,



शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 का शुभारंभ किया। इसके बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यह प्रदर्शनी तीन दिनों (17 से 19 फरवरी) तक चलेगी। सीएम ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और इसके आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व सीएम ने स्मारिका का विमोचन भी किया।

**सीएम ने राज्यपाल के प्रति जताया आभार**

सीएम ने राज्यपाल के प्रति आभार जताया। बोले कि औद्यानिक फसलों में रुचि रखने वाले प्रगतिशील किसानों के लिए प्रतिवर्ष प्रदर्शनी के लिए राज्यपाल यह प्रांगण उपलब्ध कराती हैं। न केवल किसान, बल्कि लखनऊ समेत प्रदेश भर से आने वाले लोग भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा बनते हैं। प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप किसान की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है और प्रदेश की जीडीपी में गांव, जनपद और प्रदेश का योगदान हो सके तो हमें इस क्षेत्र में और भी रूचि लेकर बढ़ना होगा। इससे न केवल आमदनी बढ़ाने, बल्कि विटामिन व पोषक तत्वों की दृष्टि से इन औद्यानिक फसलों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाकर कुपोषण जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए भी लोगों को तैयार कर पाएंगे। इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**किसानों का किया गया सम्मान**

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

## सीएम योगी ने जीबीसी-4 की तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**सीएम योगी ने पीएम समेत अन्य वीआईपी मेहमानों के बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में ली जानकारी ली**

**कार्यक्रम में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना**



17 फरवरी, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिरगांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जीबीसी-4 को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम योगी ने खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजने हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं।

**स्टील शिपिंग कंटेनर्स बेस्ड जर्मन हैंगर में होगा मुख्य आयोजन**

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नए इनोवेशन के जरिए 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को दशार्या जा रहा है। इसके तहत स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए जा रहे हैं। 70 मीटर लंबा तथा 20 मीटर ऊंचा बन रहे इस इवेंट को 56 कंटेनरों को एक के ऊपर एक रखकर बने स्ट्रक्चर के टेंट में परिवर्तित करते हुए मेन पैवेलियन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दशार्या जाएगा।

**34 लाख रोजगार के अवसरों का होगा सृजन**

पिछले वर्ष फरवरी माह में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 भव्य आयोजन हुआ था। इस आयोजन के मात्र एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है। इससे 34 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध होने के साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं मूर्त रुप लेंगी।

## अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ से हर राम भक्त, हर सनातन धर्मावलंबी प्रफुल्लित: सीएम योगी

**भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में सीएम योगी ने देश और प्रदेश में हो रहे बदलावों का किया जिक्र**

**आज एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं देशवासी: सीएम योगी**

**पीएम मोदी के नेतृत्व में आज इस देश में हर नागरिक को मिल रहा है सम्मान: सीएम योगी**

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के राजनैतिक प्रस्ताव पर सीएम योगी के समर्थन के बाद राममय हुआ माहौल**

नई दिल्ली/लखनऊ, 17 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजधानी दिल्ली में भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा लिया। भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में सीएम योगी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को बदलते हुए भारत की झलक दिखाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उत्तर प्रदेश से देश को नेतृत्व देते हैं और काशी विश्वनाथ धाम से जो यात्रा प्रारंभ हुई,वह आज अयोध्या तक पहुंच चुकी है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला अपने भव्य और दिव्य मंदिर में पांच सदी के बाद पुनः विराजमान हो चुके हैं। हर राम भक्त, हर सनातन धर्मावलंबी, इस घटना से प्रफुल्लित है।

# 7.82 लाख किसानों को किया गया 11170.55 करोड़ रुपये का भुगतान

**मुख्यमंत्री ने की धान खरीद की समीक्षा, 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीद, धान (कॉमन) का एमएसपी 2183 व ग्रेड-ए का मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित, पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 29 फरवरी तक होगी धान खरीद**

लखनऊ, 17 फरवरी: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल निर्देशन में 7.82 लाख किसानों को 11170.55 करोड़ का भुगतान किया गया। धान खरीद के लिए 70 लाख मीट्रिक टन धान का क्रय लक्ष्य निर्धारित है। क्रय एजेंसी खाद्य व रसद विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, मंडी परिषद व भारतीय खाद्य निगम द्वारा 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। 14 फरवरी तक 7.82 लाख किसानों से 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इस एवज में किसानों के बैंक खाते में 11170.55 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया गया है। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 प्रति कुंतल तथा धान ग्रेड-ए का मूल्य 2203 प्रति कुंतल रुपये निर्धारित है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 व पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली नवंबर से 29 फरवरी तक धान खरीद की जाएगी।

**सीएम ने दिया निर्देश- कृषकों को न हो कोई असुविधा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीद की समीक्षा की। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि धान विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने क्रय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों से कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतएव यदि धान क्रय में लापरवाही बरती जाती है तो दोषी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।



**10.45 लाख से अधिक किसानों ने कराया ऑनलाइन पंजीकरण**

कुल 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें धान बिक्री के लिए 10,45,946 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया। 14 फरवरी तक 7.82 लाख किसानों से 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गयी, और इसके तहत 11,170.55 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया गया। क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया जा रहा है। मानवीय हस्तक्षेप समाप्त होने से धान प्रेषण एवं सी०एम०आर० डिलीवरी की स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार आया है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण में प्रथम बार अधिक खरीद वाले 40 जनपदों में जी०पी०एस० युक्त वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी सतत मॉनिटरिंग भी की जा रही है, जिससे इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी किया जा सके।

**सीएम हेल्पलाइन से लगभग 92 हजार किसानों की समस्याओं का कराया गया निराकरण**

सीएम हेल्पलाइन, खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर / टोल फ्री नम्बर, प्रदेश, मंडल व जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम द्वारा धान क्रय में आने वाली किसी भी कठिनाई का त्वरित गति से समाधान कराया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन से 91,842 किसानों को कॉल कर फीडबैक प्राप्त कर धान बिक्री व भुगतान से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण कराया गया। खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर पर धान खरीद से सम्बन्धित कुल 1118 प्राप्त शिकायतों में से 1090 निस्तारित हैं, शेष 28 का निस्तारण कराया जा रहा है।

# समाज में प्रति निस्वार्थ सेवा कर रहे एम आर पाशा को बनाया गया लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव 2024 का ब्रांड एंबेसडर (स्वीप आईकन)

### दिव्यांगों,वृद्ध,विधवा,गरीब वर्गों में मतदान का शत प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे जनपद बिजनौर में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से जागरूक करेंगे एमआर पाशा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम अहमद सिद्दीकी**

बिजनौर लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव 2024 में आमजन को वोट के प्रति जागरूक करने और सहयोग करने के लिए समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा भाव रखने वाले राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा को चुनाव में आमजन को जागरूक करने के लिए प्रशासन ने उन्हे लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव 2024 का ब्रांड एंबेसडर (स्वीप आईकन) नामित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी बिजनौर (स्वीप) पूर्ण बोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य
निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन में जनपद में मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 01 जनवरी,2024 को



18 वर्ष अथवा उससे अधिक की आयु वाले व्यक्ति जो मतदाता नहीं हैं। उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने की कार्यवाही की जा रही है। स्वीप योजना के अन्तर्गत जनपद की समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाये गये। नो वोटर टू बी लेफ्ट बिहाईंड की थीम पर जनपद के नागरिकों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षण संस्थाओं में मतदाताओं के रूप में पंजीकृत पाठशाला छात्र/छात्राओं तथा भावी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं यथा रंगोली,वाद-विवाद,मेहंदी,निबन्ध, स्लोगन, भाषण आदि प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं तथा मतदाता जागरूकता क्लब (ईएलसी) गठित कर चुनाव प्रकिया, मतदान के महत्व आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जा रही है। ग्राम पंचायत, नगर पालिका क्षेत्रों में चुनाव आयोजित कर दिव्यांग मतदाताओं,वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं को विशेष रूप से मतदाता शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिले में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए तथा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के लिए निम्न व्यक्तियों को स्वीप आईकन के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि नामित व्यक्तियों में राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा
दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करेंगे। एम आर पाशा को लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव 2024 का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने के बाद उनके शुभचिंतकों में हर्ष का माहोल बना हुआ है। इस मौके पर बोलते हुए राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने कहा की डीएम महोदय और मुख्य विकास अधिकारी का आभार व्यक्त किया और कहा की जो जिम्मेदारी उन्हे मिली है उसका निर्वाह वो पूर्ण निष्ठा से करेंगे और वोट प्रतिशत बढ़ाने और जनता को इसके प्रति जागरूक करने का भरसक प्रयास करेंगे।

# नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम प्रणाली लगेगी, रेल मंत्रालय को अवगत कराया गया था

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम अहमद**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद भविष्य में रेलवे स्टेशन पर अपना कोच ढूंढने के लिए यात्रियों को भटकना नहीं पड़ेगा रेलवे ने स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम प्रणाली को अपनी मंजूरी दे दी है।
आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजें एक पत्र में नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर रेलवे स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम प्रणाली लगाने की मांग करते हुए अवगत कराया था कि यह रेलवे स्टेशन उत्तराखंड का प्रवेश द्वार है और हजारों पैसेंजर तथा टूरिस्ट विभिन्न गाड़ियों से सफर करते हैं वर्तमान में ट्रेन आने से पहले पैसेंजर



इधर-उधर भटकते रहते हैं और वह कभी किसी कर्मचारी से तो कभी किसी कर्मचारी रूम में जाकर अता-पता करते रहते हैं इस वजह से पैसेंजरो, टूरिस्टों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसी परिपेक्ष में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद में तैनात सिंगनल एंड टेलीकॉम विभाग में तैनात सीनियर डीएसटीई अक्षय कुमार ने शिकायत का समाधान करते हुए बताया कि नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम का कार्य भी कराया जाएगा।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय में शनिवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय इतिहास के पन्नो में सम्राट विक्रमादित्य रहा। जिसमें संजय मुख्य वक्ता, प्रभात रंजन दीन मुख्य अतिथि, डॉ0 गिरीश गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की एवं प्राचार्य प्रो0 मंजुला उपाध्याय ने अध्यक्षता की।
एक दिवसीय संगोष्ठी मुख्यवक्ता के रूप मे अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के सह संगठन मंत्री संजय का सम्मान प्राचार्य प्रो0 मंजुला उपाध्याय ने शाल एवं पौधा भेंट करके किया। संजय लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं आपका विचार है कि क्षेत्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति से कई अनुसंधान शेष है। इसके लिए अभी और भी जानकारी संकलित की जानी शेष हैं। राष्ट्र के गौरव के निर्माण मे क्षेत्र विशेष के सामान्य लोगो के योगदान को भी लिपिबद्ध किया जाना चाहिए। विक्रमादित्य पर 962 दिगम्बर जैनो की पुस्तकें उपलब्ध है उन्होंने ने उज्जयिनी में 1964-65 में हुए उत्खनन के रिर्पोट और उज्जैन से 35 किलो मी0 दूर जल के स्त्रोत से उपलब्ध विक्रमादित्य के अभिलेख भी चर्चा की।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात रंजन दीन रहे। जिन्हें प्रोफेसर संगीता शुक्ला, विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ पौधा एवं शाल भेंट करके सम्मान किया। यशप्रिया ने उनका परिचय देते हुए कहा कि प्रभात रंजन दीन ने पटना विष्वविद्यालय से एम.ए किया। उन्होंने महन्त अवैद्यनाथ से अपनी मुलाकात का संस्मरण बताते हुए कहा कि रामजन्म भूमि आन्दोलन राजनीति करने के लिये नहीं है वरन यह सनातनों के दो विभाजित अंगो को सम्बद्ध करने की क्रिया रही है। राजा विक्रमादित्य द्वारा रामजन्म भूमि की तलाश से सम्बन्धित कथा का उल्लेख किया। उन्होंने छात्राओं से अर्जुन के समान जिज्ञासु एवं विद्वान बनने को प्रेरित किया।
डॉ0 गिरीश गुप्ता होमियोपैथी के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति लब्ध



चिकित्सक हैं एवं वर्तमान में नववर्ष चेतना समिति के अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में यह समिति लार्ड मैकाले की शिक्षण पद्धति से उत्पन्न भारतीय मूल्यों के प्रति गहन उदासीनता, आत्महीनता के अपराध-बोध से ग्रस्त भारतीय समाज में अपनी भारतीय



संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन, अपनी गौरवशाली एवं परम वैज्ञानिक युगयुगीन कालजयी शाश्वत कालगणना के आधार पर पृथ्वी माता के जन्म दिवस एवं ब्रह्मा द्वारा सृष्टि रचना के दिवस चैत्र शुक्ल नवरात्रि प्रतिपदा को प्रतिवर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती है।
भारतीय कालगणना पर आधारित नवसंवत्सर के विषय में समाज को जाग्रत करने के निमित्त नव चैतन्य स्मारिका का प्रकाशन करती है। डिग्री तथा तकनीकी महाविद्यालयों में विक्रम संवत की वैज्ञानिकता पर संगोष्ठियों का आयोजन करती है। अध्यक्ष डॉ0 गिरीश गुप्ता ने महाविद्यालय के लाइब्रेरी को नव चैतन्य पत्रिका के 09 अंक तथा सम्राट विक्रमादित्य नामक पुस्तक भेट की।
यह समिति विक्रमादित्य विषय पर संगोष्ठी एवं विमर्श का आयोजन करती है। विषय प्रवर्तन करते हुए प्रो0 संगीता शुक्ला ने बताया कि भारतवर्ष में विक्रमादित्य अत्यन्त प्रसिद्ध दानी, परोपकारी और सर्वांग-सदाचारी राजा हुए है। स्कन्द आदि पुराणों, बृहत्कथा और द्वात्रिंषत्पुत्तलिका, सिंहासनबत्तीसी, कथासरित्सागर, पुरूषपरीक्षा आदि ग्रन्थों में इनका चरित्र वर्णित है।
इस अवसर पर विषम सेमेस्टर में विभाग द्वारा करायी गयी प्रतियोगिताओं की विजेताओं छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या ने धन्यवाद ज्ञापन किया और इतिहास के अनसुलझें बिन्दुओं पर चर्चा करने के लिये मुख्य वक्ता को पुनः महाविद्यालय में पधारने का निवेदन भी किया। कार्यक्रम का अन्त राष्ट्रगान से हुआ। विभाग की प्रवक्ता प्रो0 अम्बिका बाजपेयी एवं डॉ0 आभा पाल ने विशिष्ट अतिथि एवं नववर्ष चेतना के समिति सचिव सुनील अग्रवाल को पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सर्व प्रो0 संगीता कोतवाल, शर्मिता नन्दी, सृष्टि श्रीवास्तव आदि प्रवक्ता सहित अजय सक्सेना, ओमप्रकाश पाण्डेय, अरुण मिश्रा, डॉ0 निवेदिता रस्तोगी और डॉ0 रश्मि श्रीवास्तव आदि सम्मिलत हुए।

# पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण बिसौली बदायूं। त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज आसफपुर में पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। एसडीएम कल्पना जायसवाल व तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला परीक्षा के दौरान केन्द्र पर जमे रहे। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए क्षेत्र में त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। पहली पाली में कुल चार सौ दस और दूसरी पाली में चार सौ पन्द्रह परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान कुल 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। एसडीएम कल्पना जायसवाल व तहसीलदार विजय कुमार ने परीक्षा कक्षों की लगातार कड़ी निगरानी रखी। केन्द्र पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।



# ग्लोबल हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से बांधा समां

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

औरछी बिसौली। ग्लोबल हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विशाल सुसज्जित प्रांगण में बच्चों ने अपनी अदभुत प्रतिभा प्रदर्शित करके कार्यक्रम में समाँ बाँध दिया। इस कार्यक्रम में अतिथि भुवनेश वार्ष्णेय, एड. विनय राज वर्मा, एड. काजलदीप वार्ष्णेय, एवं डा. मनीष गुप्ता ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती की विशाल एवं भव्य प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बच्चों द्वारा गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना की मनोहारी प्रस्तुति करके दर्शकों का मन मोह लिया एवं तालियां बजाने पर विवश कर दिया। इसके बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत की मनोहारी प्रस्तुति करके अतिथियों का मन मोह लिया। मंच पर बच्चों ने लुंगी डांस पर सामूहिक नृत्य करके दर्शकों को तालियां बजाने को विवश किया। इसके बाद बच्चों ने लावणी और कश्मीरी डांस की प्रस्तुति से अपनी नृत्य प्रतिभा का अदभुत प्रदर्शन किया। छोटे-छोटे बच्चों का विभिन्न मिक्स गानों पर प्रस्तुति देखकर दर्शक वाह-वाह कर उठे। तत्पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर निष्काम नंदन ने विद्यालय की प्रगति आख्या एवं विद्यालय के मुख्य आकर्षक बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने बॉलीबुड के रीमिक्स सांग्स पर अपनी नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन किया। कव्वाली का अद्भुत प्रदर्शन एवं गायन से छोटे-छोटे बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया तथा वे देर तक तालियां बजाते रहे। इसके बाद झांसी की रानी नाटक की बच्चों द्वारा अदभुत प्रस्तुति देख दर्शक झूम उठे। तत्पश्चात पुनः गणेश स्तुति की शानदार प्रस्तुति से छोटे-छोटे बच्चों ने समां बांध दिया तथा दर्शक इस पर मुग्ध होकर देर तक तालियां बजाते रहे। स्वच्छ भारत नाटक के माध्यम से छोटे छोटे



बच्चों ने स्वच्छता के प्रति समाज को बड़ा संदेश दिया।शिक्षा विषय पर नाटक प्रस्तुत करके बच्चों ने शिक्षा की बारीकियों को विस्तार से समझाया। इसके बाद बच्चों ने लेजी डांस प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को अभिभूत कर दिया। शिव तांडव प्रदर्शित करके बच्चों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात मूक नाटक के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों ने कई महत्वपूर्ण संदेश दिए। अंत में पुरूस्कार वितरण समारोह के अंतर्गत बच्चों को वर्ष 2022-23 में कक्षा 10 एवं 12 वीं के बच्चों को एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा आकर्षक पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभुता राघव ने किया। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर कौशल नंदन, अध्यक्ष शशि नंदन, धीरज नंदन, प्रतिज्ञा वार्ष्णेय, डायरेक्टर निष्काम नंदन एवं निवेदिता रस्तोगी, अनुराधा शर्मा, केजी गुप्ता के साथ साथ समस्त स्टॉफ उपस्थित

## 160 युवाओं को मिला रोजगार के अवसर

17 फरवरी 2024 लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में डी.डी.यू.जी.के.वाई. योजनान्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोहनलालगंज, ब्लाक-मोहनलालगंज लखनऊ, में वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ ओम प्रकाश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख मोहनलालगंज, लखनऊ द्वारा किया गया। मेले में 11 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 530 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। रोजगार मेले में 160 अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। ब्लाक प्रमुख ने मेले में चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

# प्रथम दिन सकुशल सम्पन्न हुई पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

### अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण**

बदायूँ। जनपद में 17 व 18 फरवरी को हो रही पुलिस आरक्षी पदों पर भर्ती परीक्षाएं को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
इसी क्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के पदों पर लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न क्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली पीसी मीणा, जिलाधिकारी मनोज कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अमित किशोर श्रीवास्तव, अपर



जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, एसडीएम सदर व अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि जनपद में 17 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होती मिली। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक किए। आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की शनिवार व रविवार को दो पालियों में होने वाली परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है। परीक्षा के समय परीक्षा कक्ष और कैम्पस में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए जैमर भी लगाए गये है। सभी अभ्यर्थियों की पहचान पत्र सत्यापन के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए केंद्र पर्यवेक्षक लगाए गए हैं।

## पुलिस आरक्षी पद के लिए हुई परीक्षा में पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

नगीनाः पुलिस आरक्षी पद के लिए हुई परीक्षा में पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा और परीक्षा केदो के आसपास व्यापारियों की दुकानों को बंद कर पुलिस ने विभिन्न चौराहा स्थानो पर पुलिस बल तैनात रहा। नगर में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां पर दोनों पारियों में प्रशासन ने शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न कराई। शनिवार को तीन परीक्षा केदो पर हुई परीक्षा के बारे में बताते हुए केंद्र व्यवस्थापक बृजपाल सिंह व मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार ने बताया कि भर्ती परीक्षा में एम एम इंटर कॉलेज मैं पहली पारी में 480 में से 425 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 22 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में 480 में 467 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी एल आर एस कॉलेज में पहली पारी में 480 में से 474 ने परीक्षा दी। तथा दूसरी पारी में 480 में से 468 पर कार्यो ने परीक्षा दी। हिंदू इंटर कॉलेज नगीना में 384 परीक्षार्थियों में से 374 ने परीक्षा दी तथा दूसरी पाली मैं 384 में से 370 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।
प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, केंद्र व्यवस्थापक बृजपाल सिंह, मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार अलावा हुसैन व अनिल कुमार , शाहिद, आदि प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पारियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराई। परीक्षा को संपन्न कराने में पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी सुनील कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ परीक्षा केदो के आसपास मौजूद रहे। नगर के विभिन्न चौराहा तथा मुख्य स्थान पर भी पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी तथा परीक्षा केदो के आसपास सभी व्यापारियों की दुकान भी बंद कर दी गई थी। जिससे परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो व अराजक तत्व भी परीक्षा केदो के आसपास में जाएं। सभी परीक्षा केदो पर सभी परीक्षा पर परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई गई।

## तीन मवेसी तस्करों को सुसंगत धाराओं मे जेल

**प्रदीप बच्चन (ब्यूरो बलिया यूपी)**
**दैनिक समय जागरण**

थाना-नगरा अंतर्गत-सलेमपुर, मझोवा मोड पर मुखबीर के सूचना



के आधार पर, गौवंश के लिए ले जा रहे तीन गौ तस्करों मे थाना-रसड़ा अंर्तगत -ग्राम -सराय भारती (धनाईपुर) के ओम प्रकाश यादव,ग्राम-देवसलपुर के गुलाबचंद भारती, तथा ग्राम-अमहर उत्तर पट्टी सरया के जय किशुन राम को नगरा थानाध्यक्ष-अतुल कुमार मिश्रा के दिशानिर्देश मे पुलिस टीम मे एस आई-राकेश सिंह,हेड कांस्टेबल-सत्यनारायण यादव तथा सिपाही-दुर्गेश पासवान द्वारा गौ तस्करों को गिरफ्तार कर,सुसंगत धाराओं मे पाबंद कर चालान के साथ न्यायालय भेज दिया गया।और सभी मवेशियों को ग्रामीणों को सौप दिया गया।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शिविर का आयोजन 21 से 24 फरवरी तक

**प्रदीप बच्चन (ब्यूरो चीफ बलिया यूपी)**

दैनिक समाज जागरण जनपद -बलिया के सभी विकास खण्ड मे लगाए जायेंगे दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर।कहना है मुख्य विकास अधिकारी - ओजस्वी राज का। श्री राज ने बताया कि "दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग"द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण जैसे ट्राई साइकिल,बैशाखी, कान की मशीन,व्हील चेयर इत्यादि 17 विकास खण्डों मे दिनांक -21 फरवरी से 24 फरवरी तक, प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया है" ।उन्होंने आगे बताया कि "आवेदक की दिव्यांगता -40%या उससे अधिक होनी चाहिए और,मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र, यू डी आई कार्ड की छाया प्रति,आवेदक की वार्षिक आय -46080(ग्रामीण क्षेत्र) और शहरी



क्षेत्र के लिए आय -56460 से अधिक नहीं होनी चाहिए।आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र,निवास प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, दिव्यांग पेंशन हेतु(ग्राम पंचायत/ग्राम सभा) द्वारा निर्गत प्रस्ताव पत्र के साथ एक पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो साथ मे लाना अनिवार्य है।मुख्य विकास अधिकारी - श्री ओजस्वी राज ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि "अलग/अलग ब्लाकों पर अलग/अलग तिथियों मे दिव्यांग पहुंचें।
जैसे -21 फरवरी को विकास खण्ड -बैरिया, मुरली छपरा, रसड़ा तथा नगरा,22 फरवरी को विकास खण्ड -नवानगर, पंदह, चिलकहर व सीयर,23 फरवरी को विकास खण्ड -मनियर, बेरूवारबरी, बांसडीह, रेवती,और 24 फरवरी को विकास खण्ड -गडवार, सोहाव, हनुमानगंज, दुबहड, बेलहरी"।
इस शिविर में दिव्यांग पेंशन/कुष्ठावस्था पेंशन,योजना में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना,शल्य चिकित्सा योजना,शादी विवाह पुरस्कार योजना से लाभान्वित होंगे दिव्यांग।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक नौ वर्षीय बालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

नगीना : दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक नौ वर्षीय बालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलो को एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।
मौ मकबरान नजीबाबाद निवासी हसीनुददीन पुत्र पीरबख्श बाइक से धामपुर की ओर से आ रहा था जब वह नेशनल हाईवे 74 स्थित ग्राम पुरैनी के निकट पहुंचा तभी पीछे से आ रहे प्रेस लिखी कार चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे हसीनुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर 1033 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचा सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद घायल को अपने साथ नजीबाबाद ले गए ले। उधर थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया के दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है तहरीर आने पर कार्यवाही की जाएगी।
उधर सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम काजीपुर इम्मा निवास निवासी नौशाद अहमद 55 वर्ष अपनी पत्नी अकलीमा बानो 50 वर्ष सुबह 9 वर्षीय पुत्र आहद अहमद को बाइक द्वारा नगीना की ओर से अपने गांव जा रहा था जब वह नगीना बुन्दकी मार्ग स्थित मुरारका पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचा तभी बाइक से अपने ससुराल ग्राम नानकार जा रहे किरतपुर निवासी ज्ञानचंद 30 वर्ष पुत्र ओंमकार दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नगीना सीएचसी पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया । घटना से घायलों के पारियों में कोहराम मचा है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी पर,लगाए जा रहे हैं कई गम्भीर आरोप,कर रहे हैं स्थानांतरण की मांग

प्रदीप बच्चन (ब्यूरो बलिया यूपी)

दैनिक समाज जागरण प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकास खण्ड -बैरिया के ग्राम पंचायत अधिकारी -मुकेश सिंह के उपर इस ब्लॉक के अंतर्गत,तमाम ग्राम प्रधानों ने गम्भीर आरोप लगाया है।
बताया जाता है कि विकास खण्ड -बैरिया के लगभग-30 ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी के संबोधित शिकायत पत्र को,ब्लॉक-बैरिया के विकास खण्ड अधिकारी-सत्य प्रकाश सिंह को,यह कहते हुए सौप दिया है कि "ग्राम पंचायत अधिकारी -मुकेश सिंह को अविलंब स्थानांतरित किया जाय।क्योंकि इनकी वजह से,पंचायतों में विकास कार्य बाधित हुआ है" ।वहीं विकास



खण्ड अधिकारी-सत्य प्रकाश सिंह ने गहन से जांच करने के लिए,शिकायत पत्र को, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सौप दिया है।बताया जाता है कि शिकायतकर्ता ग्राम प्रधानों मे, ग्राम -(मधुबनी) की ममता देवी,(दुर्जनपुर)की रुमा देवी,(गंगापुर)की प्रभावती देवी,(चांदपुर)की आशा देवी,(नवकागांव)का रवि प्रताप सिंह,(श्रीकांतपुर)का अरुणा यादव,(टेंगरही)का रेशर सिंह के साथ ही लगभग 30 ग्राम प्रधानों ने ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत अधिकारी -मुकेश सिंह को स्थानांतरित करने की मांग की है।अब देखना यह है कि ग्राम प्रधानों की इस शिकायत पर,आला अधिकारी द्वारा,ग्राम पंचायत अधिकारी को हटाया जाता है या नहीं।

# पुलिस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को सकुशल, सुचिता पूर्ण, शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी श्रीमती सी.इंदुमती ने राजकीय इण्टर कॉलेज, ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय शांतिनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों से सीसीटीवी कैमरा, डीबीआर कंट्रोल रूम, प्रश्न पत्र कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, फर्नीचर, शौचालय, परीक्षार्थियों का सीटिंग प्लान आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष बने नागेंद्र गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले में अखिल भारत हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की है आपको बता दें कि इसी क्रम में फतेहपुर जिले में संगठन का जिला अध्यक्ष नागेंद्र कुमार गुप्ता भूतपूर्व सैनिक को नियुक्त किया है संगठन के शीर्ष नेतृत्व की ओर से निर्देशित किया गया है की सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपनी अपनी कार्यकारिणी का तत्काल प्रभाव से गठन कर एक माह के अंदर शपथ ग्रहण करें आपको बता दे की जिला अध्यक्ष बनने पर नागेंद्र कुमार गुप्ता के समर्थकों ने खुशी जाहिर की है और नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि हिंदुत्व को लेकर उनका संगठन सदैव आगे रहेगा वही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा



# चांदपुर थाना पुलिस ने 5 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान के क्रम में दिनांक




17.02.2024 को थाना चांदपुर से उ0नि0 प्रवीण कुमार दुबे मय हमराह फोर्स द्वारा 05 नफर अभियुक्त प्रथम पक्ष मधुरम पटेल पुत्र जसवंत पटेल नि0 गौरा थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 21 वर्ष व शिवम पटेल पुत्र योगेन्द्र पटेल उम्र करीब 20 वर्ष तथा पियूष पटेल पुत्र रमेश पटेल उम्र करीब 20 वर्ष निवासी गण भद्दूपुर मजरे गौरा थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर व द्वितीय पक्ष गोरेलाल कुशवाहा पुत्र रामचन्द्र कुशवाहा उम्र करीब 20 वर्ष व पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र सिकन्दर कुशवाहा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी गण कछेउरा मजरे मेहंदिया थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर अन्तर्गत 151/107/116 सीआरपीसी मे गिरफ्तार कर पेश करने एसडीएम बिन्दकी के समक्ष रवाना किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को होगा किसान दिवस का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी श्रीमती सी.इंदुमती की अध्यक्षता में माह फरवरी-2024 का "किसान दिवस' 21 फरवरी, 2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक विकास भवन सभागार में आयोजित किया जायेगा, किसान दिवस के साथ कृषक उत्पादक संगठनों की जनपद स्तरीय मानिटरिंग समिति की बैठक भी आयोजित की जायेगी, जिसमें जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी/प्रबन्ध निदेशक/निदेशकों के द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों/ विशेषज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी तथा कृषकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण कर आरक्षी पुलिस परीक्षा का लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। दिनांक 17 व 18 फरवरी 2024 को होने वाली उ0प्र0 आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा- 2023 के दृष्टिगत आज दिनांक 17.02.2024 को



आयोजित परीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फतेहपुर द्वारा जनपद से सम्बन्धित परीक्षा केंद्र का भ्रमण/निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे अधि0/कर्मचारीगणों को उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की गाइडलाइन के अनुरुप आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे व जैमर आदि की गुणवत्ता एवं क्रियाशीलता को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# न्यायालय ने अभियुक्त को 2 वर्ष की सुनाई सजा, 3000 रुपए का लगाया आर्थिक दंड

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय द्वारा चलाये गये विशेष अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत पोर्टल पर चिन्हित अभियोग में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के कुशल पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर (नोडल अधिकारी) के कुशल नेतृत्व में प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दिनांक 17.02.2024 को मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0- 01 जनपद-फतेहपुर द्वारा थाना- चाँदपुर, जनपद- फतेहपुर में पंजीकृत अभियोग एसटी नं0- 405/2016, मु0अ0सं0-01/2016, धारा- 308/324 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त- रामचन्द्र पुत्र भगवानदीन, नि0- भगलापुर, थाना- चाँदपुर, जनपद- फतेहपुर को धारा- 324 भादवि के अन्तर्गत 02 वर्ष का कारावास व 3,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड अदा न करने पर 03 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा।

**पुलिस टीम-**

1- निरीक्षक श्री महेन्द्र सिंह, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल, फतेहपुर।
2- मु0आ0 हंसराज सिंह, 3- म0का0 शिप्रा पाठक,
4- का0 रोहित राजावत, 5- का0 जितेन्द्र सिंह,
6- का0 विवेक कुमार, मॉनीटरिंग सेल, जनपद- फतेहपुर।
7. विवेचक-उ0नि0 नरेन्द्र प्रताप सिंह
8. पैरोकार- मु0आ0 सतेन्द्र सिंह, थाना- चाँदपुर।
9. कोर्ट मुहर्रिर- म0का0 रुचि शुक्ला,
10. अभियोजक- श्रीमती कल्पना पाण्डेय, जनपद- फतेहपुर।

# बिजली चोरी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर किया कार्रवाई की मांग !

**जिले के जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनवल का मामला।**

**शिकायतकर्ता का आरोप मृतक पिता के नाम से लगे विद्युत कनेक्शन की सुविधा का 14 वर्षों से उपभोग कर रहा है आरोपी।**

**आये दिन सुर्खियों में रहता है पावर हाउस नगरा फीडर सनई**



सिद्धार्थनगर। जनपद के जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनवल निवासी घनश्याम पाण्डेय ने मुख्यमंत्री जिला अधिकारी व उप खण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड जनपद सिद्धार्थनगर को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। दिए गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता घनश्याम पाण्डेय का कथन है कि करीब 14 वर्ष पूर्व ही उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है तभी से उनका बड़ा भाई पवन कुमार पाण्डेय जो कि पिता के स्थान पर मृतक आश्रित कोटे से संग्रह अनुसेवक के पद पर नौगढ़ तहसील में कार्य कर रहा है। पवन कुमार पाण्डेय कहता है कि मेरा पहुंच उप जिलाधिकारी नौगढ़ व जिला अधिकारी सिद्धार्थनगर से है। मेरा कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ पायेगा। क्योंकि मीटिंग में सब अधिकारी मुझे बुलाते हैं। आरोपी पवन कुमार पाण्डेय मृतक पिता के नाम से लगे विद्युत कनेक्शन का नाजायज तरीके से उपभोग कर रहा है। फ्रिज कूलर हीटर वाशिंग मशीन इलेक्ट्रॉनिक इनवर्टर स्टेबलाइजर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक यान्त्रों का प्रयोग कर रहा है। इतना ही नहीं शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता घनश्याम पाण्डेय का यह भी आरोप है कि उक्त विद्युत कनेक्शन में मीटर भी नहीं लगा है। इसी का नाजायज फायदा उठाकर आरोपी पवन कुमार पाण्डेय बिजली चोरी की गंभीर घटना को खुलेआम अंजाम दे रहा है। और उल्टे शिकायतकर्ता को विद्युत चोरी के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दे रहा है। जब कि शिकायतकर्ता महाराजगंज जनपद के कोल्हुई बाजार में रोजी-रोटी के सिलसिले में रहता है। बताते चलें कि ग्राम सोनवल, पावर हाउस नगरा फीडर सनई के अन्तर्गत आता है। इस संबंध में एसडीओ विद्युत विभाग योगेश बघेल व जेई सुबाष गुप्ता का कहना है कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है समय मिलने पर जांच किया जाएगा। फिलहाल बिजली चोरी के प्रति विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जिस तरह से उदासीन बने हुए हैं यह अपने आप में बेहद शर्मनाक है।

# जिला अस्पताल के कंडम सामान स्टोर से चार बैटरी और दो पंखा चोरी।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल में चोरी की घटनाएं रुकने में नहीं आ रही है जबकि सुरक्षा गाड्र्स और पुलिस की ड्यूटी भी रहती है।
शुक्रवार की आधी रात बाद जिला अस्पताल परिसर स्थित कंडम सामान स्टोर से अज्ञात चोर चार बैटरी और दो पंखे चोरी कर ले गए चोरी की घटना की जानकारी शनिवार की प्रातः अधिकारियों को हुई सूचना पुलिस को दी जिला अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि संभवत कंडम स्टोर में बने रोशनदान से चोरी हुए हैं। पुलिस को सूचना दे दी गई है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गौरतलब है जिला अस्पताल के कमरा नंबर 36 से कुछ माह पूर्व अज्ञात चोर दो ए सी चोरी कर ले गए थे जिसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गई थी परंतु ऐसी आज तक बरामद नहीं हो सके पुलिस चोरों का भी आज तक पता नहीं लगा सकी है इसके अलावा बाइक और साइकिल चोरी की घटनाएं तो आम है। जबकि चिकित्सालय परिसर में चार गेट हैं गेट नंबर 1 पूर्णतया बंद रहता है गेट नंबर 2 चिकित्सालय के समय पर खुलता है बाद में खिड़की आधी खोल दी जाती है गेट नंबर 3 शाम 6:00 बजे से लेकर प्रात तक पूर्णतह बंद रहता है। गेट नंबर 4 मात्र खुला रहता है इसके अलावा पुलिस और सुरक्षा गार्ड भी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं इसके बावजूद भी चोरी की घटनाओ पर सवालिया निशान खड़ा होता है।



# श्रीराम काव्य गोष्ठी में कवियों ने बांधा समा।

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। वसंत पर्व के उलक्ष्य में शब्दम् द्वारा श्रीराम काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्कृति भवन सभागार में किया गया। इस काव्य गोष्ठी में उत्तम सिंह ह्यउत्तमह्ण, सत्यदेव पाण्डेय व अपराजिता सिंह ह्यश्रेयाह्ण द्वारा श्रीराम पर काव्य रचनाओं को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मंजर उलवासे द्वारा संस्था शब्दम् तथा आमंत्रित कवियों का परिचय दिया। गीतिका बजाज की मुम्बई से भेजी गई कविता को सभागार में पढ़कर सुनाया गया। शब्दम् अध्यक्ष किरण बजाज द्वारा मुम्बई से भेजे गए संदेश में उन्होंने कहा बसंत तब ही सुंदर होगा, जब पर्यावरण सुंदर होगा।
कवि उत्तम सिंह उत्तम ने अपनी रचना गुनगुनी धूप धारो धरा ने नवीन रूप पहनी पीत सरसों की शाटिका सुहाई है से सभी श्राताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सत्यदेव पाण्डेय की कविता ह्यजीवन एक अवूझ पहेली, कोई मर्म नहीं जाना। सत्यदेव को ह्यसत्यह्ण बताना अच्छा लगता है। कवयित्री अपराजिता सिंह ह्यश्रेयाह्ण की रचना ह्यराम-राम अभिवादन करते, हिंदू की पहचान यही है। यहाँ राम का जन्म हुआ था, पूरा हिंदुस्तान यही हैह्ण की प्रस्तुति ने सभागार में उपस्थित श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। संचालन व्यंग्यकार अरविन्द तिवारी ने और धन्यवाद ज्ञापन मंजर उलवासै ने दिया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश बेवरिया, शिवरतन सिंह, रमेश चन्द्र गुप्ता, आर.एन. यादव, उदयवीर शर्मा, आर.के. बंसल, रत्नेश कुलश्रेष्ठ, मयंक गर्ग, मीनू यादव, आलोक अर्श, शिवनाथ सिंह, राजेश गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, विनीता यादव, मधु शुक्ला, मयंक गर्ग, मुकेश कुलश्रेष्ठ, एन.पी. यादव, विपिन कुमारी, कीर्ति शुक्ला, प्रवेश कुमार सहित अनेक काव्यप्रेमी उपस्थित रहे।




# उद्यमशीलता जीवन का एक आवश्यक अंग है - अमित

**जेएस विश्वविद्यालय में उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम विकसित भारत हुआ संपन्न।**

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। जेएस विश्वविद्यालय में उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित आसेरी नगर आयुक्त नगर निगम अलीगढ एवं मुख्य अतिथि वीके सिंह आईएफएस रहे।
कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अमित आसेरी ने शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं से कहा कि उद्यमशीलता जीवन का एक आवश्यक अंग है। वीके सिंह ने कहा कि भारत का गौरवमयी इतिहास अपने पुरातन काल से ही कला कौशल, शिल्पकारिता एवं उद्यमीय दक्षता से ओतप्रेत रहा है। कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव ने कहा कि किसी भी देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में उद्यमिता का निर्णायक एवं महत्वपूर्ण योगदान होता है। उद्यमीय प्रवृत्तियों के कारण ही देश के संसाधनों व आय सम्पदा की उपलब्धता, संसाधनों को उत्पादन कार्यों में लगाना, नयी तकनीक, नयी प्राविधियों एवं नये दृष्टिकोणों को राष्ट्रहित में काम में लेना एवं साहसिक निर्णयों द्वारा सृजनशीलता एवं क्रियात्मकता का निर्माण किया जाना संभव होता है। महानिदेशक डॉ. गौरव यादव ने प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता प्रदान करने संबंधी योजना के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव, प्रतिकुलाधिपति डॉ.पीएस यादव, मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक यादव ने अतिथियों का स्वागत किया और महानिदेशक डॉ. गौरव यादव ने परिचय कराया।

# एकारी गाँव के विद्यालय में वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर,, हसवा विकास खंड क्षेत्र के अन्तर्गत एकारी गाँव के श्री महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज में वर्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें एक दर्जन से अधिक छात्र और छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर अपना जलवा बिखेरा। 2023 में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया।श्री महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि जिला शासकीय अधिवक्ता शत्रुघ्न सिन्ह यादव ने दीप प्रज्वलित किया। प्रबंधक नरेंद्र कुमार प्रजापति भी रहे। सबसे पहले सरस्वती वंदना का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत, कव्वाली, बाल विवाह नाटक, राम सिया राम डांस, जैसी करनी वैसी भरनी समेत अनेकों कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। लोगों ने जमकर तालियां बजाई और बच्चों का उत्साह वर्धन करते रहे।तालियों से विद्यालय प्रांगण गूंजता रहा। मार्मिक प्रस्तुति देख लोग भावविभोर हो गये।कार्यक्रम में 2023 में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में प्रथम आए छात्रों को प्रशिस्तपत्र व मेडल दिया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधक नरेंद्र कुमार प्रजापति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है गांव में ऐसे बहुत से छात्र हैं जिनको सही प्लेटफॉर्म मिलने पर बहुत ऊंची स्तर तक जा सकते हैं। सरफराज हुसैन, सर्वेश, राजेश साहू ग्राम प्रधान कमल साहू, श्वेता, सलोनी, मुस्कान, मुकेश, संतोष, अरविंद आदि रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की ड्यूटी पर जा रहे दो पुलिसकर्मी कार की टक्कर घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर, जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 के बिलंदा बाईपास पर शनिवार को सुबह तेज रफ्तार कार ने पुलिस भर्ती की ड्यूटी के लिए खागा कोतवाली से बाइक पर बैठकर दो सिपाहियों को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल अवस्था में दोनों सिपाहियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।
जानकारी के अनुसार उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ उ०प्र० द्वारा सीधी भर्ती पुरूष एवं महिलाओं के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस के रिक्त पदों पर भर्ती की लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी को होनी है। परीक्षा केंद्र में ड्यूटी करने खागा कोतवाली में तैनात सुबोध और बंटी दोनो बाइक पर सवार होकर परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी करने के लिए निकले थे। जब उनकी बाइक थरियांव थाना क्षेत्र के बिलंदा नेशनल हाइवे 2 पर पहुंचीं। तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सिपाही सड़क पर दूर जा गिरे। दोनों ही सिपाहियों के सिर पर गंभीर चोट आ गई। घटना की सूचना स्थानीय हसवा पुलिस चौकी इंचार्ज दिनेश शुक्ला मौके पर पहुंचे। और घायलो को सरकारी 108 एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल पहुंचवाया। जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में दोनो का इलाज किया जा रहा है। वहीं हादसे के बाद घटना करने वाली गाड़ी का ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।



# 26 परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया निरीक्षण।

**दैनिक समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शनिवार को जनपद के 26 परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, सूचिता, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार व एसएसपी सौरभ दीक्षित ने इस्लामियां इंण्टर कॉलेज, कमला देवी इण्टर कॉलेज, एस आर ज्ञान सरोवर इण्टर कॉलेज, डीएवी इण्टर कॉलेज, एस०आर०के० इण्टर कॉलेज, दाऊदयाल आदि विद्यालयों में कक्षवार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की तलाशी, बायोमेट्रिक सत्यापन करने के उपरांत ही प्रवेश कराया जाना पाया गया। कक्ष में जाकर जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा अभ्यर्थियों से जानकारी लेते हुए उनका मनोबल भी बढ़ाया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान दोनो अधिकारियों ने निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा उपकरणों आदि का गहनता से जांच की और केन्द्र व्यवस्थापक को दिए गए निर्देशों का कडाई से पालन करने को कहा। उन्होने बताया कि केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। निरीक्षण के समय केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्टेज्ट सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे।



# किशोरी को ले जाने के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना जसराना किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।
थाना जसराना के एक गांव निवासी किशोरी को थाना जसराना के गांव सायपुर कलां निवासी युवक राजेंद्र सिंह बहला फुसलाकर भगा ले गया। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने किशोरी और युवक को बरामद कर लिया। किशोरी के बयानों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने कहा किशोरी को ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा है।



# मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में शीघ्र शुरू होगी लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की सुविधा

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से जुड़े जिला अस्पताल में शीघ्र एलएमओ की सुविधा मरीजों को उपलब्ध होने लगेगी। शीघ्र 200 बेड के वार्ड में पाइप लाइन डालने का काम शुरू करने की तैयारी हो रही है। लाखों रुपए महीने की बचत भी होगी।
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से जुड़े जिला अस्पताल में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की सप्लाई शीघ्र शुरू हो जाएगी। 200 बेड के अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन डालने की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है।
पाइपलाइन पूरी होने के बाद जिला अस्पताल में बनाए गए कैप्सूल से लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की सप्लाई शुरू हो जाएगी।
पाइप लाइन सौ सैया अस्पताल में भी डाली जाएगी। इससे दोनों जगह लिक्विड ऑक्सीजन की सप्लाई होने लगेगी। पाइपलाइन डालने को दिल्ली की एक कंपनी को ठेका दिया गया है। लिक्विड ऑक्सीजन सप्लाई के लिए भी ठेका उठा दिया गया है। वह कंपनी अस्पताल को ऑक्सीजन सप्लाई करेगी।
लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की सप्लाई शुरू होने से बाहर से रिफिल होकर आ रहे ऑक्सीजन पर काफी स्तर तक कमी आएगी।
इस समय प्रतिदिन 70 से 80 सिलेंडर रिफिल होकर आते हैं। एक सिलेंडर की रिफलिंग लगभग 190 रुपए लागत आती है। जिस साल भर में लाखों रुपया व्यय करना पड़ता है।
लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन शुरू होने के बाद बाहर से सिलेंडर रिफलिंग ने काफी हद तक कमी आएगी। जिससे अस्पताल को लाखों रुपए की बचत हो सकेगी।



# महंगी दवाइयां चोरी कर बेचने वाले को पकड़ किया पुलिस के हवाले

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ**

कृष्णानगर थाना क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी सेक्टर - बी बाराबिरवा में स्थित सुपर स्पैशलिटी अपोलो मेडिक्स अस्पताल की जाँच टीम अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से अस्पताल में सफाई का कार्य करने वाली निजी कंपनी में कार्यरत सफाई कर्मी को अस्पताल के फामेर्सी एवं स्टोर से महंगी दवाइयां चोरी कर बाहर विक्री करने के आरोप में पकड़कर स्थानीय कृष्णानगर पुलिस के हवाले कर लिखित शिकायत दी।असपताल प्रशासन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाई में जुटी है।
कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दुबे ने मामले की जानकारी देते बताया कि एलडीए कॉलोनी सेक्टर - बी बाराबिरवा में संचालित अपोलो मेडिक्स अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंह पुत्र स्व० प्रकाश चंद्र ने अस्पताल परिसर में स्थित फामेर्सी एंड स्टोर से बीते कई माह से दवाइयां चोरी हो रही थी। फामेर्सी के मैनेजर आकाश चौधरी ने दवाइयों के गायब होने की शिकायत अस्पताल प्रशासन से की थी। फामेर्सी मैनेजर की शिकायत पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला

# आर एस कान्वेंट स्कूल में भव्य विदाई समारोह का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**




आर एस कॉन्वेंट स्कूल बाराचवर के सभागार में शनिवार के दिन 10वीं और 12वीं के निवर्तमान कक्षाओं के लिए एक भव विदाई समारोह का आयोजन कक्षा 9वीं और कक्षा11वीं छात्र-छात्राओं द्वारा बेहद उत्साह के साथ किया गया।मेजबान काजल तिवारी और सिधू विश्वकर्मा के नेतृत्व में, यह कार्यक्रम खुशी के क्षणों की एक श्रृंखला के साथ शुरू हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य अर्जुनराम पाल की ओर से निवर्तमान छात्रों एवं छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाओं के साथ समारोह शुरू हुआ। कक्षा 12 के छात्रों के लिए एक आनंदमय फोटो सत्र शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने विदाई केक काटते हुए पुरानी यादों को कैद किया और विभिन्न मीठे व्यंजनो का लुफ्त लिए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक विविध कार्यक्रम था जिसमें चिट फंड, मिमिक्री, नृत्य प्रदर्शन और अन्य मनोरंजक कार्यक्रम शामिल थे। छात्रों की प्रतिभा का प्रदर्शन. उत्सव एक और मनोरम फोटो सत्र के साथ जारी रहा, जिसमें इस बार कक्षा 10 के छात्रों के साथ-साथ स्कूल के प्रबंधक यशवंत सिंह प्रधानाचार्य अर्जुन रामपाल, समन्वयक अरुण शर्मा और समर्पित शिक्षण स्टाफ भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक यशवन्त सिंह ने अपना विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं से कहा के सही समर्थन के साथ, वे भारत को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे और विभिन्न क्षेत्रों में देश को सम्मान दिलाएंगे एवं अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे।आगे उन्होंने परीक्षा पर चर्चा करते हुए कहा की परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र को एक दो बार बारिकी से पढ़ना चाहिए तथा सबसे पहले जो प्रश्न आ रहा है उसको हल करना चाहिए तथा कठिन प्रश्नो को बाद में हल करना चाहिए तथा परीक्षा पुरे मनोयोग से देकर अच्छे अंकों के साथ परीक्षा को पास करना है।यह समारोह स्कूल समुदाय पर स्थायी प्रभाव छोड़ते हुए एक शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर जौनपुर पुलिस ने 5 लोगों को किया गिरफ्तार

**अभ्यर्थियों से 6 से 8 लाख रुपए लेने की बात किये थे गिरफ्तार लोग**

**अपराधियों के पास से परीक्षार्थियों के 4 प्रवेश पत्र, 6 मोबाइल, 2 चेक बुक, एक क्रास चेक एवं स्कार्पियो बरामद**



**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में जनपद में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन कराने के संबंध तथा परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली रोकने के लिये तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता बनाये रखने हेतु जनपद के सर्विलांस, एसओजी, साइबर सेल, अभिसूचना इकाई द्वारा लगातार सूचना संकलित करते हुये सोशल मीडिया सेल द्वारा सतर्क दृष्टि बनाये रखी जा रही है। इसी क्रम में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिल गयी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सूचना मिली कि पुलिस भर्ती परीक्षा में कुछ लोग सक्रिय हैं जो उ0प्र0 पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने का झांसा देकर वसूली करने एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धनार्जन कर रहा हैं तथा निर्धारित एडवांस वसूलने की फिराक में हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने बताया कि आलोक यादव निवासी सिंगरामऊ गिरोह का सरगना है। अनुराग सिंह व मनीष सिंह लड़कों को परीक्षा पास कराने के लिये अनुचित साधन उपलब्ध कराते हैं तथा पैसे का लेन–देन पेटीएम, चेक सहित अन्य माध्यम तथा प्रवेश पत्र, मार्कशीट अन्य कागजात को लड़कों से लेकर इकठ्ठा करते हैं तथा आलोक यादव को उपलब्ध कराते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अनुराग सिंह पुत्र अंश सिंह निवासी थलोई थाना मछलीशहर, मनीष सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी उपरोक्त, मयंक सिंह पुत्र श्याम सुन्दर सिंह निवासी खागोपुर थाना मछलीशहर, (अभ्यर्थी), अभिषेक सिंह पुत्र अंश सिंह निवासी थलोई थाना मछलीशहर (अभ्यर्थी) एवं सूरज कुमार पुत्र भवरनाथ निवासी नोरपुर थाना मछलीशहर (ड्राइवर) हैं। वहीं एक अभियुक्त फरार हो गया जिसका नाम आलोक यादव पुत्र अज्ञात निवासी सिंगरामऊ है जो सरगना बताया जा रहा है। फिलहाल उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार 4 प्रवेश पत्र, 6 मोबाइल, 2 चेक बुक, 1 क्रास चेक व एक स्कार्पियो बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी को चालान न्यायालय भेज दिया।

# ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन 19 फरवरी को

## ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का होगा सजीव प्रसारण

**रिर्पोट जावेद आरिफ**

रायबरेली। राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष माह-फरवरी, 2023 में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन किया गया था। जिसमें 27000 से अधिक निवेश प्रस्ताव एम०ओ०यू० प्राप्त हुए, जिसमें 38.78 लाख करोड़ से अधिक का निवेश तथा 1.12 करोड़ रोजगार निहित हैं। इन प्रस्तावों एम०ओ०यूज को धरातल पर लाने की कार्यवाही विभागों द्वारा की जा रही है।इसी क्रम में 19 फरवरी 2024 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का लखनऊ में मा0 प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में 14000 से अधिक एम०ओ०यू० जिसमें रुपये 10. लाख करोड़ का निवेश शामिल है तथा 33.50 लाख रोजगार निहित है, उन्हें शामिल किया गया है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जानकारी देते हुए कहा कि शासन के निदेर्शानुसार 19 फरवरी को जनपद मुख्यालय के सेंट पीटर्स स्कूल के पास स्थित अलंकर्ता रिजॉर्ट छजलापुर पर ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जनपद के मंत्री, सांसदगण तथा विधायकगण एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों को तथा जनता को आमंत्रित किया जाए। इस कार्यक्रम में प्राप्त एम०ओ०यूज में जनपद के लिए जो रुपये 10. करोड़ के निवेश लागत से कम के प्रस्ताव हैं तथा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं, उन्हें शामिल किया जाए। लखनऊ में हो रहे आयोजन का सीधा प्रसारण भी देखा जा सकेगा। जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर निवेशकों एवं उद्यमियों का ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा कि जनपद में 19 फरवरी, को जनपद स्तरीय निवेश कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त मा0 सांसदगण एवं मा0 विधायकगण, प्रतिष्ठित उद्यमियों निवेशों उद्योगपतियों औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा निवेश से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के उद्घाटन एवं समापन समारोह के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सूचना विभाग द्वारा सुनिश्चित की जायेगी तथा जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में इस प्रसारण के प्रदर्शन की व्यवस्था करा ली जाए।

# रेल पहिया कारखाने के महाप्रबंधक सदानंद सरकार के साथ भाजपा नेता अजय अग्रवाल व क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव

**रायबरेली की रेल पहिया फैक्ट्री का उच्चीकरण जल्द से जल्द हो - अजय अग्रवाल रेल पहिया फैक्ट्री को इस्पात मंत्रालय से रेल मंत्रालय के अधीन किया जाना चाहिए झ अजय अग्रवाल**



**रिर्पोट जावेद आरिफ**

लालगंज रायबरेली। के लालगंज स्थित विश्व की अत्याधुनिक रेल पहिया फैक्ट्री का उच्चीकरण कर उसको दुगनी कैपेसिटी पर उत्पादन शुरू करना चाहिए तथा इस फैक्ट्री को जल्द से जल्द केंद्रीय इस्पात मंत्रालय से हटाकर केंद्रीय रेल मंत्रालय के अधीन किया जाना चाहिए यह बात आज भाजपा नेता तथा सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने रायबरेली के लालगंज स्थित रेल पहिया फैक्ट्री का भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिल्ली यादव के साथ भ्रमण करने के उपरांत रेल मंत्री को लिखे अपने पत्र में कही है भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने आज रायबरेली के लालगंज स्थित रेल पहिया फैक्ट्री का भ्रमण किया तथा इसके महाप्रबंधक सदानन्द सरकार से भेंट की तथा इस फैक्ट्री के संबंध में विस्तृत चर्चा की भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने यह पाया कि यह कारखाना जो कि 2013-14 में 1683 करोड़ का बनना था वह 2022 में 2280 करोड रुपए लगाकर पूरा किया गया 37 एकड़ के प्रांगण में फैला हुआ यह कारखाना प्रोपेन नाम की फ्यूल गैस पर चलता है और इसे विदेशी कंपनी एसएमएस ग्रुप ने स्थापित किया है और यह पूरी तरीके से स्वचालित कारखाना है और विश्व का सबसे अत्याधुनिक पहिया कारखाना है ' इसमें अभी एक लाख पहिए प्रतिवर्ष बनाने की क्षमता है जो कि बहुत जल्द दो लाख तक की जा सकती है भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि अगर इसकी उत्पादन क्षमता 2 लाख कर दी जाती है जो कि जल्दी ही हो सकती है तब इसमें काफी और लोगों को रोजगार मिलेगा और साथ ही साथ उक्त फैक्ट्री को भी काफी लाभ होगा भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में आज ही केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा है और वह जल्द उनसे मिलकर उनकी इन मांगों पर तुरन्त निर्णय लेने का अनुरोध करेंगे भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि सोनिया गाँधी ने केवल रेल पहिया फैक्ट्री की घोषणा की थी और जमीन अधिग्रहण से लेकर करीब तेइस सौ करोड़ की फैक्ट्री लगाने की कवायद यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा सरकार ने की है

# प्राथमिक विद्यालय को अध्यापकों ने मॉडल विद्यालय के रूप में किया विकसित : अमरदीप जायसवाल

## अनुष्का, किंजल और शिवानी ने प्रतियोगिता में बनाया रिकार्ड

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**



खेतासराय, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गोरारी का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शाहगंज ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि बड़े गर्व की बात है। शाहगंज ब्लाक में यह विद्यालय एक मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित हो चुका है। विद्यालय परिवार की मेहनत का परिणाम है कि यहां के बच्चे हर क्षेत्र में आगे हैं और कई पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। छात्रों की यहां अधिक उपस्थिति प्रधानाध्यापक डॉ शिवानी मौर्य द्वारा किया जा रहा नवाचार खुद अपने आप में एक अनूठी मिसाल है। छात्रों ने लोक नृत्य, स्वागत गान, कव्वाली हास्य व्यंग, एकांकी नाटक समेत कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय की ओर से कला प्रतियोगिता, कविता पाठ, दौड़, गणित दौड़ समेत कई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जहां गणित दौड़ में अनुष्का मौर्य प्रथम रही। कला प्रतियोगिता में किंजल व कविता पाठ में शिवानी, दौड़ में खुशबू राजभर व शुभम राजभर अव्वल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल ने पुरस्कार वितरण किया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक विजेंद्र यादव, नीलम मौर्य, मंजू यादव, रीता देवी, सुनीता प्रजापति, डॉ शिवानी मौर्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संदीप मौर्य व संचालन डॉ शिवानी मौर्य ने किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, प्रशांत मिश्र, अशोक सोनकर, शिक्षक संकुल ओम प्रकाश, डॉ अमलेंद्र गुप्त, सुभाष यादव, विजय कुमार, राम स्वारथ, देवेंद्र सिंह, अखिलेश यादव, डॉ चंद्रजीत मौर्य, राम सकल यादव, अमित मौर्य, ममता गुप्ता, साधना कुमारी, राजीव पाठक, त्रिलोकी नाथ, अजय यादव, अनिल यादव, खुर्शीद आलम, मोहम्मद ताल्हा, सरिता, संगीता, राममिलन, दिनेश गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली की प्रतिष्ठित वार्षिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस 7वी रिमाकॉम का भव्य आयोजन किया गया




**रिर्पोट जावेद आरिफ**

रायबरेली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली की प्रतिष्ठित वार्षिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस 7वी रिमाकॉम का भव्य आयोजन आज भटोही रिसॉर्ट किया गया । कॉन्फ्रेंस में , विभिन्न चिकित्सा विषयों पर सत्र आयोजित किए गए और इन सत्रों में देश भर के जाने-माने चिकित्सकों ने व्याख्यान दिया तथा रायबरेली के डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और तकनीकों से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि के रूप में के जी एम यू के सर्जरी विभाग के डॉ. संदीप कुमार ने अच्छे इलाज के नायाब नुस्खे के बारे में बताया। चंदन हॉस्पिटल के डॉ.ए के सिंह ने इंहेलर के सही उपयोग के बारे में बात की। मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर अंशुल गुप्ता ने सी बी एस एनालिसिस आगरा मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर एके गुप्ता ने फीवर के बारे में बताया। लखनऊ के न्यूरो डॉक्टर यदुवीर धीर ने हेड इंजरी मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर विजयलक्ष्मी भाटिया डिपार्टमेंट ऑफ एंडॉक्रिनलॉजी, एसजी पीजीआई लखनऊ ने ग्रोथ बच्चो की लम्बाई न बढ़ने के उपचार के बारे में बताया

डॉक्टर अजय कुमार क्रिटिकल केयर इंचार्ज अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ ने सेप्टिक शॉक के प्रशिक्षित के बारे में नवीनतम अपडेट साझा किया ।

विवेकानंद हॉस्पिटल के डॉक्टर अर्पित गुप्ता ने किडनी रोग से संबंधित ।तथा डॉक्टर अरुण कुमार पांडे एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, लखनऊ ने प्रेगनेंसी के दौरान होने वाली डायबिटीज के बारे में चर्चा की उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन नियमित रूप से किया जाए ताकि चिकित्सक नियमित रूप से अपडेट हो सके इस अवसर पर आईएमए रायबरेली के प्रेसिडेंट डॉ ब्रजेश सिंह और आयोजन सचिव डॉ डा0 मौर्य कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया उक्त सम्मेलन में डॉ केपी वर्मा डॉ राजेश गुप्ता आईएमए सचिव डॉक्टर ओमिका चौहान डॉक्टर मनीष चौहान डॉ अमित राज शर्मा डॉ मनोज मल्होत्रा डॉ विपिन गुप्ता १ विकास दिवेदी डा0 ए आर त्रिपाठी - १अपूर्व दत्त डा0 पूजा त्रिवेदी डा0 मनीष त्रिवेदी- डा0 के एस सिंह- डा0 ए के मेहरोत्रा डा0 अरविंद गुप्ता ने कोषाध्यक्ष डा0 सी बी सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई

# इन्दिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में रंगाई-पुताई का कार्य जारी

**महाकालेश्वर मंदिर में भंडारे की तैयारियां शुरू भक्तों के लिए तैयार कराई जाएगी कई कुंतल भोजन सामग्री**



**रिर्पोट जावेद आरिफ**

रायबरेली। अकाल मृत्यु वह मरे जो कार्य करें चंडाल का काल उसका क्या करें जो भक्त हो महाकाल का। जनपद ही नहीं पड़ोसी जनपदों के लाखों लोगों की आस्था का प्रतीक बन चुके शहर स्थित महाकालेश्वर मंदिर की स्थापना वर्षगांठ की तैयारी जोरों पर हैं। पिछले 21 वर्षों से अनवरत हो रहे इस आध्यात्मिक उत्सव में हजारों श्रद्धालु देवाधिदेव भगवान महाकाल मंदिर में दर्शन पूजन के साथ भंडारे में शामिल होते हैं। इस वर्ष भी 25 फरवरी को मंदिर की होने वाली स्थापना वर्षगांठ पर तैयारी शुरू हो गई हैं। ओम महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति की उपाध्यक्ष एवं संस्थापक उषा सिंह ने बताया कि इन्दिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में स्थापना दिवस मनाने के लिए शुक्रवार से मंदिर में रंगाई-पुताई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 फरवरी को होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियां की जा रही हैं। सिंह ने बताया कि कई कुंतल भोजन सामग्री बनवाई जाएगी, जिसमें पूड़ी, सब्जी, खीर आदि प्रसाद भक्तों को परोसा जाएगा। इसके अलावां उन्होंने मंदिर के पुजारी केश कुमार मिश्रा व अन्य शिव भक्तों से भंडारा की तैयारियों से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

# भारत में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र और श्रीलंका के इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन के बीच दोनों पक्षों द्वारा संस्थागत सहयोग किया जाएगा

राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) द्वारा श्रीलंका के वरिष्ठ सिविल सेवकों के पहले बैच के लिए आयोजित विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम का कार्यकारी प्रशिक्षण सत्र आज नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह कार्यक्रम 12 फरवरी 2024 से 17 फरवरी 2024 तक आयोजित किया गया था। इस आयोजन में श्रीलंका के प्रधानमंत्री के सचिव श्री अनुरा दिसानायके के नेतृत्व में श्रीलंका के चौदह वरिष्ठ सिविल सेवक अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें श्रीलंका के प्रमुख विभागों और मंत्रालयों जैसे प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव डॉ. धर्मश्री कुमारतुंगा; श्री प्रदीप यशरत्ना, सचिव, लोक प्रशासन, गृह मंत्रालय, प्रांतीय परिषद और स्थानीय सरकार; श्री नालका कलुवेवे, महानिदेशक, श्रीलंका इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन (एसएलआईडीए) सहित अन्य विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित किया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूआ-ईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सदस्य नीति आयोग, सदस्य लोक पाल, केंद्रीय सतर्कता आयोग के सचिव, क्षमता निर्माण आयोग के सचिव उन प्रमुख व्यक्तियों में शामिल थे, जिन्होंने अपने नेतृत्व के अनुभव साझा किए।

श्रीलंका के प्रधानमंत्री के सचिव और श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख श्री अनुरा दिसानायके ने कहा कि नई दिल्ली के राष्ट्रीय सुशासन केंद्र में बातचीत से श्रीलंका को सीखने के परिप्रेक्ष्य में जानने और भारत की सर्वोत्तम कार्य प्रणलियों तथा सफलता की सीख को अपनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की संरचना के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया।

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के सचिव तथा राष्ट्रीय सुश-ासन केंद्र के महानिदेशक श्री वी श्रीनिवास ने कहा कि राष्ट्रीय सुश-ासन केंद्र और श्रीलंका के इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन के बीच जुड़ाव सौहार्दपूर्ण व रचनात्मक था, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुशासन केंद्र आने वाले हफ्तों में श्रीलंका के इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन के साथ एक संस्थागत सहयोग सुविधा स्थापित करने के लिए तैयार है। श्री वी श्रीनिवास ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग के लिए विदेश मंत्रालय, श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग और कार्यक्रम को संबोधित करने वाले भारत सरकार के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

संपूर्ण क्षमता निर्माण कार्यक्रम की व्यवस्था राष्ट्रीय सुशासन केंद्र की समर्पित प्रशिक्षण टीम के अथक प्रयासों से पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. ए पी सिंह, सहयोगी पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीव शर्मा और सहयोगी पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. गजाला हसन तथा प्रशिक्षण सहायक श्री ब्रिजेश बिष्ट द्वारा की गई।

# शोध समाज के लिए उपयोगी होना चाहिये : कुलसचिव

**शोध नये विचारों और मुद्दों को प्रोत्साहन देता है : प्रो.रश्मि**

**15 दिन तक चले कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का हुआ समापन**

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

सरायख्वाजा, जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के संकाय भवन में चल रहे कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत शनिवार को समापन किया गया। यह कार्यक्रम दो सप्ताह तक चला। इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रो. रश्मि कुमार ने कहा कि इंटर डिसीप्लिनरी रिसर्च इन सोशल साइंस विभिन्न सामाजिक विज्ञान विषयों को अध्ययन करता है। यह छात्रों को उनके सामने आने वाले प्रत्येक नए विचार या मुद्दे पर कई दृष्टिकोणों से विचार करने के लिए गंभीर रूप से प्रतिबिंबित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह अनुसंधान में विभिन्न विज्ञान क्षेत्रों को सम्मिलित करके समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करता है। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की रूप–रेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि बहुत ही मनोयोग से प्रतिभागियों ने दो सप्ताह का समय बिताया। मैं आशा करता हूं कि यहां से उन्हें बहुत सी जानकारियां प्राप्त हुई होगी। कार्यक्रम के सह समन्वयक डॉ. मनोज पांडेय ने कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनु त्यागी ने किया। इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. साधना मौर्या, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, डॉ. निशा पांडेय, श्रुति श्रीवास्तव, कश्मा सिंह, रेनु मल चौहान, डॉ. दया सिंधु, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. कपिलदेव, अनुपम, दीपक यादव, एजाज अहमद, डॉ. वीरेंद्र साहू, डॉ. दीपक दास, बब्बन कुमार, एसी सिंह, चंद्रभुज कश्यप, यदुभान कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माणकार्य में लगे डंफरों के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश

**रिर्पोट जावेद आरिफ**

ऊंचाहार रायबरेली। गंगा एक्सप्रेसवे में मिट्टी की खुदाई में लगे वाहनों ने गांव के रास्तेऔर गांव की सूरत को बिगाड़ दिया। प्रभावित गांव नरकीय जीवन जी रहे है। ग्रामीणों का गुस्सा फूटा और प्रदर्शन करके विरोध जताया है। रायबरेली जिले के कई क्षेत्रों में इस समय गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है।जिससे बड़े मार्ग निर्माण में बड़े पैमाने पर मिट्टी की जरूरत है जिसकी खुदाई तालाब में विगत तकरीबन एक वर्ष पूर्व से खुदाई का कार्य चल रहा है।



वही तालाब से मिट्टी ढोने में लगे वाहनों ने आसपास के गांव के रास्ते को पूरी तरह तहस-नहस कर डाला है। रास्तों में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और रास्तों की दशा या है की वर्षा होने पर पूरा रास्ता कीचड़ से युक्त हो जाता है।और सूखे मौसम में इतनी धूल उड़ती है कि ग्रामीणों का जीवन बद से बत्तर हो गया है। हटवा गांव के पास गंदा नाला पुल की रेलिंग को भी इन वाहनों ने एक ही झटके में तोड़ डाला। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना लगातार बनी रहती है।इस बदहाली से परेशान ग्रामीण ने प्रधान प्रतिनिधि की अगवाई में जमकर किया प्रदर्शन। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 1 वर्ष से उनके गांव के रास्ते में उड़ती धूल ने गांव की सूरत को ही बदलकर रख दिया बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि तालाब की खुदाई मानक से काफी ज्यादा गहरी की जा रही है जिसके कारण भविष्य में भी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है इसके बावजूद भी जिम्मेदार इस तरफ से अपने नेत्रों को बंद किए हुए हैं यह भी आरोप है कि गांव के कुछ किसानों की भूमि धरी जमीन को भी खोद डाला गया है। वहीं ग्रामीण व प्रधान प्रतिनिधि की मौजूदगी में क्षेत्रीय लेखपाल का मीडिया के सवाल पर जुबान लड़खड़ाती हुई नजर आई।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण।

**रिर्पोट जावेद आरिफ**

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए परीक्षा केंद्रो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा आयोजित होने वाले कक्षों में सीसीटीवी कैमरो एवं उनके संचालन की स्थिति, कंट्रोल रूम, बच्चों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान आदि का जायजा लिया एवं संबंधित केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कंट्रोल रूम और कोषागार कक्ष का भी निरीक्षण किया। केन्द्रों पर उन्होंने अभ्यर्थियों के बैग रखने के स्थान,वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था आदि भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। बताते चले कि पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद में 17 व 18 फरवरी को 33 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है।



# जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

**रिर्पोट जावेद आरिफ**

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज सचिव ने जेलर हिमाशुं रौतेला से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत निरुद्ध बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल हिमाशुं रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, उपकारापाल कंचनलता मिश्रा, सुमैया परवीन व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



# किशोरी ने की आत्म हत्या

**प्रदीप बच्चन(ब्यूरो चीफ बलिया यूपी)**

दैनिक समाज जागरण थाना -रेवती अंतर्गत ग्राम -परसिया के कटहरी बारी मे एक किशोरी ने कि आत्म हत्या। बताया जाता है कि दिनांक - 17 फरवरी,शनिवार को रेवती थाना अंर्तगत -ग्राम -कटहरी बारी (परसिया)की 15 वर्षीय युवती (कुमारी प्रीति) ने पंखे के हुक मे अपना दुपट्टा फसा कर फांसी लगा ली है।किसी ने इसकी सूचना रेवती थाना को दे दीं।अविलंब,थानाध्यक्ष- रोहन कुमार सिंह शव को कब्जे में ले,पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।बताया जाता है कि उस समय परिवार के सभी सदस्य अपने खेतों में काम कर रहे थें। मृतक की मां दोपहर मे,खेत से काम कर,जब घर वापस लौटी तो देखा कि उसकी बेटी पंखे में लटकी पड़ी मिली।मृतिका की मां अचंभित हो,फफक/फफक कर रोने लगी।रोने की आवाज सुन आस पड़ोस के लोग इक्कठा होने लगें,और ओ रोते हुए उक्त घटना की जानकारी अपने परिवार के लोगों को दीं।बताया जाता है कि मृत युवती पांच भाइयों मे एकलौती बहन थीं।आत्म हत्या का कारण,जानने के लिए पुलिस तफ्तीश कर रही हैं।

# सुभाष रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया

**समाज जागरण/संभल ब्यूरो चीफ**

संभल/चंदौसी।नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया की 19 फरवरी को संभल के श्री कल्कि धाम ऐचोडा कंबोह पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे है जिसके लिए नगर में बसों की व्यवस्था के लिये रूपरेखा बनाई गयी है और उन बसों पर प्रमुख एवं सहप्रमुख बनाये गए है।

व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद गुप्ता ने बताया कि चन्दौसी नगर के संजीवनी पैलेस में 21 जनवरी को व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमे जनपद के समस्त व्यापारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि के रूप में औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी मौजूद रहेंगे। 20 जनवरी से 25 जनवरी तक लाभार्थी सम्पर्क कार्यक्रम रहेगा। आज की बैठक में नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष गिरीश रतन, अरविंद गुप्ता, मनोज दिवाकर, तरुण नीरज, अभिनव शर्मा, अमित अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता,आकाश आहूजा, धारा सिंह, शीला सागर,नीलम अरोरा, अनुभव श्रीवास्तव, राहुल शंकर, मुनीश बाबू,क्रांति कुमार,तरुण अग्रवाल, प्रेमपाल सिंह, तुषार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# पंवासा में किया गया रोजगार मेले का आयोजन, 203 अभ्यर्थी हुए चयनित

**समाज जागरण/अंकित कुमार**

संभल/बहजोई :शनिवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो व जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के संयुक्त तत्वधान से डी०डी०यू०जी०के0वाई० योजना के द्वारा विकास खंड रोजगार मेला के अन्तर्गत ब्लॉक के श्रीजीसुख राम इंटर कॉलेज सौधन में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 8 कंपनियां एस०आई०एस० सिक्योरेट्री देहरादून, फैशन स्क्वायर, नोएडा, हिमवेन ट्रेडर्स, गाजियाबाद,



पेडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, , , पुखराज हेल्थ केयर, डीवीजी टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,बालाजी मैनपॉवर फरीदाबाद,किक इन्जीनियरश सॉल्यूशन , क्रेजा हेल्थ केयर ,फरीदाबाद इत्यादि कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न योग्यता वाले 203 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जिसमें साक्षात्कार के द्वारा 134 व्यक्ति का चयन किया। रोजगार मेले का संचालन भोजराज सिंह के द्वारा किया गया । रोजगार मेले मे मुख्य अतिथि हिरदेश यादव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पँवासा चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी, चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे एवम उनका मनोबल बढ़ाया।रोजगार मेले में राजकीय आई टी आई सम्भल के नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा,एवं सुरेंद्र कुमार वाषणेय, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई चंदौसी भी उपस्थित रहे रोजगार मेले में पवासा ब्लॉक के सी एम फैलो कमल महेश्वरी भी उपस्थित रहे जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन,जिला कौशल प्रबंधक पवन सिंह भदौरिया, काशिफ अली उपस्थित रहे । रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए रोजगार मेला प्रभारी रियाजुल हसन, महीपाल सिंह , जयवीर सिह, अमित शुकला, अनुज वर्मा ,जयप्रकाश जाखड़, चरन सिंह, ब्रजेश कुमार, मोनू वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियां जोरो पर

**प्रदीप नरवाल-इमरान मसूद ने देखा रूट, कार्यकताओं से की चर्चा**

**समाज जागरण/सलीम अंसारी**

संभलः कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ओर सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का प्रतिनिधि मण्डल सम्भल पहुंचा ओर चाय की चुस्की के साथ मार्गो का निरीक्षण किया। शनिवार को अखिल भारतीय



कांग्रेस कमेटी के सचिव ओर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कोआर्डिनेटर प्रदीप नरवाल, वरिष्ठ नेता इमरान मसूद, प्रदेश सचिव सचिन चौधरी यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विधित चौधरी, वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक पुत्र जुनैद इकराम, प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद तुर्की, जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, वरिष्ठ नेता मुशीर खां तरीन, हाजी आरिफ तुर्की, इतरत हुसैन बाबर, हाजी मरगूब सहित तमाम बड़े नेताओं ने 24 फरवरी को सम्भल आने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मार्गो का निरीक्षण किया ओर यशोदा चौराहे पर जग्गा होटल पर चाय की चुस्की लेते हुए यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

# श्रीराम का वनवास की रामलीला का शुभारंभ कादराबाद में शुरू हुई

समाज जागरण/संभल ब्यूरो चीफ

संभल/गुन्नौर ।तहसील क्षेत्र के गांव कादराबाद मे रामलीला अपने चारों पुत्रों के विवाह के पश्चात राजा दशरथ का एकमात्र सपना था कि वह अपने जेष्ठ पुत्र राम को अयोध्या नगरी का राजा बनाए। इसलिए राजा दशरथ ने अपने कुल गुरु वशिष्ठ से विमर्श करके राम का राज्याभिषेक निश्चित किया। राम के राज्याभिषेक के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई तथा पूरी अयोध्या नगरी की जनता अपने नए राजा को पाने के लिए उत्साहित थे। श्री राम हमेशा से ही जनता तथा अपने परिवार जन के प्यारे थे।

लेकिन शायद नियति को कुछ और ही मंजूर था जिस वजह से राम की सौतेली माता राजा दशरथ की दूसरी पत्नी महारानी केकई की दासी मंथरा ने उनको उकसाया। मंथरा ने रानी कैकई के मन में यह भ्रम पैदा किया कि राजा दशरथ उनके पुत्र भरत को ननिहाल भेज कर श्री राम को राजा



बनाने के प्रयत्न कर रहे हैं। तब मंथरा ने कि वह राम की जगह अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजा बनाए। तुम्हारे पास अभी भी समय है तुम चाहो तो राम की स्थान पर अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजा बना सकती हो

तब रानी कैकई को राजा दशरथ द्वारा दिए गए दो वरदान का स्मरण हो आया जो उन्होंने देवासुर संग्राम में रानी केकई को उनके युद्ध में साथ देने के लिए दिए थे। तब रानी कैकई ने राजा दशरथ को बोला कि वह समय आने पर अपने दोनों वरदान उनसे मांग लेंगी। तब रानी कैकई ने मंथरा के कुविचारों से भ्रमित होकर राजा दशरथ से अपने दोनो वर मांगती है जिसमें वह पहले वरदान में यह मांगती है कि राम को 14 वर्ष का वनवास दिया जाए। जिसमें राम 14 बरस तक वन में रहेगा और राज्य की किसी भी वस्तु का उपयोग नहीं कर सकेगा। दूसरे वचन में रानी कैकई राजा दशरथ से अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजा बनाने की मांग करती है।

# पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर परखी व्यवस्थाएं

**समाज जागरण/अंकित कुमार**

संभल/बहजोई : जनपद मे शनिवार सुबह से कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की गयी सभी केंद्रों पर पुलिस फोर्स तैनात रही सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार नजर बनाये हुए रहे पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस भर्ती परीक्षा की दृष्टिगत परीक्षा केंद्र हीरा देवी तोताराम,इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई, डिग्री कॉलेज बहजोई, आदि जिले के परीक्षा केंद्रों



का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए परीक्षा को लेकर संभल पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए केंद्रों पर पुलिस प्रशासन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसके साथ ही कुछ परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक की कमी दिखाई दी परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में बहुत ही उत्साह दिखाई दियो जिले में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# मंदिर ही नही सम्भल बहुत कुछ चाहता है देश के प्रधानमंत्री जी से: फिरोज खां

**समाज जागरण/संभल ब्यूरो चीफ**

संभलः समाजवादी पार्टी के कार्यालय पक्का बाग बहजोई रोड पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री है न कि किसी एक समाज के है।

आगे फिरोज खां ने कहा कि बड़ी अच्छी बात है की उनका आगमन सम्भल में हो रहा। मगर सम्भल की जनता उनसे बहुत कुछ चाहती है देश प्रदेश में मंदिर भी बहुत है और मस्जिद भी बहुत है मगर सम्भल कारोबार से पिछड़ा है यहा की शिक्षा भी पिछड़ी हुई है। सम्भल में देश में आलू और पिपलमेंट की सबसे बड़ी मंडी है। सम्भल की जनता प्रधानमंत्री से रेलवे लाइन चाहती हैं जो की सम्भल की केई बर्षो से मांग चली



रही हैं। शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज और इलाहाबाद हाईकोर्ट बेंच की स्थापना पश्चिम में चाहता है। इलाहाबाद यहा से बहुत दूर पड़ता है फिरोज खाँ ने कहा की जहाँ जहाँ विवादित मस्जिद अधूरी अकारण निर्माण को पड़ी है उनको भी निर्माण करने की अनुमति दी जाये ताकि देश में एक बड़ी भागेदारी रखने वाला समाज भी उनके नेतृत्व में देशहित मे अपने आप में खुद में फर्क महसूस कर उनकी तारीफ करे आज देश मे कुछ प्रान्तों में मुसलमानों के साथ भेदभाव किया जाता हैं। उसे भी गंभीरता से देखने की जरूरत है देश की आजादी से लेकर आज तक देश की तरक्की व देशहित में अल्पसंख्यक दलित पिछड़ों तथा अन्य जाति वर्ग के लोग अपने आप को अकेला न समझें ऐसी हमे प्रधानमंत्री से उम्मीद है। सम्भल आगमन पर एक प्रतिनिधि मंडल उनसे मिलेगा और अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपेगा। बैठक में जबर सिंह यादव, रामरहिस यादव, अकील खाँ, जरीफ उस्मानी, मेहसर खाँ, रहीस प्रधान, रिजवान, वहिज खाँ, राहुल यादव, जीशान खाँ, तस्लीम, साबिर, राजेश यादव, गुलाम, मुस्तुफा, सुब्हान, वीरेश यादव, इमरान, मोनिस, पप्पू, सालिम, आरिफ खाँ, शाहीन आदि मौजूद रहे।

# भव्य व ऐतिहासिक होगी वांकल माता मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठाः- बोहरा

**श्री वांकल माता मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 20 फरवरी से, परिसर में कार्यालय की हुआ श्रीगणेश**

बाड़मेर। 16.02.2024 । थार नगरी बाड़मेर की दुर्गा रेजिडेन्सी में वगतावरमल राणामलजी लूणिया परिवार की ओर से निर्मित श्री वांकल मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा आगामी 20 फरवरी से 22 फरवरी के मध्य तीन दिवसीय श्री वांकल माता मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शुक्रवार को आयोजक व अध्यक्ष वगतावरमल लूणिया, संरक्षक भूरचन्द बोहरा मारसा व महोत्सव समिति के संयोजक मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में कार्यालय का मां वांकल व गणपति की पूजा-अर्चना से श्रीगणेश हुआ ।

श्री दुर्गा रेजिडेंसी परिसर में आयोजित कार्यालय श्रीगणेश का आगाज मां वांकल व रिद्धि-सिद्धि के दाता श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना से हुआ । तत्पश्चात विधिवत समस्त विभागों के संयोजकों, सह-संयोजकों व सदस्यों

# अनंत्रित होकर दूध से भरा कैंटर पलटा, चालक घायल

**समाज जागरण/सर्वेश कुमार**

संभल/गुन्नौर। कोतवाली क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव बिचपुरी सैलाब के पास तेज रफ्तार से जा रहा दूध से भरा कैंटर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसमें चालक रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्रथम उपचार देने के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।जिला बुलंदशहर के थाना नरौरा उमेश पुरी मोहल्ला निवासी चालक रिंकू पुत्र शिवचरण उम्र 30 वर्ष दूध का टैंकर चलाकर जुनाबई मे स्थित जय मां दुर्गे डेरी से दूध से भरा कैंटर लेकर जिला जनपद



अलीगढ़ के अतरौली राघव डेरी के लिए जा रहा था। जैसे ही वह गुन्नौर थाना क्षेत्र के बिचपुरी सैलाब गांव के नजदीक पहुंचा तो गोवंश बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर टैंकर पलट गया, जिसमें टैंकर से दूध सड़क पर बिखर कर फैल गया। किसी तरह चालक को राहगीरों व आसपास के लोगों टैंकर से बाहर निकाला और पुलिस 112 व डायल 108 एंबुलेंस को सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुन्नौर सामुद्रिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने घायल को गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# उलेमा इकराम ने ब्यान की जलसे मे बुखारी शरीफ की फजीलत

## जामिया हिलाल लिल बनात दीपा सराय मे हुआ कार्यक्रम

**समाज जागरण/संभल ब्यूरो चीफ**

संभलः जामिया हिलाल लिल बनात दीपा सराय मे खत्मे बुखारी शरीफ कान्फ्रेस की शुरूआत अरीबा फातिमा की तिलावते कुरआन व मौ0 बुरहान की नाते रसूल से हुआ।

कान्फ्रेस को खिताब करते हुए मारहरा शरीफ से आये मुफ्ती असलम नबील अजहरी ने कहा कि इमाम बुखारी एक मुहद्दीस के साथ एक बड़े फकीह भी थे। मौजूदा हालात को देखते हुए हमे दुनियावी तालिम के साथ दीनी तालिम हासिल करना जरूरी हो गया है। खानकाहे बरकातिया से आये सय्यद अमान मियाँ कादरी बरकाती ने नारा देते हुए कहा कि आधी रोटी खाईये अपने बच्चो को पढाईचे और इस्लाम के बुनियादी उसूल सिखाईये। आगे कहा कि एक बच्ची की तालिम से समाज में निखार पैदा होता है। हमे अपनी



बच्चियों को अच्छी से अच्छी तालिम दिलाना चाहिए। मुफ्ती सलमन अलीमी ने कहा कि समाज में फैली बुराई को खत्म करने के लिए एक हाथ मे कुरआन और एक हाथ मे साईंस की जरूरत है। कान्फ्रेस को मुफ्ती जुनैद कादरी, डॉ0 बिलाल मरकजी, कारी अलाउद्दीन अजमली, कारी इरफान लतीफी, मौलाना तौसीफ मिस्बाही, मौलाना जियाउल मुस्ताफा ने भी खिताब किया। मौलाना फाजिल मिस्बाही ने जामिया के द्वारा गये कामो किये पर रिपोर्ट पेश की। मदरसे की 10 बाच्चयों को बुखारी शरीफ का दर्स देकर फजीलत की डिग्री दी गई। कान्फ्रेस में इमामे ईदगाह मौलाना सुलेमान अशरफ, मुफ्ती अशफाक, मौलाना आलमगीर, मौलाना तालिब मिस्बाही, मौलाना अब्दुल हफीज, कारी बिलाल, वकार हुसैन, मौलाना सलीम, हाजी मोनिस, शेख नाजिम, शफीक अशफाकी, यासीन कादरी, कलीम सलामी, शेख काशिफ, नजर महबूब, वसीम अशरफी, सिकन्दर पाशा, फरमान, अदनान अशरफी, मौ0 अजमत अशफाकी, फरहत अशफाकी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शहर मुफ्ती कारी अलाउद्दीन अजमली व संचालन मोलाना शुएब ने किया।

# शैक्षिक गोष्ठी के साथ हुआ पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण/संभल ब्यूरो चीफ**

संभलः तरबियत फाउंडेशन के तत्वावधान में एक शैक्षिक गोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण समारोह नगर के इलाइट जूनियर हाई स्कूल घुघांवली रोड सरायतरीन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ मुफ्ती आदिल रजा बरकाती ने तिलावत ए कलामे पाक से एवं जेद्र रजा अय्यूबी ने हम्द ए पाक पढ़कर किया। जबकि नसीमुद्दीन कादरी बरकाती, जियाउर्रहमान कादरी बरकाती, नावेद, आबिद, सुम्बुल अली एवं रहबर रजा बरकाती ने नाते पाक सल्लल्लाहो ताला अलैहि वसल्लम पेश की। इस मौके पर अलबरकात इस्लामिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोधार्थी डॉक्टर बिलाल मरकजी मिस्बाही ने महिला शिक्षा पर



जोर देते हुए कहा कि एक महिला दो परिवारों को संभालने का काम करती है। अगर एक महिला शिक्षित होगी तो दो परिवार शिक्षित होंगे। इसलिए हमें महिला शिक्षा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। मौलाना जूनैद मिस्बाही ने कहा कि यह दौर कंपटीशन का दौर है और इस दौर को उच्च स्तरीय कंपटीशन शिक्षा के द्वारा ही जीता जा सकता है अगर हमारे आने वाली नस्ल शिक्षा के क्षेत्र में पीछे रह जाती है तो इसका मतलब यह होगा कि हम नए जमाने के चौलेंज के साथ मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। अध्यक्षता शाहजादा ए ताजुल मशआईख सैयद अमान मियां कादरी बरकाती ने और संचालन शफीकुर्रहमान शफीक बरकाती ने किया। जबकि कार्यक्रम संयोजक शान-ए-आलम ने सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा किया।

# क्षत्रिय सम्राट सुहैलदेव बैस की जयंती मनाई गई

***बार-बार क्षत्रिय इतिहास के साथ बदलाव या विकृत होगा तो हम जन आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे: ठाकुर रघुवंश सेंगर***

नोयडा : एम एस टावर मामूरा सेक्टर 66 नोयडा में धर्म रक्षक क्षत्रिय वीर शिरोमणि सुहेलदेव बैस जी की जयंती आयोजित कि गई। कार्यक्रम के उद्घाटन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीश सिंह कर कमलों द्वारा हुआ माल्यार्पण व पुष्प अर्पित सभी विशिष्ट जनों डॉ. विक्रांत सिंह, अधिवक्ता पी के राघव व वरिष्ठ समाजसेवी जीतेन्द्र नारायण सिंह के द्वारा हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता अवनीश सिंह ने किया व अपने सम्बोधन मे इतिहास संरक्षण पर बल देने व युवाओं को आगे आकर लोकतान्त्रिक रूप से विरोध करने को कहा व क्षत्रिय शोध संस्थान व इतिहास संकलन बने इसकी बात को रखी!!

डॉ. विक्रांत ने बताया कि बहराईच राज घराने के राजा सुहेलदेव बैस का जीवनकाल युद्ध कौशल राज्य विस्तार पर चर्चा किया कैसे सालार मसूद गाजी को मौत के घाट उतार दिया था। वही अधिवक्ता पी के राघव ने कहा कि क्षत्रिय समाज के कुल वंश की जाती न बदले लोग अपने राजनीति के लिए। अगर कोई करता है तो हम क्या कानूनी प्रक्रिया हो इस पर भी चर्चा की गई ताकि भविष्य में क्षत्रिय समाज के गौरव अखण्ड रहे कोई खण्डित जातीय आधार पर न कर सकें। इस कार्यक्रम के आयोजक ठाकुर रघुवंश सेंगर ने कहा की बार-बार क्षत्रिय इतिहास के साथ बदलाव या विकृत होगा तो हम जन आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे, आवश्यक होगा तो संसद मार्ग का घेराव भी लोकतांत्रिक विधियों से करेंगे हमें अपने न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है। राकेश सिंह परमार ने उक्त बातों पर सहमति दी ओर कहा की इतिहास बदलना सरकारो को एक दिन भारी पड़ेगा। कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता दीपक सिंह ने कहा की वह जल्द ही कानूनी लड़ाई के लिए टीम गठन पर बात की जो केवल कानूनी रूप से इतिहास के साथ छेड़छाड़ न कर सके। इस

# *ए. एम. इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल खरकपूनियां में छात्र-छात्राओं ने किया विदाई पार्टी का आयोजन*

**जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर छात्र-छात्राओं को दी विदाई**



हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : गांव खरकपुनियां में स्थित ए. एम. इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल के प्रांगण में विदाई पार्टी का आयोजन किया गयो इस विदाई पार्टी में स्कूल के जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा सीनियर छात्र छात्राओं को विदाई दी गई इस विदाई पार्टी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी प्रस्तुति पेश करके विदाई पार्टी को चार चांद लगा दिऐ मंच संचालन साक्षी व निशू ने कियो स्कूल की चेयरपर्सन डॉक्टर सुदेश चहल पूनियां द्वारा छात्रा अनु, रितु व साक्षी को स्कूल की बेस्ट गर्ल के खिताब से नवाजा गयो चेयरपर्सन डॉक्टर सुदेश चहल पूनियां ने अपने संबोधन में कहा कि एक तरफ जहां ये अविस्मरणीय पल होते हैं कि हमारे द्वारा वर्षों से पढ़ाए गए बच्चे अब कालेज जाकर अपने भविष्य की डगर पर अग्रसर होंगे वही बच्चों के बिछुडने के गम से बड़े भावुक हुऐ स्कूल से विदाई ले रहे छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए गऐ इसके अलावा अध्यापक अध्यापिकाओं को भी स्मृति चिन्ह भेंट किए गऐ इस अवसर पर प्रिंसिपल सुदेश चहल पूनियां, ऊषा, मंदीप, सुमन, सीमा, किरण, सीता, दीपक, सोनिका व मोनिका आदि मौजूद रहे

# कड़ी मेहनत करके अपने माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करें: श्रम मंत्री अनूप धानक

**हरियाणा /हिसार ( राजेश सलूजा)**

राजकीय महाविद्यालय, उकलाना में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम "झंकार" के समापन मौके पर बतौर मुख्यातिथि प्रदेश के श्रम मंत्री अनूप धानक ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुँचने पर श्रम मंत्री अनूप धानक का प्रिंसीपल डॉ सतबीर सिंह सांगा व स्टाफ सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया गया। श्रम मंत्री अनूप धानक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किया और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कड़ी मेहनत करें और जीवन में सफल होकर अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करें तथा देश व प्रदेश की प्रगति में अहम भूमिका निभाएं। अपने सपनों को साकार करने के लिए अच्छे मार्ग पर चलें और पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी भाग लें। प्रदेश सरकार शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दे रही है और शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल व कॉलेज बनवाये गए हैं। युवाओं को नौकरियों में ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। युवाओं को पारदर्शिता के साथ रोजगार दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें देश की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए और देश की उन्नति में अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहाँ पढ़ना हमारे विकास के लिए आवश्यक है वहीं ऐसी प्रतियोगिताएं भी हमारे व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास



को चरम तक ले जाने में हमारी सहायता करती हैं। प्राचार्य डॉ सतबीर सिंह सांगा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओ में सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में छिपी विभिन्न योग्यताओं का आंकलन करने का यह उचित अवसर था।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ इंदु ने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन पोस्टर बनाओ, पेंटिंग, रंगोली, महेंदी रचाओ, कविता व भाषण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं दूसरे दिन एकल नृत्य प्रतियोगिता, युगल नृत्य प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओ में निर्णायक की भूमिका महाविद्यालय स्टाफ ने निभाई व कार्यक्रम के दूसरे दिन निर्णायक की भूमिका राजकीय महाविद्यालय टोहाना से सहायक प्रोफेसर संस्कृति विभाग प्रो. संजू बाला तथा सहायक प्रोफेसर वाणिज्य प्रो. नेहा गर्ग ने निभाई । डॉ इंदु ने बताया कि पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में बी. ए. तृतीय की छात्रा रेनू कुमारी ने प्रथम, पेंटिंग में बी. ए. द्वितीय से किरन ने, रंगोली में बी. ए. तृतीय से दीना ने, भाषण प्रतियोगिता में बी. ए. तृतीय से पुष्पा ने, एकल नृत्य प्रतियोगिता हरयाणवी में बी. ए. तृतीय से प्रियंका ने, एकल नृत्य पंजाबी में बी. ए. प्रथम से शिवांगी ने, समूह नृत्य प्रतियोगिता में रमनदीप और समूह ने, युगल नृत्य प्रतियोगिता में मोनिका व मधु ने प्रातः शानदार प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर जेजेपी हल्का अध्यक्ष अनिल बालकिया, धूप सिंह थाकन, नरेश पुनिया, डॉ अमित कुमार, डॉ इंदु, डॉ अंजू, डॉ तनुजा, रविन्द्र कुमार, नरेंद्र कुमार, प्रो. सुरीना, मुकेश कुमार, सतीश पुनिया, हरीश गर्ग, बबलू गोदारा, शमशेर भूरिया, राहुल दहिया, प्रेम खटक सहित कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# रेत माफियाओं को कोतवाली थाना सब इंस्पेक्टर दे रहे संरक्षण, रात भर हो रही रेत की चोरी

### गोपाल और सियाज को सब इंस्पेक्टर का संरक्षण

### दर्जन भर घाटो से हो रहा अवैध उत्खनन,

इन्ट्रोः- अनूपपुर जिले में इन दिनों रेत का अवैध कारोबार जमकर फल फूल रहा है, खनिज विभाग अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने में नाकामयाब साबित हुआ, तो पुलिस विभाग रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को हरी झंडी दे दी। कोतवाली थाने में सब इंस्पेक्टर के सह पर अवैध उत्खनन और परिवहन तेजी से चल रहा है, एक तरह से कहा जाए की पुलिस अपराधों को अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

अनूपपुर। अनूपपुर जिले में खाकी वर्दी का खौफ पूरी तरह समाप्त हो गया है। खाकी वर्दी के नाक के नीचे शहर में काले कारोबार जमकर फल फूल रहे हैं, थाना प्रभारी की निरंकुश्ता की कहानी माफियाओं के मुंह से बड़े चाव के साथ सुनने को मिल रही है। थाना क्षेत्र अंतर्गत माफिया थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निसान खड़े करते चले जा रहे हैं। निरंकुश हो चली पुलिस पर प्रभारी नहीं सब इंस्पेक्टर का जलजला बरकरार है। क्षेत्र में दर्जनों नदी नालों के घाट से रेत का अवैध उत्खनन जारी है। वही बरबसपुर का गोपाल एवं अनूपपुर का सियाज नाम के दलाल सब इंस्पेक्टर के संरक्षण में बीट में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है।

### रेत माफियाओं पर खनिज विभाग करती है छुटपुट कार्यवाही लेकिन कोतवाली पुलिस मौन

रेत माफियाओ के खिलाफ मुहिम चलाने में खनिज विभाग कुछ हद तक कार्यवाही करती है लेकिन कार्यवाही सिर्फ छुटपुट ही होती है और रेट चोरी पर विराम नहीं लगता रहा है वहीं कोतवाली पुलिस माफियाओं पर कार्यवाही की जगह पूरे मामले को पूरी तरह से छुपा दिया है। सूत्र बताते हैं कि सब इंस्पेक्टर के साथ हुई अनुबंध से माफिया के हौसले अब बुलंद हो गए हैं थाना प्रभारी की स्थिरता ने क्षेत्र में अवैध कारोबार को और अत्यधिक बढ़ा दिया है

गोपाल और सियाज को संरक्षण

कचरा घाट से सियाज और बरबसपुर घाट से गोपाल नामक व्यक्ति द्वारा बीच सब इंस्पेक्टर के संरक्षण में दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन कराया जा रहा है और वसूली भी इन दोनों व्यक्तियों द्वारा पुलिस के नाम पर किए जाने की खबर है। पुलिस की निरंकुश्ता अपराधियों के मनोबल को ऊपर उठा रही है जिससे अपराध निरंकुश होते चले जा रहे हैं अगर यही स्थिति बरकरार रहे तो भविष्य में पुलिस का नाम निरंकुशता रिकॉर्ड के वर्ल्ड बुक में दर्ज हो जाएगी।

### इन घाटो पर रेत माफिया सक्रिय माफिया

अनूपपुर क्षेत्र की जीवन दायिनी कही जाने वाली तीपान एवं सोन नदी मे संचालित रेत खदानो का टेंडर सरेंडर होते ही रेत माफियाओ की अचानक बाढ़ सी आ गयी जिसके कारण कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दर्जनो ऐसे घाट है जिनसे अवैध रेत का उत्खनन कर जीवन दायनी नदी के सीने को कुछ पुलिसकर्मी की सहभागिता से छलनी किया जा रहा और चोरी की रेत को 5000/- रुपए प्रति ट्राली की दर से क्षेत्र के जरूरतमंदो एवं ग्राम पंचायतो मे खपाया जा रहा प्राप्त जानकारी के अनुसार रात ड्यूटी मे तैनात कुछ पुलिसकर्मी के आशीर्वाद से आधी रात के दरम्यानी रेत माफियाओ से सांठगांठ के बाद अवैध रेत से लदे वाहनो के परिवहन को हरी झंडी दी जाती है। जिसके कारण रेत माफिया जंगल में मंगल मना रहे हैं। रेत माफिया लेबरो की टोली लाकर रात भर रेत का उत्खनन कर इकट्ठा करवाते है और हरी झंडी मिलते ही चोरी की रेत परिवहन करके राजस्व को करोडो रूपए का नुकसान पँहुचा अपनी जेबे गर्म करते है। यदि रात ड्यूटी मे तैनात बीट गार्डो एवं पुलिस आरक्षको के मोबाईल नंबर की जाँच की जाए तो कही रेत माफियाओ के साथ गुटुर गू करने वाले नौकरशाहो के चेहरे बेनकाब हो जाएगें और ढोल के अंदर पोल की कहावत सच होते देर नही लगेगी।

### इनका कहना है

आप के द्वारा जानकारी दी गई है मैं जल्द ही कारवाही करवाता हूं

**अमर वर्मा**
थाना प्रभारी कोतवाली अनूपपुर

# प्राकृतिक कृषि पर प्रशिक्षण सम्पन्न प्राकृतिक कृषि खेत पाठशाला डोंगरगवां में हुआ आयोजन

उमरिया, जिले के अकाशकोट क्षेत्र के करकेली जनपद अंतर्गत ग्राम डोंगरगवां के प्राकृतिक कृषि खेत पाठशाला में कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया द्वारा 2 दिवसीय प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में स्थानीय सहयोग सामाजिक संस्था विकास संवाद ने किया । प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के वैज्ञानिकों द्वारा बीज तैयार करने, भूमि उपचार ,बीज उपचार, अंतर्वर्ती फसल, मिश्रित फसल, बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, अग्नियास्त्र एवं दशपर्णी अर्क तैयार करने के बारे में विस्तार से बताया गया । उक्त प्रशिक्षण में करकेली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम अमडी, कोहका-47, डोंगरगवां, मर्दर, बिरहुलिया, खैरा, अगनहुडी एवं करौंदी के प्राकृतिक कृषि शामिल हुए ।विकास संवाद संस्था एवं प्राकृतिक कृषि का राष्ट्रीय गठबंधन के प्रयाश से किसान प्राकृतिक कृषि की ओर बढ़ रहे हैं । किसान रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशी को छोड़, प्राकृतिक खाद एवं कीटनाशक तैयार कर अपने खेतों में उपयोग कर रहे हैं ।प्रशिक्षण में 40 किसान शामिल हुए ।प्रशिक्षण को कृषि वैज्ञानिक धनंजय सिंह एवं कुंदन मुवेले ने संबोधित किया। प्रशिक्षण का संचालन विकास संवाद के कलस्टर समन्वयक जितेन्द्र गौतम ने किया।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक धनंजय सिंह ने विभिन्न कीटो का पहचान बताते हुए विभिन्न कीटों के जीवन चक्र के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने प्राकृतिक रूप से कीट नियंत्रण के लिए बीज उपचार, भूमिउपचार के साथ गेंदा, धनिया जैसे फसल बोने की बात कही। श्री सिंह ने मिश्रित बोनी कीट नियंत्रण का कारगर तरीका बताया । प्रतिभगियों से चर्चा करते हुए कृषि वैज्ञानिक के.के. राणा ने बीज उपचार के महत्व को बताते हुए उन्होंने वीजामृत एवं जीवामृत के बनाने की विधि एवं उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला ।

प्राकृतिक खेती के फायदे के विषय को आगे बढ़ाते हुए कृषि विज्ञान के कुंदन जी ने खेती के लिए लाभदायक जीव जंतुओं के बारे में विस्तार से बताते हुए प्राकृतिक खेती के अंतर्गत कीट प्रबंधन के परंपरागत तरीकों के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला । प्रशिक्षण में कुंदन जी ने निबौली , दशपर्णी अर्क , ब्रह्मास्त्र के साथ-साथ छाछ के विभिन्न उपयोगों के बारे में भी बताया । कृषि विज्ञान केंद्र खेत पाठ शाला किसान बाबूलाल सिंह को जैविक खाद और जैविक कीटनाशी बनाने के लिए खेत पाठ शाला में 100 लीटर और 200 लीटर के 2 ड्रम दिया ।

प्रशिक्षण को सफल बनाने में सफल बनाने के लिए किसान दिनेश तिवारी, बाबूलाल सिंह, लक्ष्मी राय, सुनीता बैगा, नानबाई बैगा, कोमल बैगा, दल्लू अगरिया के साथ साथ सामुदायिक कार्यकर्ता यशोदा राय, सतमी बाई बैगा, बलराम महार का विशेष सहयोग रहा ।

# नये चेहरे उतरने की कवायद में भाजपा ज्ञानवती सिंह को भी टिकट मिलने के आसार

## हिमाद्री सिंह की टिकट कटने की अटकलों से दावेदारों की लंबी कतार

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली -- लोकसभा चुनाव में शहडोल संसदीय क्षेत्र से आगामी चुनाव में प्रत्याशी को लेकर मंथन जोर पकड़ता नजर आ रहा है ।विदित होवे कि शहडोल संसदीय क्षेत्र में पिछले चुनाव में भी भाजपा ने तत्कालीन सांसद ज्ञान सिंह की टिकट काटकर नया प्रत्याशी श्रीमती हिमाद्री सिंह को बनाया गया था , ताकि चुनें गये जनप्रतिनिधि जनता के बीच अपनी और भाजपा की छबि उज्जवल कर सकें , चुनाव तो भाजपा सदैव जीतती आ रही थी , तब भी और अब भी , लेकिन भाजपा जिस नेतृत्व की खोज में लगी थी , उसमें उसे निराशा ही हाथ लगी । पूर्व के भाजपा के सांसद भाजपा के लिए बोझ ही साबित हुए हैं । यही कारण है कि शहडोल संसदीय क्षेत्र से लोकसभा में भी भाजपा एक योग्य प्रत्याशी की खोज में अभी भी लगी हुई है । ज्ञातव्य हों कि जब श्रीमती हिमाद्री सिंह पर भाजपा ने भरोसा जताया था तब उसके पीछे उनके पिता श्री स्व दलबीर सिंह की कार्यकुशलता एक मजबूत आधार था , जिस पर सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह खरी



नजर नहीं आयी । भाजपा के सर्वे रिपोर्ट में भी वर्तमान सांसद की रिपोर्ट कार्ड परफैक्ट नहीं है , जिससे क्षेत्र में वर्तमान सांसद की टिकट कटने की हवा चल रही है , फिर भी भाजपा आलाकमान की ओर से अभी तक टिकट काटने के साफ संकेत नहीं मिल रहें। लोकतंत्र में सभी को अपने लिए सुनहरे अवसरों को भुनाने की आजादी है , जिस वजह से लोगों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर भाजपा के सामने अपनी झोली फैला दी है । वर्तमान परिदृश्य में शहडोल संसदीय क्षेत्र से भाजपा की ओर से अलग-अलग जिलों से अलग-अलग दावेदारों ने टिकट के लिए ताल ठोंक दी है । शहडोल संसदीय क्षेत्र के उमरिया जिले से भी दावेदारों ने अपने किस्मत आजमाने का काम बखूबी किया है , उनमें एक जाना-पहचाना नाम सुश्री ज्ञानवती सिंह का बताया जाता है । सुश्री ज्ञानवती सिंह भाजपा के पहले कांग्रेस में थी और जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, और जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहते हुए कांग्रेस के संगठन में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी में जिम्मेदार पदों पर आसीन रह चुकी, इनके काम करने गजब की कौशल कला थीं , लेकिन पिछले कार्यकाल में इन्होंने श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ इन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया , तब से भाजपा में बतौर प्रदेश कार्य समिति सदस्य संगठन में काम कर रही है । इस बार इन्होंने भाजपा आलाकमान के समक्ष टिकट की दावेदारी पेश करते हुए टिकट की मांग की है , अगर भाजपा संगठन इनके ऊपर विश्वास जताती है तो भाजपा को उसके मन माफिक मुराद पूरी हो सकती है। यद्यपि ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो अभी भविष्य के गर्त में ही छिपा हुआ है ।

# ध्वज वंदना के साथ रामलला के दर्शन को रवाना हुए स्वयंसेवक

## विहिप के नेतृत्व में संघ के स्वयंसेवकों की अयोध्या जी यात्रा

**समाज जागरण**

अनूपपुर / अयोध्या जी में 22 जनवरी 2024 को भगवान रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अनूपपुर जिले से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या जी रवाना हो गये। सड़क मार्ग से यह यात्रा लगभग चार दिन की होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी हिस्सों से लगभग 60 स्वयंसेवक 16 फरवरी की रात लगभग 9 बजे अयोध्या जी के लिये रवाना



हुए। इससे पहले वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय अनूपपुर में एकत्रित हुए। यहाँ विभाग प्रचारक कमल राठौर , जिला संघ चालक राजेन्द्र तिवारी, भाजपा नेता मनोज द्विवेदी, हरिशंकर वर्मा,चंद्रिका द्विवेदी, रश्मि खरे के साथ अन्य लोगों ने दर्शनार्थी स्वयंसेवकों को रामनामी अंग वस्त्र पहना कर,माथे पर तिलक लगा कर एवं पुष्पमाला पहना कर शुभकामनाओं सहित विदा किया। इससे पूर्व परिसर में शाखा लगा कर ध्वज वंदना की गयी और जय श्री राम का उद्घोष किया गया।

# थाना प्रांगण में स्थित मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर पूजन अर्चन संपन्न

**समाज जागरण आर एस पांडे**

अमलाई । अमलाई थाना परिसर में भगवान श्री राम माता जानकी और भगवान श्री लक्ष्मण की दिव्य प्रतिमाएं मंदिर में विराजमान है। थाना प्रांगण में इस मंदिर का निर्माण 15 फरवरी 2023 को हुआ था प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर थाना प्रभारी अमलाई जयप्रकाश नारायण शर्मा के द्वारा विधि विधान से मंदिर में पूजा अर्चना की गई। मंदिर की प्रथम वर्षगांठ को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए थाने के सभी स्टाफ पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपनी अपनी जिम्मेदारी को देशभक्ति एवं जन सेवा के सिद्धांतों पर चलते हुए निभा रहे थे। मंदिर के पुजारी के द्वारा विधि विधान से भगवान की पूजा अर्चना की गई एवं मधुर आवाज में भगवान की आरती गाई गई। महा आरती में थाना प्रभारी अमलाई जयप्रकाश नारायण शर्मा, सहित थाने का पूरा स्टाफशामिल हुआ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन थाना परिसर में आयोजित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया थाना परिसर में बीती 22 जनवरी को भी जब अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हो रहा था तब भी विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी अमलाई जयप्रकाश नारायण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना परिसर में मौजूद प्रभु श्री राम के मंदिर का निर्माण 15 फरवरी 2023 को हुआ था प्रथम वर्षगांठ को उत्साह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया था ।

# राखड़ बांध में राख परिवहन कार्य में हुई मनमानी, कार्य आदेश का नहीं हुआ पालन

**विजय तिवारी**

अनूपपुर। जिले का अमरकंटक ताप विद्युत गृह में राखड बांध से राखड़ परिवहन कार्य में ठेकेदार द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए मनमानी तरीके का कार्य कराया गया है तथा इस कार्य के प्रभारी कार्यपालन अभियंता ने उक्त ठेकेदार को मनमानी करने की खुली छूट दे रखी है इनके द्वारा इसके लिए कोई पर्यवेक्षक तक नियुक्त नहीं किया गया है और ना ही खुदाई करने वाले तथा अनलोड करने वाले स्थान का कोई माप और न ही सुरक्षा विभाग की गेटपास जारी करवाया गया जिसकी जांच कराई जाए तो सच्चाई स्वयं सामने आ जाएगी। जबकि राखड बांध के निकास द्वार का रास्ता तथा सुरक्षा विभाग का गेट न. 02 का कार्यालय 20 से 30 मीटर की दूरी पर स्थित है वहा वाहन खड़ा करके ठेकेदार को मंडल के सुरक्षा विभाग के कार्यालय पर ट्रिप इंट्री करवाकर गेट पास जारी करवाना चाहिए था परंतु कार्यपालन अभियंता के द्वारा इस विभाग से इस कार्य को दूर रखना सही समझा गया इस कारण कार्य के ट्रिपो की गड़ना या मात्र का रीकॉर्ड मंडल के पास मौजूद नहीं है ! इस प्रकार ठेकेदार द्वारा मनमानी बिल्टी बनाकर ट्रीपो की संख्या दिखा कर देयक प्रस्तुत कर दिया गया जो कि राखड बांध रोड से 20 मीटर दूरी पर है वहा पर वाहन की एंट्री करवाई मंडल के पास किसी प्रकार का रिकॉर्ड नहीं दर्ज करवाया गया और ना ही होता है ठेकेदार द्वारा अपने मनमानी तरीके से वाहन लाया और उसे लाकर लोड करवा कर बांध के मेड पुल तथा सीसी रोड को क्षति पहुंचाते हुए कार्य करवाया गया है तथा खुद गाड़ी का बिल्टी बनाकर बिल पास करवाने हेतु लगा दिया और कार्यपालन अभियंता के द्वारा 03 करोड़ की लागत का काम का बिल बना दिया गया ठेकेदार को इसमें राखड़ बांध के रोड का मरम्मत कार्य करना था जिसका भुगतान कार्य के दर में है परंतु उक्त के द्वारा ऐसा नहीं कराया गया उसे पूरा भुगतान करवाने का प्रयास किया जा रहा है जो की यह पूरा काम जांच के दायरे में आता है।

एक अधिकारी को दो प्रभार

सूत्र बताते हैं कि ऑपरेशन विभाग में पदस्थ उक्त अधिकारी को एइ और डीई का प्रभार है और वह कई वर्षों से चचाई पावर प्लांट में पदस्थ है पूर्व में उनका स्थानांतरण अन्यत्र किया गया था लेकिन उन्होंने स्ट लेकर आ गए और वर्तमान में इस विभाग में पदस्थ हैं।

# खाता सीज होने पर कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का फूका पुतला, भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने का लगाया आरोप

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 18 फरवरी )एक तरफ जहाँ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके पुत्र नकुलनाथ के भाजपा में जाने की अटकले लग रही है तो वही दूसरी तरफ जिले के कांग्रेसी पीएम का पुतला दहन कर रहे है। मामला शनिवार का है जहाँ आयकर बकाया की उसूली के लिए विभाग ने कांग्रेसियों से 210 करोड़ की रिकवरी मांगी थी जिसका जबाब नहीं मिलने पर कांग्रेस का खाता सीज कर दिया गया जिससे नाराज कांग्रेसियों ने हल्ला बोलकर सड़क पर उतर गए और पीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आयकर विभाग के कार्यालय के सामने जमा हो होकर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया इस बीच पुतला दहन रोकने का प्रयास करने गयी पुलिस के साथ झूमा झटकी भी हुई।जानकारी अनुसार आयकर रिटर्न लेट से भरने और जनप्रतिनिधियों के 14 लाख रुपए नगद में चंदा देने पर आयकर विभाग ने पांच वर्ष बाद विलम्ब शुल्क के रूप में कार्यवाही किया है। वही इस मामले को लेकर कांग्रेसियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले खाते को सीज करना सरकार की मानसिकता को दशार्ता है कि वे देश से लोकतंत्र को खत्म कर अपना साम्राज्य स्थापित करना चाहते है जिसे



हम कभी पूरा नहीं होने देंगे।

### भाजपा की मंशा है गलत

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने भाजपा के मंसूबे पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। उनका कहना है कि मोदी सरकार देश में लोकतान्त्रिक मूल्यों का गला घोंटने का कार्य कर रही है जिसका हम पुरजोर विरोध करते है।मोदी सरकार शासकीय विभाग का गलत उपयोग कर किसी को भी परेशान करने में लगी है जो गलत है, इस बार आयकर विभाग के कंधे पर बन्दुक रखकर मोदी सरकार ने कांग्रेस को फंसाने की योजना की है जिसमे हम उन्हें कामयाब नहीं होने देंगे।

# वनाधिकार पट्टों की सहमति के लिए तीन जनपद सीईओ सहित वन अधिकारी बैठक में हुए शामिल

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 18 फरवरी )वनाधिकार अधिनियम और पीएम जन-मन योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टे और पीएम आवास प्रदान



करने के सम्बंध में शनिवार को बैहर एसडीएम कार्यालय में बैहर बिरसा और परसवाड़ा के अधिकारियों ने संयुक्त बैठक की।एसडीएम विवेक केवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीएम जन-मन के 18 और वनाधिकार अधिनियम के अंर्तगत 90 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा हुई। परसवाड़ा जनपद सीईओ रितेश चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में अलग-अलग जनपदों के प्रकरणों पर वन विभाग,ग्रामीण विकास और राजस्व तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों ने जिला स्तरीय समिति को प्रकरण प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है।शनिवार को बैठक में ऐसे कुल 25 प्रकरणों पर सहमति दी गई।आगे के 3 दिनों में लगातार बैठकों के माध्यम से शेष प्रकरणों पर निर्णय किया जाएगा। बैठक में एसडीओ वन शाक्यवार, बैहर सीईओ,बिरसा सीईओ रमेश टेम्भरे और परसवाड़ा के सीईओ मौजूद थे।

# बाबूलाल मैदान को निगल रही, ईटों की अवैध खदान

### - राजस्व, पुलिस, खनिज, और कॉलरी प्रबंधन का परोक्ष योगदान

### - 10 एकड़ से अधिक भूमि पर खाई खोदकर ईटो का निर्माण और व्यवसाय

"ईंटे जो आम तौर पर निर्माण का प्रतीक होती हैं, किसी भी निर्माण संरचना में जो नींव से लेकर कंगूरे तक अहम भूमिका निभाती हैं, वही ईटें नगर के इकलौते खेल मैदान को धीरे धीरे निगलती जा रही हैं। नगर का वह बाबूलाल खेल मैदान जिसने कई खेल प्रतिभाओं को जन्म दिया, सजाया, संवारा और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से बड़े-बड़े नेताओं अधिकारियों को आमंत्रित आकर्षित कर उनका अभिनंदन किया उसी खेल मैदान का अस्तित्व अवैध ईंट भट्टों के चलते संकट में है। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर तो ईटों के अवैध कारोबारी ही इसके लिए जिम्मेदार माने जा सकते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, खनिज विभाग, पर्यावरण प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड और कालरी प्रबंधन तथा उसकी सुरक्षा एजेंसी ने भी परोक्ष रूप से इस अवैध कार्य में अपना भरपूर योगदान दिया है।"

धनपुरी। नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड नंबर 25 में स्थित बाबूलाल खेल मैदान पिछले 50 वर्षों से नगर के खेल प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस खेल मैदान में न जाने कितने जिला जिला स्तरीय खेल, क्रिकेट मैच फुटबॉल मैच खेले गए और इस खेल मैदान ने न जाने कितनी ही खेल प्रतिभाओं को जन्म देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के लायक बनाया है। इसके अतिरिक्त धनपुरी नगर में खेल मैदान के दाम पर ऐसा कोई खेल मैदान नहीं है जहां पर सुबह शाम नगरवासी और उनके बच्चे अपना हुनर दिखा सके।

### यह कैसा सौंदरीकरण

नगर पालिका ने सौदरीकरण के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए खर्च कर दिए लेकिन धनपुरी नगर पालिका के वार्डो में कहीं भी एक खेल मैदान भी देखने को नहीं मिलता, जहां पर बच्चों को खेलने और अपने खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। बाबूलाल खेल मैदान जहां सुबह शाम बच्चे फुटबॉल टूनामेंट, क्रिकेट टूनामेंट



का आयोजन करते देखे जाते हैं, उस मैदान पर ईट माफियाओं के द्वारा सेंध लगाया जा रहा है। नगर सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए का बजट लुटाती नगरपालिका और उसके ओहदेदारों को इस बात की कतई चिंता नहीं है कि नगर का धरोहर और खेल प्रतिभाओं को निखारने का एकमात्र माध्यम बाबूलाल खेल मैदान अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। मैदान के अस्तित्व पर ग्रहण लगाने वाले ईटों के अवैध निर्माण कताओं और व्यवसायियों पर अंकुश लगाने की दिशा में कभी कोई पहल नहीं की गई।

### बड़ी खाई हो रही तैयार

अवैध रूप से ईटो के निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी मशीनें लगाकर मिट्टी की खुदाई किए जाने से बहुत बड़ी खाई बनकर तैयार हो रही है, जिसके कारण बाबूलाल खेल मैदान की मिट्टी धीरे-धीरे खिसक कर उसी खाई में समाती जा रही है। यह एक ऐसी खाई है जिसमें नगर के कुछ नामी-गिरामी ईट व्यवसायियों के साथ ही सैकड़ों की तादाद में बेलदार ईटों का निर्माण कर उसका कारोबार करते हैं और खुद लाखों की कमाई कर बाबूलाल मैदान का अस्तित्व मिटाने पर आमादा हैं। हालात यदि यही बने रहे तो निकट भविष्य में बाबूलाल खेल मैदान दुर्घटनाओं और हादसों की आशंका का केंद्र बनकर रह जाएगा जहां बच्चे जाएंगे तो खेलने, लेकिन कब किस हादसे का शिकार हो जाएंगे किसी को जानकारी नहीं है।

### मुफ्त का कोयला, मिट्टी और जमीन

गौरतलब है कि बाबूलाल मैदान और उससे लगी हुई एक बड़ी आराजी शासकीय स्वामित्व की भूमि है, और इसी शासकीय भूमि के 1 बड़े भाग यानी लगभग 10 एकड़ जमीन पर स्थानीय सफेदपोश कारोबारियों द्वारा ईटों के अवैध निर्माण का व्यवसाय किया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि बाबूलाल मैदान के पास ही क्यों ईटों का अवैध निर्माण हो रहा है? इसके जवाब में एक ही बात सामने आती है, वह यह कि कालरी से चोरी कर निकाला जाने वाला मुफ्त का कोयला, शासकीय स्वामित्व की मुफ्त की जमीन और मिट्टी तथा कालरी का ही पानी मिलने का इससे अच्छा स्थान और कहीं हो ही नहीं सकता है। खेल मैदान से लगी भूमि पर दर्जनों की संख्या में ईट माफियाओं के द्वारा ईट का व्यापार धड़ल्ले से वर्षों से कर चोरी का ट्रकों कोयला प्रतिदिन खपाया जा रहा है।

### चोर नहीं चोरों जैसा काम

ईंटों के इस अवैध कारोबार में शासकीय विभाग और एसईसीएल सोहागपुर एरिया मैनेजमेंट के साथ ही नगरीय निकाय की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है इसकी वजह यह है कि अपराधी सिर्फ अपराध कार्य करने वाला नहीं होता बल्कि अपराध में सहयोग देने वाला भी अपराधी ही माना जाता है और वह भी उसके समान दंड का भागीदार होता है।

### पांच विभाग जिम्मेदार

बाबूलाल मैदान के पास कोयले के अवैध निर्माण और व्यवसाय के मामले में राजस्व विभाग के पटवारी से लेकर तहसीलदार तक खनिज विभाग के निरीक्षक और अधिकारी तक, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मैदानी अमले और अधिकारी के साथ ही एरिया मैनेजमेंट और उसकी सुरक्षा का दायित्व निभाने वाली सीआईएसएफ कंपनी के मैदानी अमले और अधिकारियों को भी सामान्य रूप से जिम्मेदार माना जा सकता है, क्योंकि हल्का पटवारी अथवा राजस्व निरीक्षक में कभी शासकीय भूमि का दुरुपयोग रुकने की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की, खनिज विभाग द्वारा बिना अनुमति निर्मित किए जा रहे ईटों और ईट भट्ठा के खिलाफ कार्यवाही की जहमत नहीं उठाई गई, पीसीबी द्वारा भी खेल मैदान और स्थानीय पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे इन अवैध ईंट भट्टों पर नकेल कसने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया सबसे अधिक जिम्मेदार तो सीआईएसएफ कंपनी को माना जा सकता है जो एसईसीएल से काली जी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के नाम पर भारी भरकम राशि बसंती है लेकिन उसकी सुरक्षा के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। प्रतिदिन हजारों बोरियां कोयला निकलकर घर घर पहुंच रहा है ईट भट्टों में पहुंच रहा है जिसे रोकने की कभी जरूरत ही महसूस नहीं की गई यही स्थिति पुलिस विभाग की भी है सुबह से लेकर शाम तक लोग बोरियों में भरकर कोयला लेकर निकलते हैं घरों के सामने सिगड़ी जलाते पुलिस विभाग के किसी भी बंदे ने यह पूछने की कोशिश नहीं की कि जब कोयला प्रतिबंधित है तो कहां से लाकर इसका इस्तेमाल किया जा रहा है ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है।

### परेशान रहवासी

ईट पकाते समय प्रदूषण से खेल प्रेमियों को भी परेशानी होती है वही वार्ड नंबर 25 के वार्ड वासियों को भी प्रदूषण परेशान देखे जाते हैं।

ईट उद्योग बाबूलाल मैदान सटी हुई जमीन को जेसीबी मशीन से खोदकर सैकड़ों ईट भट्टा संचालित कर जमीन को खदान नुमा बना दिया गया।

### कालरी मैनेजमेंट भी जिम्मेदार

यह बात आए दिन सामने आती है कि एसईसीएल सोहागपुर एरिया करोड़ों रुपए के घाटे में चल रही है। इस घाटे का कारण क्या है यह जानने की जरूरत शायद मैनेजमेंट के अधिकारियों ने महसूस नहीं की, अन्यथा उन्हें एक नजर में ही समझ में आ जाता कि प्रतिदिन हजारों बोरियां कोयला जो ट्रकों में भरकर पार किया जाता है अथवा ईट भट्ठों में खपाया जाता है, और लोग घरों में सिगड़ी में उपयोग कर रहे हैं अगर इस पर वास्तव में नियंत्रण स्थापित कर लिया जाए तो काफी हद तक घाटा पूरा किया जा सकता है। इसके लिए मैनेजमेंट द्वारा सीआईएसएफ कंपनी को सुरक्षा का ठेका भी दिया गया है लेकिन यह कंपनी और इसके कर्ताधर्ता मुफ्त का पैसा वसूलने तक ही सीमित हैं। उधर कंपनी से मुफ्त का पैसा सुरक्षा के नाम पर वसूल रहे हैं, तो इधर कोयले के अवैध कारोबारियों, ईट भट्ठा संचालकों और रोजमर्रा कोयला बेचकर अपनी रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों से अवैध वसूली कर अपनी तोंद मोटी करने में ही सीआईएसफ कंपनी के जवान लगे हुए हैं। यदि इन पर अंकुश नहीं लगाया जाता तो यह अवैध कारोबार दिनों दिन फलता फूलता रहेगा।

# बिरसा सहित जिले से सैकड़ो रामभक्त अयोध्या के लिए हुए रवाना

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा /बालाघाट।( 18 फरवरी )धर्म नगरी लाँजी, रामपायली, कटंगी, बैहर बिरसा सहित जिले से सैकड़ो से राम भक्त भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या के लिए सुबह रवाना हुए।जिसमे विश्व हिन्दू बजरंग दल सहित भारतीय जनता पार्टी व अन्य हिंदू संगठनों के साथ बड़ी संख्या में जिले वासियों ने इस यात्रा में शामिल होकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए।इन रामभक्तों में जोरदार उत्साह बना हुआ था तो वहीं इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे भी गूंजे।अपने अपने तहसील व खंड से रामभक्त एक स्थान पर एकत्रित होकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए बस में सवार हुए जिन्हे स्थानीय लोगों ने शुभकामनायें देकर विदा किया।बिरसा तहसील से विश्व हिन्दू बजरंग दल खंड के नेतृत्व में करीब 50 राम भक्तो का दल भगवान की नगरी अयोध्या के लिए बस में सवार होकर नागपुर पहुंचा जहाँ से जिले के सैकड़ो रामभक्त ट्रैन से अयोध्या के लिए रवाना हुए।

# कांग्रेसियों ने किया भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत

## उमड़ा जनसैलाब पार्टी कार्यकताओं के साथ स्थानीय नागरिकों का भी रहा जुटान।

**समाज जागरण नीरज कुमार पाण्डेय रोहनिया वाराणसी।**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो नया यात्रा बिहार के बाद उत्तर प्रदेश में चंदौली के रास्ते प्रवेश कर गई है दिनांक 17 फरवरी को वाराणसी की गोलगड्डा से यात्रा प्रारंभ हुई यात्रा के रूट पर जगह-जगह यात्रा के स्वागत में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इसी कड़ी में अकेला चौराहा और जन्सा चौराहे पर भी राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष संतोष मौर्य ,पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष केशव वर्मा, लक्ष्मी यादव,पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजीव गौतम, श्री राम केसरी, लक्ष्मी यादव सहित तमाम कार्यकताओं की उपस्थिति रही। यात्रा में कांग्रेस जनों के साथ-साथ पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में सपा कार्यकताओं की भी उपस्थिति देखी गई।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में तीन मुन्नाभाई पकड़े गए।

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। बड़ागांव थानाक्षेत्र के हरहुआ कोईराजपुर स्थित संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल में यूपी पुलिस परीक्षा के दौरान बड़ागांव थाने की पुलिस ने 3 सॉल्वर को किया गिरफ्तार।

बड़ागांव थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा और हरहुआ चौकी प्रभारी शिवानंद सिसोदिया व पुलिस टीम ने तीनों को किया गिरफ्तार।

पकड़े गए मुख्य सॉल्वर में अरुण कुमार पाण्डेय 45 बहादुरपुर जिला अंबेडकर नगर ,दूसरा अनंत कुमार भारती 35 निवासी ग्रा0 पांडेयपुर ,सबरा जिला बलिया, तीसरा अशोक कुमार उर्फ मंटू 33 वर्ष निवासी ग्राम बरजी,पो0कन्धरापुर शाहपुर जिला आजमगढ़ हैं। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए सॉल्वर ने बताया कि पहली पाली में वह लोहता थाना क्षेत्र के एक परीक्षा केंद्र अकेलवां पर परीक्षा दिया और वहां से बच निकला था। दूसरी पाली में परीक्षा देते समय उसे और उसके दो सहयोगियों को पुलिस ने पकड़ लिया। तीनों से बड़ागांव थाने पर पूछताछ की जा रही है।

# राजातालाब क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा मे दो मुन्ना भाई हुए गिरफ्तार

**समाज जागरण विनीत कुमार सिंह**

उत्तर प्रदेश पुलिस की भर्ती में शनिवार को सुबह की पाली में राजातालाब थाना क्षेत्र के सरदार पटेल इंटर कालेज में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा



बिहार के नालन्दा का रहने वाला साल्वर राजाराम नामक मुन्ना भाई को राजातालाब थाना प्रभारी सुमित्रा देवी , निरीक्षक बृजेश सिंह और उप निरीक्षक सुनील गौड़ की टीम ने पकड़ कर हिरासत में लिया।इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर से बलिया निवासी परीक्षार्थी विश्ववा प्रताप भी पकड़ाया, पुलिस ने उसको भी हिरासत में लिया। एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा के दौरान शनिवार को प्रथम पाली में सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज बढैनी में दूसरे अभ्यार्थी के स्थान पर के बिहार नालंदा निवासी राजाराम को आधार कार्ड बायोमेट्रिक नहीं लेने पर पकड़ा गया तथा दूसरी ओर परीक्षा केंद्र के बाहर ही चेकिंग के दौरान बलिया निवासी विश्वा प्रताप को हिरासत में लेकर पुलिस कड़ाई के साथ पूछताछ कर रही है।यूपी पुलिस की भर्ती हेतु राजातालाब थाना क्षेत्र में कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें दो दिन में कुल चार पाली परीक्षा होगी। जहां पर कड़े सुरक्षा प्रबंध के साथ एसटीएफ समेत खुफिया एजेंसियो को नकल माफिया और साल्वर गैंग को पकड़ने हेतु लगाया गया है।

# यूपी में राहुल की न्याय यात्रा का दूसरा दिन:

## काशी के लिए निकलें बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे; राजघाट पुल पर लहराया काला झंडा

राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय' यात्रा का आज 35वां दिन है। राहुल आज वाराणसी पहुंचेंगे। काशी में 12 किलोमीटर की यात्रा में राहुल काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित करेंगे। इसके बाद आराजी लाइन के गांव कुरौना में लंच करेंगे। राहुल के साथ सीनियर लीडर जयराम



रमेश, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कई नेता हैं। इससे पहले चंदौली में जहां राहुल ने स्टे किया था। वहां देर रात इल्व के 25 प्रोफेसरों और छात्रों के डेलीगेट्स ने मुलाकात की। इस दौरान राहुल ने इल्व में हो रहे एक्टिविटी को लेकर बात की। क्क्ळ-इल्व गैंगरेप मामले पर चिंता जताई। राहुल की यात्रा ने शुक्रवार को चंदौली से यूपी में एंट्री की थी। इस दौरान उन्होंने जनसभा में कहा था कि देश में जो नफरत और हिंसा फैल रही है उसका कारण अन्याय है। किसान युवाओं के साथ सामाजिक और आर्थिक अन्याय हो रहा है। पाकिस्तान पर बोलेंगे पर महंगाई, बेरोजगारी पर नहीं बोलेंगे, क्योंकि ये आप के नहीं अडाणी के हैं।

# सिवर लाइन ओवरफ्लो होने से जनता परेशान, राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल

**विभाग से किया शिकायत आश्वासन के बावजूद नहीं हुई कोई कार्यवाही**

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी पांडेपुर निवासी धीरज पटेल नीरज पटेल खादिम शोरूम मैनेजर कमल श्रीवास्तव बृजेश श्रीवास्तव उज्जैन बैंक मैनेजर कमलेश रोहित शर्मा गोलू विश्वकर्मा ने कहा कि सीवर लाइन की ओवरफ्लो की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है जिससे कि क्षेत्र में व्यापार आदि पर भी काफी असर पहुंच रहा है और संबंधित विभाग से शिकायत करने



के बावजूद किसी ने भी समस्या के समाधान हेतु कोई कदम नहीं उठाया हम लोगों ने क्षेत्री नेताओं ने भी समस्या के संदर्भ में गुहार लगाई परंतु सभासद लगायत सभी क्षेत्री नेताओं ने हम लोगों की समस्या से दूरी बनाई हुई है।

# हजारों बकरी व भेंड को लगेगा पोकनी रोग से बचाव का टीका

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी मौसम में उतार चढ़ाव से पशुओं में भी बीमारी बढ़ने की संभावना की लेकर हरहुआ ब्लाक क्षेत्र में 7000 बकरी व भेंड को पीपीआर (पोकनी) रोग से बचाव के लिए पशुपालन विभाग द्वारा घर-घर जाकर निशुल्क टीका लगाया जा रहा है।

इसी क्रम में आदमपुर गांव में 60 बकरियों का पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण किया गया।

क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 आशीष वर्मा ने बताया कि इस रोग की चपेट में आने पर पशु को मूंह से लार, नाक से पानी आने लगता है आंखे लाल हो जाती है। कुछ ही दिनों में लार के साथ खुन आने लगता है, नाक से गाढ़ा पानी निकलने के साथ ही तथा आंख से कीचड़ भी आने लगता है। इस रोग में पशु को तीव्र दस्त होता है जो बाद में खूनी हो जाता है। मूंह में दाने हो निकलने के साथ ही तेज बुखार भी हो जाता है। जिससे पशु की मौत हो जाती है। इसका कोई इलाज नहीं सिर्फ टीका ही बचाव है। बरसात के मौसम के बाद यह रोग फैलता है। यह रोग छूआछूत से फैलता है। टीका तीन वर्ष में एक बार लगता है।

स्थानीय विकास खंड को 7000 टीका शासन द्वारा प्राप्त हुआ है। विकास खंड में 10000 बकरी व भेंड है। टीका 70 फीसदी बकरी व भेंड को लगेगा। उन्होंने ने बताया कि अन्य 30 फीसदी पशु स्वरोग प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न कर लेगे जिन्हें टीका लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। बीते वर्ष 2021 में विकास खंड 6000 हजार टीकाकरण हुआ था। 16 फरवरी से प्रारंभ हुआ टीकाकरण अभियान आगामी 31 मार्च तक चलेगा। टीकाकरण के लिए पशु मित्र, पशुधन प्रसार अधिकारी लगे हुए हैं।

# मनबढों.ने युवक को रॉड डंडे से मार कर किया लहू लुहान

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी। सिंहपुर अंडरपास के समीप चाय की दुकान पर मनबढों.ने राड और डंडे से मारकर एक युवक को घायल कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी।

जानकारी अनुसार पतेरवा निवासी दीनबंधु पटेल रिंग रोड स्थित एक चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे कि इन्हीं के गांव के मुन्ना पटेल से तू तू मैं में हो गई जिस पर मुन्ना पटेल अपने दुकान के सामने दीनबंधु को गाली गलौज देने लगा, अपने साथ घटे इस घटना की सूचना दीनबंधु ने अपने भाई शशि को दिया। शशि इस घटना की जानकारी जब मुन्ना पटेल से ले रहा था कि मुन्ना के दो पुत्र चंदन व राहुल राड और डंडे से शशी पटेल की जमकर पिटाई कर दिए वहीं दीनबंधु पटेल को भी पीट कर लहू लोहान कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार करवाया। थाना प्रभारी अधिक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुन्ना पटेल, चंदन पटेल व राहुल पटेल के खिलाफ 323, 504, 506 धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

# राजातालाब क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा मे दो मुन्ना भाई हुए गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

आराजी लाइन।उत्तर प्रदेश पुलिस की भर्ती में शनिवार को सुबह की पाली में राजातालाब थाना क्षेत्र के सरदार पटेल इंटर कालेज में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा बिहार के नालन्दा का रहने वाला साल्वर राजाराम नामक मुन्ना भाई को राजातालाब थाना प्रभारी सुमित्रा देवी , निरीक्षक बृजेश सिंह और उप निरीक्षक सुनील गौड़ की टीम ने पकड़ कर हिरासत में लिया।इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर से बलिया निवासी परीक्षार्थी विश्ववा प्रताप भी पकड़ाया, पुलिस ने उसको भी हिरासत में लिया। एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा के दौरान शनिवार को प्रथम पाली में सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज बढैनी में दूसरे अभ्यार्थी के स्थान पर के बिहार नालंदा निवासी राजाराम को आधार कार्ड बायोमेट्रिक नहीं लेने पर पकड़ा गया तथा दूसरी ओर परीक्षा केंद्र के बाहर ही चेकिंग के दौरान बलिया निवासी विश्वा प्रताप को हिरासत में लेकर पुलिस कड़ाई के साथ पूछताछ कर रही है।यूपी पुलिस की भर्ती हेतु राजातालाब थाना क्षेत्र में कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें दो दिन में कुल चार पाली परीक्षा होगी। जहां पर कड़े सुरक्षा प्रबंध के साथ एसटीएफ समेत खुफिया एजेंसियो को नकल माफिया और साल्वर गैंग को पकड़ने हेतु लगाया गया है।

# चोरी का असफल प्रयास

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी रोहनियाथाना क्षेत्र के मोहनसराय चौकी अंतर्गत शहावाबाद स्थित एक शोरूम में बीती रात शुक्रवार को तीन अज्ञात चोरों ने शोरूम के पिछले हिस्से से दीवार फांदकर अंदर घुसे व मणि शंकर सिंह नामक गार्ड को बंधक बनाकर मारपीट कर रहे थे तभी अन्य गार्डों के ललकारने पर तीनों भाग खड़े हुए सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुवायना किया साथ ही साथ सीसीटीवी फुटेजों को भी खंगाला

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही

पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हरदतपुर निवासी विजय उर्फ मोनू को हिरासत में लिया गया तो उसके निशान देही पर दो अन्य आरोपी बलिया निवासी दिलीप राजभर व पीपर पतीया चंदौली निवासी बाबिल नामक दो अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया गया है तीनों से पूछताछ की जा रही है अभी तक शोरूम की तरफ से कोई भी तहरीर नहीं मिली है तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी वहीं हिरासत में लिए गए तीनों आरोपियों ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड हमारे साथ पिता खाता था व किसी बात को लेकर हमारी कहासुनी हुई थी जिस पर हमसे शराब के नशे में ऐसा कृत्य हो गया

# वाराणसी। पांडेपुर निवासिनी महिला को ओलेक्स पर मकान किराए पर देने की जानकारी देना महंगा पड़ा।

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

अपने को सेना का अधिकारी बन फ्लैट लेने का झांसा दे कर जालसाज ने ऑन लाईन 25 हजार की ठगी कर ली। महिला की तहरीर पर कैन्ट पुलिस आईटी एक्ट में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी। पार्वती नगर कालोनी पांडेपुर निवासिनी संजना सिंह के अनुसार उसने अपना फ्लैट किराए पर देने के लिए ओलेक्स पर जानकारी दी थी।अपने को सेना के अधिकारी बन कर एक व्यक्ति ने संजना से बात की और किराए आदि के विषय मे बात की। एडवांस में 25 हजार की मांग पर जालसाज ने सेना के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि दो गुना 50 हजार आपके खाते में ऑन लाईन ट्रांनसफर किया जाएगा पहले आप 25 हजार भेजिये।सैनिक के बात पर विश्वास कर महिला ने जब 25 हजार भेजा तो उसके बाद जालसाज ने मोबाईल बन्द कर दिया। सम्पर्क न होने पर आजिज पीड़िता ने जालसाज के खिलाफ कैन्ट में मुकदमा दर्ज कराया।

# हिन्दुस्तान अखबार के सकुर्लेशन प्रबंधक के घर घुस कर बहन सोने की चेन स्नैचिंग।

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

जक्खिनी।वाराणसी सांसद आदर्श ग्राम जयापुर निवासी एवं हिन्दुस्तान अखबार के सकुर्लेशन प्रबंधक अरुण कुमार सिंह के यहां एक संदिग्ध व्यक्ति छत से चढ़ा। जिसका पता चलने पर हो हल्ला हुआ चोर भाग गया। पुनः रात में दोबारा चोर छत के सहारे नीचे उतरा और एक कमरे में सो रही बहन बेटी में बहन के गले में 25 ग्राम की चेन नोचकर भाग निकला।

अरुण सिंह ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुची परिजनों से पूछताछ की और साक्ष्य इकट्ठा किया। लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला।

# एकल अभियान संच बिरसा की बैठक हुई संपन्न, नवीन कार्यकारिणी घोषित

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 18 फरवरी )एकल अभियान अंचल बालाघाट संच बिरसा की बैठक 16 फरवरी शुक्रवार को संच केंद्र बिरसा में सम्पन्न हुई,जिसमें संच समिति,संच महिला समिति अन्य समिति का गठन किया गया, जिसमें महिला समिति का नया विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद मीना राहंगडाले, उपाध्यक्ष शिवप्यारी तोमर सहपध्याक्ष उषा जयसवाल सचिव जागेश्वरी, श्रुति किरती,सह सचिव रसीला राहंगडाले , कोषाध्यक्ष कल्पना मर्सकोले, ज्योति नाग, कार्य करणी सदस्य रसीला पालके,शंकुमेरावी रमीला धुर्वे, मीना मर्सकोले, सुषमा राणा, लक्ष्मी पटले, ओमान पटले,रिता चौहान,राखी पटले,सविता पटले, पुष्पा पटले,ममता पटले,, ललीता राहंगडाले, ममता राहगडाले,उषा शरणागत, सुरजन चौहान पुष्पा बघेल, इत्यादि को दायित्व सौंपा गया। इसी के साथ संच समिति का नवीनीकरण भी किया गया। जिसमें संच अध्यक्ष मनोज बिसेन, उपाध्यक्ष शंकर लाल ठाकरे, राम चरण मरकाम , सचिव जयपाल ब्रम्हे,सह सचिव योगेंद्र बिसेन, रामकथा अध्यक्ष गणेश राहंगडाले, संरक्षक मामराज शरणागत, सुरेंद्र ठाकरे, आरोग्य प्रमुख लखन पंचेश्वर, किशोर पटले,उमेन्द्र राहंगडाले, सुखलाल यादव, संदीप राहंगडाले, मनोज राहंगडाले, राम किशोर मराठे,भुनेश ठाकरे, आर डी पटले, उमेश तुरकर, लखन मेरावी, गणेश ठाकरे, महेश मेरावी, प्रमेश बिसेन, चैतराम तुरकर, मिथलेश पटले एवं मीडिया प्रभारी शिवशंकर पाण्डेय को बनाया गया है।उक्त नवीन समिति के सदस्यों को उच्च पदाधिकारियों के निर्देश एवं मतानुसार से नवीन जिम्मेदारी सौंपी गयी है जिसे सभी सदस्य पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा से अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे।एकल अभियान से संजय धारवैइया अंचल ग्राम स्वराज मंच योजना प्रमुख, राम प्रसाद राहंगडाले अंचल कार्यालय प्रमुख, सहदेव मरकाम संच प्रमुख अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसओजी,सर्विलांस और उत्तर पुलिस सॉल्वर गैंग का किया भण्डाफोड़

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी भर्ती परीक्षा को नकल विहीन कराने में पुलिस प्रशासन की सतर्कता रही। उत्तर पुलिस ने पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल कराने के प्रयास करने वाले सॉल्वर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में आधार कार्ड, एडमिट कार्ड और 20.200 रुपये सहित अन्य सामान बरामद किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 को निर्धारित प्रक्रियानुसार सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षतापूर्ण एवं शुचितापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। इसको द्दष्टिगत रखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में साल्वर गैंगों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान सर्विलांस टीम की मदद व मुखबिर की सूचना पर थाना उत्तर पुलिस शनिवार सुबह सॉल्वर गैंग के मास्टर माइन्ड हरिशंकर उर्फ हरिओम व रमनेश व पुलिस भर्ती के अभ्यार्थी नितिन व अभिषेक यादव को कृष्णा विहार कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से भारी मात्रा में कूट रचित दस्तावेज, परीक्षा से सम्बन्धित दस्तावेज एवं 20200 रुपये बरामद किये।

# पुलिस भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच चालू

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी मिजार्मुराद क्षेत्र के गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय व किसान इंटरमीडिएट कालेज, खजुरी गांव स्थित आर. एस वर्ल्ड स्कूल व अर्जुन प्रसाद इंटर इण्टरमीडिएट कालेज, मेंहदीगंज गांव स्थित शिवचरण स्मारक इंटर कालेज व काशी दर्शन डीयू महिला महाविद्यालय, डंगहरिया गांव स्थित भवानी प्रसाद सिंह इंटर कालेज व चित्रसेनपुर गांव स्थित अमरावती देवी इंटरमीडिएट कालेज में शनिवार को पहले दिन यूपी पुलिस की प्रथम पाली की परीक्षा सुबह दस बजे चालू हुआ।परीक्षा के पहले सुबह सात बजे से ही अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्र के बाहर लम्बी लाइन लग गई थी।

गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि प्रथम पाली में 384 अभ्यर्थियों को परीक्षा देना मगर 355 अभ्यर्थियों ने ही पुलिस परीक्षा दिया व 29 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। वही दूसरे पाली की परीक्षा तीन बजे चालू हुआ उसमें अभ्यर्थियों की एंट्री एक बजे से ही चालू हो गया था व 384 अभ्यर्थियों में से 332 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया 52 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया।अभ्यर्थियों का केंद्र के अंदर प्रवेश के पहले कड़ी सुरक्षा के बीच जांच कर व बायोमेट्रिक के बाद ही केंद्र पर प्रवेश मिल रहा था।साथ ही सारे कालेजो में एक-एक प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी हो रही थी।वही अभ्यर्थियों का एक दिन पहले से परीक्षा केंद्र पर आना शुरू हो गया था अभ्यर्थी केंद्र देखने के बाद कही भी आसपास जगह देखकर किसी तरह रात बिताएं वही पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों को रुकने की भी व्यवस्था किया गया था लेकिन जानकारी के अभाव में अभ्यर्थी परेशान रहे।सुरक्षा को देखते हुए मिजार्मुराद क्षेत्र में बने आठ पुलिस परीक्षा केंद्र सुबह से ही एडीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल, एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव, मिजार्मुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया समेत अन्य अधिकारी केंद्रों पर भम्रण कर रहे।

# फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

काशी विद्यापीठ/ वाराणसी लोहता थाना क्षेत्र लखमीपुर गांव निवासी जय कुमार 21 वर्ष ने शनिवार की दोपहर किचन में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार मृतक कंप्यूटर क्लास करके दोपहर बाद घर आया और गांव के लड़को के साथ कुछ देर बैठा था फिर एकाएक उठा और घर जाकर टीन शेड से बने किचन में लगी बल्ली में गमछे से फसा कर आत्महत्या कर लिया । घर वाले जब खेत से आए तो किचन का आदर से दरवाजा बंद होने पर कुछ शक हुआ। फिर दरवाजा तोड़कर दोपहर लगभग 3 बजे फांसी के फंदे से लटकते हुए देखा तो सबके होश उड़ गए।आनन फानन में शव को नीचे उतारा। इसके बाद रोना-पीटना मच गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक जय कुमार आई टीआई किया था। मृतक के पिता ने बताया कि इकलौता पुत्र था और एक बेटी है। ग्रामीणों के अनुसार आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी लोहता प्रवीण कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,मामले की जांच की जा रही है। वही मृतक के पिता अर्जुन कुमार व मां पुष्पा देवी दहाड़े मार मार कर रो रही थी

# ईयर फोन लगा गाना सुनना युवक को पड़ा भारी मालगाड़ी की चपेट में आने से गई जान

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

सेवापुरी। वाराणसी युवकों में बढ़ती सोशल नेटवर्किंग का भुत उनके लिए जान लेवा सिद्ध हो रहा है इसके बावजूद भी वे सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं जिस क्रम में शनिवार की सुबह 7 बजे उत्तर रेलवे के कपसेठी रेलवे स्टेशन के पश्चिम सिग्नल के पास ऐक युवक की ट्रेन से कटकर उस समय मौत हो गई। जब वह कान में इयर फोन लगा गाना सुनते हुए रेलवे पटरी के बीचो-बीच पैदल अपने घर जा रहा था कि सामने से आ रही मालगाड़ी के चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान अंकित पटेल 24 वर्ष के रूप में की जो कपसेठी थाना क्षेत्र के रसुलहा गांव का निवासी बताया जाता है और अपने मां-बाप का इकलौती संतान था ट्रैक पर मालगाड़ी के खड़ी होने के चलते प्रतापगढ वाराणसी पैसेंजर गाड़ी को आधे घण्टे आउटर सिंगल पास रुकना पड़ा।सूचना पर पहुंची कपसेठी पुलिस ने सव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के पिता पप्पू पटेल मध्य प्रदेश के इंदौर में रहते हैं और मृतक भी वही से किसी ट्रेन से शनिवार की अल सुबह बस से कपसेठी आया था कपसेठी बाजार उतरकर रेलवे ट्रैक पकड़ घर जा रहा था कि यह हादसा हो गया मृतक वाराणसी के एक कॉलेज का बी ए दूसरे वर्ष का छात्र बताया जाता है घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है ।।

# सी आरपीएफ 95 बालियन सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में असि घाट से लेकर तुलसी घाट तक चला स्वच्छता अभियान

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के मिशन क्लीन गंगा एवं ग्रीन गंगा के तहत वाराणसी के कमिश्नर श्री कौशल राज शर्मा के निर्देशन में एवं कमान्डेंट अनिल कुमार बृक्ष जी के मार्गदर्शन में सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड अंबेसेडर अनिल कुमार सिंह के अगुवाई तथा नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की टीम के साथ चलाया गया स्वच्छता अभियान संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सभी को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई हम सबने यह ठाना है काशी को स्वच्छ बनाना है नारे के साथ प्रवीण सिंह की टीम सृजन सामाजिक विकास न्यास की टीम एवं नगर निगम ने स्वच्छता की रैली निकाल कर नाविकों घाट के पंडे पुजारी एवं दर्शकों को गंदगी न करने का संदेश दिया,नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वच्छता में काशी को नं 1 पायदान पर पहुंचाने हेतु संकल्प लिया,

इस कार्यक्रम में श्री नवनीत कुमार,श्री उमाकांत ओझा उप कमांडेंट निरीक्षक प्रिंस सिंह एवं भारी संख्या में 95 बटालियन के जवानों ने भाग लिया

# 50 वर्षीय वर्षीय टोटो चालक ने फांसी लगा कर जान दी

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

रामनगर/ वाराणसी स्थानीय थानान्तर्गत सूजाबाद में शनिवार की सुबह एक 50 वर्षीय टोटो चालक ने फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार सूजाबाद निवासी नितेश यादव ने 112 नंबर पर डायल कर बताया गया कि उनके चाचा 50 वर्षीय मनोज यादव ने अपना कमरा बन्द कर फांसी लगा लिया है। सूचना पर सूजाबाद चौकी इंचार्ज मौके पर पहुँचे। उन्होंने खिड़की से देखा तो पता चला कि मनोज कपड़े के सहारे बल्ली में फंदा बना कर फांसी लगा कर लटका हुआ था। किसी तरह दरवाजा तोड़कर अंदर पहुँच कर उसे नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक अविवाहित था और टोटो चलाकर अपना जीवन यापन करता था। उसने आत्महत्या क्यों कि यह जानकारी नही मिल सकी। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नही मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अनियंत्रित मिनी तेल टैंकर पलटा

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी चोलापुर क्षेत्र के गोला वाराणसी आजमगढ़ मार्ग स्थित शनिवार दोपहर में तेल लदा मिनी टैंकर पलट गया ।

जानकारी के अनुसार टाटा पिकअप टैंकर सड़क बनाने वाले तेल को लाद कर आजमगढ़ की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा था । गोला मोड पर पहुंचते ही अनियंत्रित होकर पलट गया । पलटने के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया । टैंकर में लदा लगभग पांच हजार लीटर तेल सड़क पर बहने लगा । जिसको देखकर स्थानीय बाजार वासीयों में हड़कंप मच गया जिसकी सूचना चोलापुर पुलिस को दी गई । मौके पर पहुंचे चोलापुर पुलिस इंस्पेक्टर अतुल कुमार सिंह मय फोर्स सक्रियता निभाते हुए सड़क के चारों तरफ आवागमन को रोकते हुए तेल तेल को नाले में बहने के लिए खुलवाया । वहीं फायर ब्रिगेड के आने पर सड़क पर गिरे हुए तेल से दुर्घटना होने की संभावना को लेकर सड़क की धुलाई कराई गई ।

# नमो एप पर पार एक लाख प्वाइंट्स पार करने से अकबरपुर में प्रमाणित जीत सिंह की लोकप्रियता

## - सफलता के लिए व्यक्त किया समर्थकों और क्षेत्रीय जनता का आभार

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा वाले पार्टी की नीतियों और योजनाओं का भरपूर प्रचार प्रसार करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नमो एप को सर्वाधिक संख्या में डाउनलोड करने का भी अभियान शुरू किए हुए हैं। जिसमें अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रबल दावेदार जीत प्रताप सिंह भी नमो ऐप डाउनलोड करने का रिकॉर्ड बनाने में अव्वल चल रहे हैं। उन्होंने हाल में ही ह्लनमों एपह्व डाउनलोड करने के रूप में 01 लाख पॉइंट्स पार करने का रिकॉर्ड बनाया है !

भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने ह्लनमों एपह्व पर 100000 पॉइंट्स पार करने का यह आकड़ा कानपुर देहात स्थित अपने समर्थकों की मदद से बनाया।




अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी की टिकट के सबसे पहली पसंद माने जाने वाले तेज तर्रार और व्यवहार कुशल वरिष्ठ भाजपा नेता जुझारु जीत प्रताप सिंह इसी के साथ लोगों के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार में भी अग्रणी चल रहे हैं।

इस बीच उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी को 78 सीटें हर हाल में जिताने के लिए संकल्पबद्ध सैकडों. की सदस्य संख्या वाले भारतीय प्रधान संगठन के यूपी अध्यक्ष और अखिल भारतीय क्षत्रिय जागरण मंच के भी मुखिया ठाकुर एस के सिंह ने दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी ने जुझारू जीत प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया तो वह सर्वाधिक मतों से जीतने वाले अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के पहले प्रत्याशी भी साबित होंगे। वहीं भाजपा नेता दावेदार जीत प्रताप सिंह ने नमों एपह्व पर 100000 पॉइंट्स पार करने में मिली सफलता के लिए समर्थकों समेत क्षेत्रीय जनता का आभार भी प्रगट किया है।

# भाजपा नेता संजय टंडनै भारत मंडपम'' में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुए शामिल, दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक के बाद कहा- लोकसभा चुनाव की रणनीति पर हुई चर्चा

रघुनंदन पराशर जैतो
दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो



नई दिल्ली,17 फरवरी :चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी संजय टंडन आज नई दिल्ली भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए। साथ ही दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक का हिस्सा भी बने। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राष्ट्रीय कार्यकारिणी और बड़े स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। भाजपा नेता संजय टंडन ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियों, संगठनात्मक विषयों और आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि "भारत मंडपम'' में 'इस बार भाजपा 400 पार' के नारे को वास्तविकता में बदलने के लिए हर सुझाव पर चर्चा और गहन मंथन किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल, हिमाचल भाजपा के महासचिव सिद्धार्थ, चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रभारी विजय रूपाणी, चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री, मंथरी श्रीनिवासुल, पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ और चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष जितेंद्र मल्होत्रा व अन्य उपस्थित रहे। भाजपा नेता संजय टंडन ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले आज विशेष रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद का आयोजन भी किया गया। इसमें देशभर से लगभग दस हजार से अधिक प्रतिनिधि/कार्यकर्ता शामिल हुए। राष्ट्रीय परिषद का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा किया गया। संजय टंडन ने बताया कि इस राष्ट्रीय परिषद में देश का वरिष्ठ नेतृत्व, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह और भाजपा नेता अविनाश राय खन्ना शामिल हुए। साथ ही हिमाचल प्रदेश के लगभग 220 से अधिक प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। भाजपा नेता संजय टंडन ने बताया कि राष्ट्रीय परिषद के आयोजन का उद्देश्य लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद पर सुशोभित करना है। उन्होंने कहा कि 'इस बार भाजपा 400 पार' का नारा देकर इस जादुई आंकड़े को प्राप्त करेगी। राष्ट्रीय परिषद में इसकी योजना भी बनाई गई। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक के बाद देशभर से आए कार्यकर्ता अपने-अपने प्रदेशों में लौट कर 2024 के मिशन रिपीट की तैयारियों में जुटेंगे।

# स्मृति ईरानी ने चार हजार लोगों को अयोध्या भेजा

कामता नाथ सिंह नसीराबाद, रायबरेली।रामलला के दर्शन हेतु केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद श्रीमती स्मृति ईरानी की पहल पर दो लाख से अधिक लोगों को प्रभु श्रीराम लला के दर्शन पूजन के लिए बसों द्वारा अयोध्या धाम भेजा जाएगा।शनिवार को 64 बसों से चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं को राम लला के दर्शन के लिए रवाना किया गया।



केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति की इच्छा पर अमेठी संसदीय क्षेत्र के लोगों को प्रभु श्रीराम लला के दर्शन के लिए श्रवण यात्रा शुरू की गई है। दो लाख से अधिक लोगों को प्रथम चरण में दर्शन पूजन कराने की योजना है। गांवों में बसों को भेजकर उन सभी श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम भेजा जाएगा जो प्रभु श्रीराम का दर्शन-पूजन करना चाहते हैं। वे बिना किसी समस्या के अपने क्षेत्र के लोगों को प्रभु के दर्शन करवाकर सांसद के रूप में किया गया अपना वादा निभा रही हैं। तीर्थयात्रा के साथ ही उनकी ओर से संसदीय क्षेत्र के चार लाख से अधिक घरों तक श्रीराम जन्मभूमि प्राणप्रतिष्ठा का प्रसाद वितरित करवाया जा रहा है।

## 10वें नि:शुल्क मानसिक रोग शिविर में 35 मरीजों की जांच की गई

### मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : लवलीन कोचर

जैतो,17 फरवरी (रघुनंदन पराशर): श्री कैलाशपति लंगर समिति इकाई जैतो,लायन क्लब गुडविल जैतो और निष्काम फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से आज सेठ रामनाथ सिविल अस्पताल जैतो में मानसिक रोगियों के लिए 10वां मुफ्त जांच शिविर आयोजित किया। इस शिविर में गुरु गोबिंद सिंह मैडीकल कॉलेज एवं अस्पताल फरीदकोट के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.सुमित और उनकी टीम ने 35 मरीजों का चेकअप किया। इस कैंप में सेठ रामनाथ सिविल अस्पताल जैतो के एस.एम.ओ. डॉ.वरिंदर कुमार के अलावा श्री कैलाशपति लंगर समिति के अध्यक्ष लवलीन कोचर,पवन गर्ग,विशाल गर्ग, नवजोत सिंह,रिंकू तायल, कुलदीप सिंह,विनोद गोयल, बिंदर सिंह,पंकस गोयल ,भुवेस गोयल,पवन गंगा,पवन वधवा, बिट्टू सदियोडा,पवन जन औषधि,संदीप



कुमार,प्रेम बांसल, विक्की सिंगला,रिंपी कटारिया, राहुल गुप्ता,मनोज कुमार,राजू लूंबा,भारत बांसल और नरेश मित्तल मौजूद रहे। इन सभी सदस्यों का आयोजित शिविर में पूरा सहयोग रहा।श्री कैलाशपति लंगर समिति जैतो के अध्यक्ष लवलीन कोचर ने कहा कि मानसिक रोगियों के लिए इन आयोजित शिविरों से रोगियों को लाभ मिल रहा है। समाज सेवी लवलीन कोचर ने कहा कि जल्द ही मानसिक रोगियों के लिए एक और जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से इन शिविरों का लाभ उठाने की अपील की। सेठ रामनाथ सिविल अस्पताल जैतो में समाज सेवी संस्थाओं द्वारा मानसिक रोगियों का जांच शिविर आयोजित का दृश्य। श्री लवलीन कोचर ने समाज सेवा में क्षेत्र भर में अपनी अलग खास पहचान बना ली है। समाज सेवी कार्य करने के साथ लवलीन कोचर एक धार्मिक संस्था श्री कैलाशपति लंगर कमेटी जैतो भी चला रहे हैं।जो समय समय पर लंगर चलाते।हर साल पहाड़ों पर श्रद्धालुओं के लिए शानदार खानें पीने का मुफ्त लंगर पिछले कई सालों से निरंतर लगा रहे हैं। समाज सेवी लवलीन कोचर का मानना है कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। दूसरी ओर लवलीन कोचर घायल और बीमार पशुओं का इलाज भी करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सब उसके साथियों की मदद से ही हो पा रहा है। अकेला आदमी कुछ नहीं कर सकता।

# भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने युवा विज्ञानी कार्यक्रम 2024 (युविका) की घोषणा : विक्षान मंत्रालय

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो

चंडीगढ़,17 फरवरी(रघुनंदन पराशर ): विक्षान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बच्चों और युवाओं में अंतरिक्ष और ब्रह्मांड के प्रति आकर्षण होता है। वे बहुत जिज्ञासु होते हैं और सभी खगोलीय प्रक्रियाओं के बारे में सब कुछ जानना चाहते हैं। युवा मन की इस प्रबल जिज्ञासा के संबोधन के लिए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) स्कूली बच्चों के लिए "यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम" "युवा विज्ञानी कार्यक्रम" (युविका) नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीन रुझानों में युवा छात्रों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करना है। इसरो ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा "युवाओं को जोड़ो" प्रतीक के साथ तैयार की गई है। यद्यपि हम सभी जानते हैं कि युवा अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ सकते हैं और यदि उन्हें अवसर मिलें तो इस क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि वे हमारे राष्ट्र निर्माण में भविष्य का आधार हैं।युविका कार्यक्रम से और अधिक छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) आधारित अनुसंधान और सरेंखित जीविकोपार्जन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की भी आशा है।युवा विज्ञानी कार्यक्रम की परिकल्पना देश के ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए युवा छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के लिए की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल जाने वाले छात्रों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीन रुझानों के प्रति जागरूकता का सृजन करना है। इस कार्यक्रम में दो सप्ताह के कक्षा प्रशिक्षण, प्रयोगों का व्यावहारिक प्रदर्शन, कैनसैट, रोबोटिक किट, इसरो वैज्ञानिकों के साथ मॉडल रॉकेटरी बातचीत और क्षेत्र के दौरे की परिकल्पना की गई है।इस कार्यक्रम का आयोजन भारत के प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमशः 111, 153 और 337 छात्रों की भागीदारी के साथ वर्ष 2019, वर्ष 2022 और वर्ष 2023 में सफलतापूर्वक किया गया था। छात्रों को भौगोलिक स्थानों के आधार पर




पांच बैचों में विभाजित किया गया और इन्हें विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), यूआर राव उपग्रह केंद्र (यूआरएससी), अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एसएसी), राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी), उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एनईएसएसी), सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) शार और भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (आईआईआरएस) में प्रशिक्षण दिया गया।इसरो को युविका - 2023 के आयोजन के लिए उत्साहपूर्ण सहयोग मिला, क्योंकि भारत के सभी क्षेत्रों से 1.25 लाख से अधिक छात्रों ने युविका - 2023 के लिए पंजीकरण कराया था। छात्रों का चयन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से उनकी पिछली परीक्षा में प्राप्त अंकों, सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों के आधार पर किया जाता है।पाठ्यक्रम में कक्षा गत व्याख्यान, रोबोटिक्स चुनौती, रॉकेट/सैटेलाइट की डीआईवाई असेंबली, आकाश को देखना आदि जैसी व्यावहारिक गतिविधियां, तकनीकी सुविधाओं का प्रयोग और अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के साथ बातचीत शामिल हैं।युविका-2024 के लिए पंजीकरण कैसे करें?इसरो ने युविका-2024 की घोषणा की है। युविका-2024 के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 20 फरवरी से 20 मार्च 2024 तक आयोजित की जाएगी।

चरण-1: इसरो अंतरिक्ष जिज्ञासा प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करें: https://jigyasa.iirs.gov.in/registrationचरण-2: उपरोक्त वेबसाइट पर सफल पंजीकरण के बाद प्राप्त अपने ईमेल को सत्यापित करें। कृपया अपने पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजे गए सत्यापन लिंक पर क्लिक करें।चरण-3: स्पेसक्विज में भाग लें। क्विज में शामिल होने से पूर्व क्विज दिशानिर्देश ध्यान से पढ़ें।

चरण-4: अपनी व्यक्तिगत प्रोफाइल और शिक्षा विवरण भरें।चरण-5: छात्रों को प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लेनी होगी और सत्यापन के लिए प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करके उसे प्रिंसिपल/स्कूल प्रमुख द्वारा सत्यापित करना होगा। सत्यापित प्रमाणपत्र को स्कैन करके वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। सत्यापित प्रमाणपत्रों की फोटो कॉपी और सत्यापन के लिए प्रमाणपत्र वेबसाइट पर अपलोड करना होगा।चरण-6: अपने प्रधानाचार्य/स्कूल के प्रमुख/माता-पिता/अभिभावक द्वारा सत्यापन के लिए अपना प्रमाणपत्र तैयार करें (छात्र द्वारा संलग्न प्रमाण पत्र (प्रमाणपत्रों) और छात्र द्वारा प्रस्तुत सत्यापन के लिए प्रमाण पत्र में कोई भी बेमेल पाए जाने पर छात्र की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।चरण-7: अपने दस्तावेज को स्कैन करके अपलोड करें और आवेदन जमा करें।युविका-2024 के लिए कौन आवेदन कर सकता है?भारत में 1 जनवरी, 2024 तक कक्षा 9 में पढ़ने वाले छात्र इसरो यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम (युविका) के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र जमा करने से पहले आवेदन पत्र में दर्ज सभी विवरणों, अपलोड किए गए दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें। एक बार जमा किए गए आवेदनों को बाद में संपादित या संशोधित नहीं किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक छात्र इसरो अंतरिक्ष जिज्ञासा की वेबसाइटhttps://jigyasa.iirs.gov.in/yuvika पर जा सकते हैं।

### राजकोट में जमकर गरजे यशस्वी जायसवाल, 'बैजबॉल' अंदाज में ठोका तूफानी शतक, सीरीज में 400 रन भी पूरे

नई दिल्ली. शानदार फॉर्म में चल रहे युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने राजकोट टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली. लेफ्ट हैंड बैटर यशस्वी के दूसरी पारी में शानदार शतक की बदौलत भारतीय टीम बड़ी बढ़त की ओर अग्रसर है. पहली पारी में 10 रन बनाने वाले यशस्वी ने दूसरी पारी में 122 गेंदों पर 9 चौकों और 5 छक्कों की मदद से टेस्ट करियर का तीसरा शतक पूरा किया. यशस्वी इस समय बेजोड़ फॉर्म में हैं. दूसरे विकेट के लिए उन्होंने शुभमन गिल के साथ 100 से ज्यादा रन की साझेदारी की.

# अनुराग ठाकुर गुवाहाटी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 के उद्घाटन समारोह में लेंगे भाग

## उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध पार्श्व गायक पापोन धूम मचाने के लिए तैयार

दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख

जैतो,17 फरवरी : केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर 19 फरवरी को गुवाहाटी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे।प्रसिद्ध पार्श्व गायक और संगीतकार पापोन 19 फरवरी को गुवाहाटी के सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रस्तुति देंगे।खेल पूर्वोत्तर के सात राज्यों में खेले जाएंगे और 29 फरवरी को समाप्त होंगे।केन्द्रीय खेल और युवा कार्यक्रम मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्व सरमा के साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एक वीडियो संदेश के माध्यम से एथलीटों को प्रेरित करेंगे। यह खेलों का चौथा संस्करण है। केआईयूजी 2023 में 200 विश्वविद्यालयों के करीब 4500 एथलीट भाग ले रहे हैं।उम्मीद है कि अंगराग महंत, जिन्हें पापोन के नाम से जाना जाता है, केआईयूजी 2023-अष्टलक्ष्मी को एक शानदार शुरूआत देंगे।असम की खेल और युवा कल्याण मंत्री, श्रीमती नंदिता गरलोसा ने कहा कि पापोन के शामिल होने से उद्घाटन समारोह में ग्लैमर जुड़ जाएगा। श्रीमती गालोर्सा ने कहा, "पापोन भारत के युवा आइकन हैं और गुवाहाटी उन्हें लाइव सुनेगा।



हमारे पास भूपेन हजारिका जैसे महानतम संगीतकार हैं लेकिन अच्छा संगीत कोई भी पीढ़ी समझ सकती है। हजारिका और पापोन दोनों अपने तरीके से अद्वितीय हैं और जुबीन गर्ग को नहीं भूलना चाहिए।"खेलों के भव्य उद्घाटन में सभी उपस्थित लोगों का निःशुल्क स्वागत है, साथ ही एकता, विविधता और खेल भावना के मूल्यों पर प्रकाश डालने वाला एक विषयगत शोकेस भी पेश किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, असम की जीवंत संस्कृति स्वदेशी कलाओं के मनोरम प्रदर्शन के साथ केंद्र में आएगी, जिससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक तन्मयता की एक अतिरिक्त परत जुड़ जाएगी।विशेष रूप से, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 अष्टलक्ष्मी शनिवार को सरुसजाई स्टेडियम में कबड्डी मैचों के साथ शुरू हुई। दो पूलों में विभाजित आठ टीमें गौरव के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।केआईयूजी भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल का एक हिस्सा है जिसे 2016 में शुरू किया गया था। खेलो इंडिया मिशन जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने और देश भर से युवा प्रतिभाओं की पहचान करने पर केंद्रित है।गुवाहाटी में सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 19 फरवरी को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 अष्टलक्ष्मी उद्घाटन समारोह के लिए तैयार हो रहा है।

# भगवान की कथा मन से नहीं सुनने के कारण ही जीवन में पूरी तरह से धार्मिकता नहीं आ पाती – रमाकांत मिश्र जी महाराज

### जितना भजन करोगे उतनी ही शांति मिलेगी – रमाकांत मिश्र जी महाराज

भोपाल` श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक रमाकांत जी महाराज ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा।

कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।

### मानव जीवन का उद्देश्य क्या है?

*जीवन भर जीव को क्या करना चाहिए ?*

ये मानव जीवन बहुत दुर्लभ है। जिस व्यक्ति को मानव जीवन मिल जाये उसे सिर्फ भगवान की भक्ति करनी चाहिए। सच्चे माता- पिता वही होते है जो अपने बच्चों को धर्मात्मा बनाये और उन्हें भक्ति का सही मार्ग दिखाए। पूज्य महाराज श्री ने परीक्षित जी महाराज के प्रसंग को प्रारंम्भ करते हुए कहा कि जब परीक्षित जी महाराज को पता चला कि सातवें दिन उनकी मृत्यु निश्चित है तो अपना सब कुछ त्याग दिया और शुकदेव जी से पूछा जिसकी मृत्यु निश्चित हो उसे क्या करना







चाहिए और मृत्यु हमारे जीवन का कटु सत्य है। हम इस संसार मे खाली हाथ आए थे और खाली हाथ ही जायेंगे। यह पता होने के बावजूद भी हम अपना सारा जीवन सांसारिक भोगविलास में गुजार देते हैं। और प्रभु ने हमें जिस कार्य मानव जीवन दिया है उससे हम भटक जाते है। शुकदेव जी ने परिक्षित जी महाराज से कहा हे राजन जिसकी मृत्यु निश्चित हो उसे भागवत कथा श्रवण करनी चाहिए।उसी प्रकार हमें भी सच्चे मन से भागवत कथा श्रवण करनी चाहिए। और भगवान की भक्ति करनी चाहिए।

ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि किस तरह ध्रुव ने अपनी बाल अवस्था में भगवान के दर्शन किये। और जो चाहा वो अपने सच्चे दृढ़ निश्चय के साथ पा लिया। कथा के मध्य वामन अवतार की सुन्दर झल्की दिखाई गई जिसे देखकर सभी भक्त भाव विभोर हो गये। आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया जायेगा सभी भक्तों से आग्रह है कि आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर सभी भक्त सादर आमंत्रित है। कथा श्रवण के लिए जीव जंतु पशु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के मानद प्रतिनिधि अनोखे लाल द्विवेदी भी सम्मिलित हुए। कथा के अंत में महाराज श्री एवं मुख्य यजमान अग्रवाल रिवार सहित आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।भगवान की कथा मन से नहीं सुनने के कारण ही जीवन में पूरी तरह से धार्मिकता नहीं आ पाती — रमाकांत मिश्र जी महा-राज

### जितना भजन करोगे उतनी ही शांति मिलेगी – रमाकांत मिश्र जी महाराज

भोपाल` श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक रमाकांत जी महाराज ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।

### विषय: हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन और हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट द्वारा चिश्ती फाउंडेशन के साथ नागपुर सद्भावना शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।

नागपुर, महाराष्ट्र: इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन (आईएमएफ), दिल्ली ने हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट, नागपुर और चिश्ती फाउंडेशन - अजमेर शरीफ के सहयोग से गर्व से 'नागपुर सद्भावना शिखर सम्मेलन - एक भारत - श्रेष्ठ भारत' प्रस्तुत किया। प्रतिष्ठित नेताओं और आध्यात्मिक दिग्गजों की उपस्थिति वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न समुदायों में शांति, एकता और समावेशिता को बढ़ावा देना है। माननीय राज्यसभा सांसद और आईएमएफ संयोजक सतनाम सिंह संधू ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में, उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन जैसी अंतर्राष्ट्रीय सभाओं के साथ समानताएं बनाते हुए वैश्विक शांति और सहयोग को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "इस तरह के सद्भावना शिखर सम्मेलन सभी देशों में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के रास्ते तलाशने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं।"

हाजी सैयद सलमान चिश्ती, गद्दी नशीन - दरगाह अजमेर शरीफ और अध्यक्ष - चिश्ती फाउंडेशन ने सूफी शिक्षाओं के कालातीत ज्ञान पर विचार करते हुए मानवता के लिए शांति और सेवा का संदेश फैलाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने टिप्पणी की, "भारत भर में सूफी संतों और दरगाहों की विरासत पीढ़ियों से चली आ रही है, जो हमें सद्भाव और करुणा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती है।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना करते हुए कहा, "दुनिया भारत की ओर देख रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के नेतृत्व को वैश्विक मान्यता उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रमाण है।"

नागपुर सद्भावना शिखर सम्मेलन हजरत बाबा ताजुद्दीन की पवित्र दरगाह की पृष्ठभूमि में हुआ, जो सूफी संतों द्वारा दिए गए प्रेम और सहिष्णुता के सार्वभौमिक संदेश का प्रतीक है। सतनाम सिंह संधू ने पूरे भारत में सूफी दरगाह के महत्व पर प्रकाश डाला, जो हिंदू, मुस्लिम, सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध और पारसियों सहित विभिन्न धर्मों के लोगों के लिए आध्यात्मिकता के प्रतीक के रूप में कार्य करता है।

मंच पर उपस्थित प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों में आईएमएफ संस्थापक, हिमानी सूद; अजमेर शरीफ दरगाह के गद्दी नशीन हाजी सैयद सलमान चिश्ती, हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्यारे जिया खान; उपाध्यक्ष, डॉ. सुरेंद्र जिचकर; सचिव, ताज अहमद राजा; ट्रस्टी, हाजी फारुखभाई बावला; बुर्जिन रैंडेलिया; हाजी इमरान खान; गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, और मुस्तफा टोपीवाला।

## डुमरिया वार्ड नंबर 30 में नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन, लोग पहुंचकर नेत्र की जांच करवाये

**राहुल दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज शहर के डुमरिया वार्ड नंबर 30 में नेत्र जांच शिविर का आयोजन वार्ड पार्षद दीपाली सिंह के नेतृत्व में किया गया। नेत्र जांच शिविर में वार्ड नंबर 30 के डुमरिया रोल बाग नुनिया बस्ती एवं अन्य मोहल्लों से लोग पहुंचकर अपने नेत्र की जांच करवाये। नेत्र जांच शिविर में नेत्र जांच करने आए हुए लोगों ने वार्ड पार्षद दिपाली सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजा सिंह का धन्यवाद किया। लोगो ने कहा कि ऐसा पहली बार देखा जा रहा है कि हमारे वार्ड में नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ है। जिसे लेकर यहां के वार्ड पार्षद दिपाली सिंह एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजा सिंह का धन्यवाद करता हूं।



## राशि आवंटन के वजूद आंगनवाड़ी केन्द्रो का निर्माण अधर में लटका

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

झाड़ग्राम जिले के कई आंगनवाड़ी केंद्र की हालत जर्जर अवस्था में है। कई जगहों पर पेड़ के नीचे या टूटे-फूटे मकान में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। ज्ञात हो की ऐसे जर्जर केन्द्रो के नए भवन निर्माण के लिए पश्चिम क्षेत्र विकास विभाग द्वारा आठ लाख रुपए की राशि आवंटित किया था। परंतु अब तक इस राशि का उपयोग नहीं हो पाया है। जिसे लेकर जिला प्रशासन असमंजस्य की स्थिति में है।जिले के बांधगोड़ा एवं सरडीहा पंचायत मे आंगनवाड़ी केंद्र का अपना कोई भवन नहीं है। ग्रामीणों के बने कच्चे मकान में आंगनवाड़ी केंद्र चलाया जा रहा है। इस संदर्भ में आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अरिंदम चट्टोपाध्याय ने कहा उनके पास अधूरे हालत में 2010 के कुछ पुराने केन्द्रो के रिकॉर्ड मौजूद है। इस मामले को झाड़ग्राम ज़िला परिषद के स्थायी समिति की बैठक में रखा जाएगा ताकि आंगनवाड़ी केन्द्रो का निर्माण जल्द से जल्द हो सके।

## झाड़ग्राम शहर में सड़क चौड़ीकरण हेतु दुकानें तोड़ी गई

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

झाड़ग्राम नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत राज कॉलेज से लेकर कुमुद कुमारी इंस्टीट्यूशन चौक तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिस कारण सड़क के दोनों और लगे दुकानों को जेसीबी के माध्यम से ढह दिया गया है। इस संदर्भ में नगर पालिका अध्यक्ष कविता घोष ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय की मांग है सड़क चौड़ीकरण करना। जिला मुख्यालय होने के कारण प्रत्येक दिन लोगों के साथ-साथ वाहनों की भी संख्या बढ़ रही है। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही दुर्घटनाओं की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। जिला शहर होने के कारण सौन्दर्यकरण की भी अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने दुकानदारों को आश्वासन देते हुए कहा इस अभियान के तहत जिनके दुकानें तोड़ी गई है उन्हें केंद्रीय बस पड़ाव के समीप नगर पालिका द्वारा कांप्लेक्स निर्माण कर दुकान आवंटित किए जाएंगे।



## टाउन थाना परिसर में जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन, तीन मामले का हुआ निष्पादन

**वीरेंद्र चौहान समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना परिसर में जमीनी विवाद को लेकर जनता




दरबार का आयोजन अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। डीएम और एसपी के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में जनता दरबार लगाया जाता है। इसी दौरान जमीनी विवाद से संबंधित कुल जनता दरबार में 06 मामले पहुंचे। वही मौके पर सभी के कागजात जांच कर तीन मामले का निष्पादन कर दिया। बाकी बच्चे मामले को अगले शनिवार जनता दरबार आने के लिए कहा गया।

## स्कार्पियो गाड़ी से बड़ी मात्रा मे देसी शराब बरामद तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 17 फरवरी 2024 नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के इटवा मोड़ के समीप बड़ी मात्रा मे स्कार्पियो गाड़ी से देसी शराब बरामद किया गया है।बीते रात्रि को माली थाना पुलिस द्वारा गश्ती के दौरान स्कार्पियो गाड़ी को रोकने के इशारे पर शराब तस्कर गाड़ी लेकर भागने लगा।पुलिस द्वारा पीछा करने पर स्कार्पियो चालक थाना क्षेत्र के इटवा मोड़ के समीप गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा।वही स्कार्पियो गाड़ी की तलाशी के दौरान 1436 बोतल झारखण्ड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद किया गया। मामले मे थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि शराब और गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

## बिजली चोरी का किया गया प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 17 फरवरी 2024 नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के सरातु गांव मे बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें बिजली चोरी में मीटर बायपास कर चोरी करते दो लोगो को पकड़ा गया।सहायक विद्युत अभियंता गौतम कुमार ने मामले मे दो लोगों पर टंडवा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराया जिसमें अवधेश कुमार पर 69000 रुपए और ईश्वरी कुमार पर 19000 रुपए जुमार्ना लगाया गया है। मामले में टंडवा थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने बताया कि सहायक विद्युत अभियंता गौतम कुमार के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है पुलिस मामले मे आगे की कार्रवाई कर रही है।

## एक तरफ नशीली मादक का कारोबार तो दूसरी तरफ इलाके में चोरियां

उत्तम सिंह : दार्जिलिंग : एक तरफ नशीली मादक का कारोबार तो दूसरी तरफ खोरीबाड़ी इलाके में चोरियां। देर रात गगारू जोत इलाके में फिर से चोरी की घटना सामने आई है। खोरीबाड़ी प्रखंड के गगारू जोत इलाके में मोबाइल फोन चोरी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। जतीन्द्रनाथ सिंह के घर में दुस्साहसिक चोरी। मालूम हो कि शुक्रवार की देर रात घर में घुसकर तीन मोबाइल चोरी कर ली गई। बाद में कुत्तों की आवाज सुनकर देखा तो तीन मोबाइल फोन गायब थे। जतीन्द्रनाथ सिंह ने कहा कि इन मादके को लेकर चोरियां हो रही हैं। हालाँकि, हम पुलिस में शिकायत दर्ज करेंगे। रानीगंज परिशाली ग्राम पंचायत के पूर्व मुखिया आशित सिंह ने कहा, खासकर पानीटंकी.
क्षेत्र में नशे के उत्पात के कारण चोरियां हो रही हैं। नशे के आदी लोग पैसे के अभाव में चोरी कर रहे हैं।



एक माह पहले पड़ोस के घर से बैटरी चोरी हो गई थी। आम लोगों को जागरूक होना चाहिए और पुलिस को नशे और नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। फिर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं को कुछ हद तक कम करना संभव है। मैं पुलिस प्रशासन से उचित जांच करने और चोरी हुए सामान को बरामद करने की व्यवस्था करने के लिए कहूंगा। 7 दिन पहले मंजय जोत में एक पूर्व सैनिक के घर डकैती हुई थी और कल खोरीबारी थाना क्षेत्र में एक पान की दुकान में दुस्साहसिक डकैती हुई। आज फिर गगारू जोत इलाके में डकैती हुई। एक सप्ताह में तीन चोरियां हुईं .लेकिन पुलिस अभी तक इसका खुलासा नहीं कर पाई है.

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**वीरेंद्र चौहान समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

17 फरवरी को महिला एवं बाल विकास निगम के निर्देश के आलोक किशनगंज जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत शहीद अशफाक उल्ला खाँ स्टेडियम खगडा, किशनगंज में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कबड्डी, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किशनगंज जिला अंतर्गत मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं अम्बेडकर विद्यालय के छात्रों के साथ किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेताओं को मोमेंटो एवं ट्रैक सूट देकर पुरस्कृत किया गया ।जिला प्रोग्राम पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी श्रीमती सुनीता कुमारी द्वारा बताया गया की महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा बेटियों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं



जिला प्रशासन के सौजन्य से संचालित किए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से छात्राओं की सुरक्षा, संरक्षा एवं सशक्तिकरण का ध्यान रखा जा रहा है ।कार्यक्रम के दौरान निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं यथा- वन स्टॉप सेंटर, जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में छात्राओं को विस्तृत रूप से बताया गया।इस कार्यक्रम सिविल सर्जन,जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एवं किशनगंज जिला अंतर्गत सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी महिला एवं बाल विकास निगम गया के जिला मिशन समन्वयक, जेंडर स्पेशलिस्ट, महिला पर्यवेक्षिका आईसीडीएस, विभिन्न सरकारी स्कूल के शिक्षक एवं स्थानीय महिलाएं उपस्थित थीं। संपूर्ण कार्यक्रम जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) सह नोडल पदाधिकारी मिशन शक्ति के निर्देशन में किया गया।

## दया शरण संगीत परिवार की ओर से सरस्वती पूजा के विजेता को किया गया पुरस्कृत

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड)17 फरवरी 2024: सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर कॉलोनी के 19 नंबर रोड में दया शरण परिवार के तरफ से सरस्वती पूजा के दिन 7:30 बजे से शुरू हुआ था और 8:30 से आरती 9:00 तक हुआ।इसके उपरांत प्रसाद वितरण और 10:30 बजे से मंत्र उच्चारण तत्पश्चात गणेश वंदना, दुर्गा माता का वंदना, सरस्वती वंदना,शास्त्री संगीत का कार्यक्रम हुआ। उप शास्त्रीय संगीत, चित्रपट संगीत, लोकगीत, भोजपुरी, बांग्ला, उड़िया गीत का भी प्रस्तुति रहा। पुरस्कार वितरण गुणवंत भाई पारीक और श्रीमती विभा मिश्रा के द्वारा 12:30 री 1:00 तक के बीच में भोग प्रसाद का वितरण हुआ।
संगीत के गुरु दयानंद उपाध्याय,



वीरेंद्र उपाध्याय, रामकिंकर उपाध्याय और समस्त उपाध्याय परिवार ने बच्चों को कला का ज्ञान देते हुए बच्चो को अच्छी प्रस्तुति पर सभी को इनाम दिया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांशी ने दुर्गा वंदना, कौशिकी और कनक ने सरस्वती वंदना, कौशल, दिव्यम, आशीष रंजन, आकाश आचार्य ने क्लासिकल गाना, विजय, उदय, कीर्ति, प्रिया, सोनिया, प्रेरणा, नेहा, सलोनी, अनु, अन्वी, संजू, अभिमन्यु, सुमन, सागर ने भी खूबसूरत प्रस्तुति दिए। संतोष उपाध्याय ने तबला, वीरेंद्र उपाध्याय ने राग भैरव, अमन अंबिका, समृद्ध, निभा, सूरज, अभिषेक, आदर्श, राहुल, मितेंद्र, सत्येंद्र इत्यादि सभी लोगो ने प्रस्तुति दी और सभी लोगों ने अपने गुरु से आशीर्वाद स्वरुप इनाम पाकर आनंदमय हुए।

## मध्यान भोजन मे भारी अनिमियता, शिक्षकों ने ऑफिस मे बैठाकर मोबाइल मे व्यस्त।

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) : नौड़ीहा बाजार प्रखड़ के सरईडीह पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विधालय खरडीहा जमुआ मे प्रधानाध्यापक सह सचिव श्री रामदेनी यादव के द्वारा अध्यनरत छात्र -छात्राओं के धमकी दिया जाता है कि अगर किसी शिक्षण कार्य व मध्यान भोजन को लेकर विरोध करेगा तो आपलोग के सटीर्फेक्ट पर लाल कलम चला देंगे। विधालय मे अध्ययनरत विधार्थी ने भयभीत होकर नहीं कर पाते है और ग्रामीण सुनीता देवी ने कहा की किसी भी छात्र छात्राओं के नामांकन में 100-100 रुपया और टी सी सर्टिफेक्ट जारी करने में देहाती मुर्गा मांगने की आरोप विधार्थी ने किया। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि मध्यान भोजन मे सरकारी मैनू के तहत बच्चों की भोजन मुहैया नहीं



कराया जाता है। प्रधानाध्यापक के द्वारा स्कूल मे छात्र -छात्राओं के उपस्थित कम और हजारी ज्यादा बनाने की मामला उजागर हुआ। विकास मद की बिद्यालय मे किसी प्रकार के पूर्ण रूप से विकास की कार्य नहीं किया जाता है और झारखंड सरकार के प्रावधान के तहत स्कूल मे अध्यनरत विधार्थी के मडुवा के लड्डू अभी तक अप्राप्त है । विधालय के छ्जा पर सरकारी दवा बच्चों की वितरण करना था उसे बच्चों की बीच वितरण न करके विधालय के छजा पर पाया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीण विनेश यादव, बिनोद यादव, कृष्णा यादव, संजय यादव, कमलेश यादव, ललेश यादव, महेश यादव, अजित कुमार , संतोष यादव के आलावा कुश्मरी देवी ,ममता देवी, कांति देवी , कोशिला देवी अन्य ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान, ग्रामीणो में आक्रोश

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

झाड़ग्राम जिले से सटा जामबोनी प्रखंड के कई गांवों में हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान। बीती रात भोजन के तलाश में हाथियों का एक झुंड जामबोनी एवं झाड़ग्राम रेंज इलाके के खेतों में लगे सब्जियों को तहस-नहस कर डाला। पुकुरिया बीट के टेडिया गांव में दीपक महतो हरेन महतो व रत्नाकर महतो के घर में घुसकर हाथियों ने तोड़फोड़ की। बगल में खेती योग्य जमीन को भी रौंद डाला। कई बीघा सब्जी के खेती को भी नष्ट कर डाला। बताया जाता है कि लगभग एक दर्जन के संख्या में हाथियों का एक झुंड रात को टेडिया पुकुरिया दिशा से दुबराजपुर कासिया लिपडी होते हुए क्षेत्र में प्रवेश किया। ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि जब हाथियों का



झुंड खेत में फसल नष्ट कर रहा था तब इसकी जानकारी वन विभाग को दिए जाने पर भी कोई कदम नहीं उठाया गया। हाथियों द्वारा जितना नुकसान किया जाता है उतना मुआवजा नहीं मिल पाता। फसलों की बबार्दी से जहां ग्रामीण चिंतित हैं, वहीं हाथियों के तांडव से दहशत में भी हैं। हालांकि वन विभाग का दावा है कि हाथियों के हमले से बचने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा ग्रामीणों को अलर्ट किया जा रहा है। जिन किसानों के फसल नष्ट हुए हैं वे आवेदन करें उन्हें सरकारी नियम अनुसार मुआवजा प्रदान की जाएगी। इलाके में हाथियों के आतंक को देखते हुए वनकर्मियों ने निगरानी जारी रखा है।

## मदरहुड क्लिनिक नबीनगर मे प्रत्येक रविवार को बैठेंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ किया गया सुविधाओं का विस्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अनील कुमार नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 17 फरवरी 2024 नबीनगर के निजी अस्पताल मदरहुड क्लिनिक मे रविवार 18 फरवरी से प्रत्येक राविवार को हड्डी एवम नस रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।रिम्स रांची के सुप्रसिद्ध हड्डी जोड़ एवम नश रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस , एम एस डॉक्टर प्रणित कुमार अब प्रत्येक रविवार को मदरहुड क्लिनिक शिवाबीघा मोड़ नबीनगर के समीप 10 बजे सुबह से शाम 6 बजे तक अपनी सेवाए देंगे। मदरहुड क्लिनिक के डायरेक्टर डॉक्टर फरजाना प्रवीण और संचालक नवाब आलम ने बताया कि अब प्रत्येक रविवार को क्लिनिक मे हड्डी रोग विशेषज्ञ की सेवाए एवम उपलब्ध कराई जा रही है साथ ही क्लिनिक मे अन्य सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है जिसमे हड्डी से संबंधित सभी तरह के टूटी फूटी, रॉड लगाने एवम




प्लेट बैठाने की सुविधा और हड्डी से सम्बन्धित ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।अस्पताल संचालक नवाब आलम ने बताया कि अन्य शहरों की अपेक्षा इस क्लिनिक मे रोगियों का उपचार काफी सस्ता और सुविधाजनक होगा।वही डॉक्टर फरजाना प्रवीण ने बताया कि इस अस्पताल मे प्रसव की नॉर्मल और ऑपरेशन की सुविधा, आधुनिक जांच घर,नवीनतम अल्ट्रासाउंड के साथ ही एम्बुलेंस की सुविधा सहित पूरी तरह से प्रशिक्षित नार्शिंग स्टाफ मौजूद है।मौके पर सहायक सुजीत पांडे,एरिया मैनेजर राहुल कुमार, सहायक फरमाशिष्ट अलाहुद्दीन सहित अस्पताल के अन्य नार्शिंग स्टाफ मौजूद रहे।

## आउटीबाउंड लॉजिस्टिक टीम की तरफ से 35वा नेशनल रोड सेफ्टी 2024 का हुआ समापन

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण, संवाददाता जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 17 फरवरी 2024:झटाटा स्टील जमशेदपुर के ट्रांसपोर्ट वेंडर पार्टनर के द्वारा रोड सुरक्षा अभियान चलाया गया जिसके तहत रोड में सभी लोगों को रोड सुरक्षा के नियमों को बताया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं और रोड में हो रही दुर्घटनाओं में कमी आए साथ ही कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक कर सभी को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया कि परिवार में हम सभी अनमोल हैं। नुक्कड़ नाटक के द्वारा सेफ्टी और सावधानियां के बारे में गंभीरता से बताया गया। कंपनी के अंदर नियमों का पालन करने वाले और सही तरीका से गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर और कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया।
इस कार्यक्रम में सभी वेंडर के सेफ्टी सुपरवाइजर सम्मिलित हुए। इस रोड सुरक्षा अभियान में टाटा स्टील आउटीबाउंड लॉजिस्टिक टीम की तरफ से मिस्टर इरफान और हेमंत अपना योगदान दिए
इस पूरे कार्यक्रम में जिन्होंने सहयोग किया उसमें टाटा स्टील के अजीत वर्मा हेड, इरफान अख्तर एरिया मैनेजर, हेमंत सरना सीनियर मैनेजर, आनंद तिग्गा सीनियर मैनेजर, प्रदीप पाराशर हेड जे टी टी पार्किंग,वेंडर प्रोपराइटर में जसराज सिंह (दशमेश नेशनल रोडवेज), प्रदीप काबरा



(काबरा ट्रांसपोर्ट), योगेश पारीक (पारीक रोडवेज), विनोद राय मैनेजर (सिद्धू ट्रेलर सर्विस), कुंदन कुमार मिश्रा मैनेजर (फ्रंटलाइन एसोसिएट्स) शामिल रहे।
सभी ट्रांसपोर्टर का नाम जो इस पूरे कार्यक्रम में शामिल हुए उसमे एम.डी. मूवर्स, एम/एस कुंकल एंटरप्राइजेज,एम/एस वेस्टर्न कैरियर्स इंडिया लि.,एम/एस पारीक रोडवेज, एम/एस सिद्धू ट्रेलर सर्विस, एम/एस ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि, एम/एस काबरा ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, एम/एस इनलैण्ड तीव्र प्राइवेट लिमिटेड, एम/एस फ्रंटलाइन एसोसिएट्स, एम / एस कलकत्ता कैरियर्स, एम/एस ऋषिराज ट्रांसपोर्ट, एम/एस विर्क कार्गो मूवर्स, एम/एस दशमेश नेशनल रोडवेज, एम/एस यूटिलिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी, एम/एस शमी लॉजिस्टिक्स,एम/एस एवरेस्ट ट्रांसपोर्ट।

## ड्यूटी जा रहे टाटा स्टील के ठेकाकर्मी कर्मचारी को कार चालक ने जोरदार टक्कर मारी, गंभीर

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 17 फरवरी 2024:झसाइकिल से ड्यूटी जा रहे टाटा स्टील के ठेकाकर्मी कर्मचारी को कांड्रा की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मारी। घटना शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे की है। साइकिल सवार ठेकाकर्मी कर्मचारी टाटा कांड्रा मार्ग पर खरकाई पुल के समीप अनियंत्रित कर के चपेट में आ गई।आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घायल को टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल साइकिल सवार का पहचान आदित्यपुर कालोनी के लंका टोला निवासी शालिग्राम झा के रूप में हुई है ।हालांकि पुलिस ने कार जप्त कर लिया है।

## इसरो ने युवा विज्ञानी कार्यक्रम 2024 (युविका) की घोषणा की

बच्चों और युवाओं में अंतरिक्ष और ब्रह्मांड के प्रति आकर्षण होता है। वे बहुत जिज्ञासु होते हैं और सभी खगोलीय प्रक्रियाओं के बारे में सब कुछ जानना चाहते हैं। युवा मन की इस प्रबल जिज्ञासा के संबोधन के लिए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) स्कूली बच्चों के लिए "यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम" "युवा विज्ञानी कार्यक्रम" (युविका) नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीन रुझानों में युवा छात्रों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करना है। इसरो ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा "युवाओं को जोड़ो" प्रतीक के साथ तैयार की गई है। यद्यपि हम सभी जानते हैं कि युवा अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ सकते हैं और यदि उन्हें अवसर मिलें तो इस क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि वे हमारे राष्ट्र निर्माण में भविष्य का आधार हैं।

युविका कार्यक्रम से और अधिक छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) आधारित अनुसंधान और संरेखित जीविकोपार्जन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की भी आशा है।

युवा विज्ञानी कार्यक्रम की परिकल्पना देश के ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए युवा छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के लिए की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल जाने वाले छात्रों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीन रुझानों के प्रति जागरूकता का सृजन करना है। इस कार्यक्रम में दो सप्ताह के कक्षा प्रशिक्षण, प्रयोगों का व्यावहारिक प्रदर्शन, कैनसैट, रोबोटिक किट, इसरो वैज्ञानिकों के साथ मॉडल रॉकेटरी बातचीत और क्षेत्र के दौरे की परिकल्पना की गई है।

इस कार्यक्रम का आयोजन भारत के प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमशः 111, 153 और 337 छात्रों की भागीदारी के साथ वर्ष 2019, वर्ष 2022 और वर्ष 2023 में सफलतापूर्वक किया गया था। छात्रों को भौगोलिक स्थानों के आधार पर पांच बैचों में विभाजित किया गया और इन्हें विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), यूआर राव उपग्रह केंद्र (यूआरएससी), अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एसएसी), राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी), उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एनईएसएसी), सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) शार और भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (आईआईआरएस) में प्रशिक्षण दिया गया।

इसरो को युविका - 2023 के आयोजन के लिए उत्साहपूर्ण सहयोग मिला, क्योंकि भारत के सभी क्षेत्रों से 1.25 लाख से अधिक छात्रों ने युविका - 2023 के लिए पंजीकरण कराया था। छात्रों का चयन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से उनकी पिछली परीक्षा में प्राप्त अंकों, सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों के आधार पर किया जाता है।

पाठ्यक्रम में कक्षा गत व्याख्यान, रोबोटिक्स चुनौती, रॉकेट/सैटेलाइट की डीआईवाई असेंबली, आकाश को देखना आदि जैसी व्यावहारिक गतिविधियां, तकनीकी सुविधाओं का प्रयोग और अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के साथ बातचीत शामिल हैं।

चरण-2: उपरोक्त वेबसाइट पर सफल पंजीकरण के बाद प्राप्त अपने ईमेल को सत्यापित करें। कृपया अपने पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजे गए सत्यापन लिंक पर क्लिक करें।

चरण-3: स्पेसक्विज में भाग लें। क्विज में शामिल होने से पूर्व क्विज दिशानिर्देश ध्यान से पढ़ें।

चरण-4: अपनी व्यक्तिगत प्रोफाइल और शिक्षा विवरण भरें।

चरण-5: छात्रों को प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लेनी होगी और सत्यापन के लिए प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करके उसे प्रिंसिपल/स्कूल प्रमुख द्वारा सत्यापित करना होगा। सत्यापित प्रमाणपत्र को स्कैन करके वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। सत्यापित प्रमाणपत्रों की फोटो कॉपी और सत्यापन के लिए प्रमाणपत्र वेबसाइट पर अपलोड करना होगा।

चरण-6: अपने प्रधानाचार्य/स्कूल के प्रमुख/माता-पिता/अभिभावक द्वारा सत्यापन के लिए अपना प्रमाणपत्र तैयार करें (छात्र द्वारा संलग्न प्रमाण पत्र (प्रमाणपत्रों) और छात्र द्वारा प्रस्तुत सत्यापन के लिए प्रमाण पत्र में कोई भी बेमेल पाए जाने पर छात्र की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

चरण-7: अपने दस्तावेज को स्कैन करके अपलोड करें और आवेदन जमा करें।

युविका-2024 के लिए कौन आवेदन कर सकता है?

# डिवाइन लाइट स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह पर बच्चों ने मचाया धमाल, दर्शकों में दिखा उत्साह

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज रोहतास**



रोहतास जिले के बिक्रमगंज शहर के डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में मचाया धमाल। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उच्च माध्यमिक विद्यालय तेंदुनी के सेवानिवृत्त वरीय शिक्षक मुनी लाल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर की। उक्त दौरान कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य लोगों को विद्यालय परिवार की ओर से बुकें व शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ उक्त विद्यालय के 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को निदेशक चंदेश्वर भारती 'अजेय' के द्वारा प्रतिभा शाली बच्चों को आशीर्वचन के साथ सम्मानित किया गया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का होना सबसे जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में आये हुए सभी अभिभावक व सभी गणमान्य लोगों से आग्रह करता हूं कि आप सब अपने बच्चों में सबसे पहले संस्कार भरें। जिससे शिक्षा का मार्ग अपने आप स्वतः प्रसस्त होगा। उसके उपरांत कार्यक्रम में आये हुए डॉ नागेंद्र झा महिला कॉलेज बिक्रमगंज के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र मिश्रा एवं एच.डी.जैन कॉलेज आरा भोजपुर मनोविज्ञान विभाग के वरिष्ठ व्याख्याता सह चर्चित उद्घोषक डॉ. शशिकांत चौबे सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अपनी-अपनी बातें कार्यक्रम दौरान रखी। कार्यक्रम की शुरूआत देवी गीत से की गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक गीत, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत सहित अन्य गीतों व नृत्यों से समा को बांध दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक चंदेश्वर भारती 'अजेय ' और मंच संचालन चर्चित उद्घोषक डॉ. शशिकांत चौबे ने की। मौके पर सर्वोदय ज्ञान निकेतन रेड़िया बिक्रमगंज के निदेशक संग्रामकांत,अंजबित सिंह महाविद्यालय से अक्षय प्यारे, विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रहलाद तिवारी, ओ.पी.पांडेय, शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा, अभिभावक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास।**

रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहरी -नासरीगंज एस एच 15 मुख्य सड़क पर बरन बिगहा के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि दरिहट थाना क्षेत्र के धरहरा निवासी नीरज सिंह उर्फ भोला सिंह का 19 वर्षीय इकलौता पुत्र आर्यन कुमार अपने मोटरसाइकिल से अपने मामा की लड़की जो मैट्रिक का परीक्षा डेहरी में दे रही थी, रविवार को परीक्षा नहीं होने के कारण अपनी बहन को लाने डेहरी जा रहा था। तभी डेहरी की ओर से आ रही पिकअप की चपेट में आ गया। वहीं चालक पिकअप को छोड़कर भागने में सफल रहा। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति बदहाल है आर्यन किसी प्रकार अपने परिवार का बोझ किसी प्रकार खेती-बाड़ी कर अपने सर पर ढो रहा था। शायद भगवान को यह मंजूर न हुआ मृतक की दो बहने हैं जिसमें एक की शादी हो गई है और दूसरी बहन की शादी नहीं हुई है। विदित हो कि लगभग 2 वर्ष पहले मृतक के पिता भोला सिंह का भी रोड पर एक्सीडेंट हो गया था, उस दुर्घटना के बाद भोला सिंह पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं है। मृतक के माता-पिता एवं दोनों बहनों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ है। परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। मां बार-बार एक ही रट लगा रही है कि अब हम लोग किसके सहारे जिएंगे यही कह करके बार-बार बेहोश हो जा रही है। गांव में सन्नाटा पसरा रहा। मौके पर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई। सड़क दुर्घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची दरिहट थाने की पुलिस। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार भगत ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया। पोस्टमार्टम होने के पश्चात दाह संस्कार हेतु शव परिजन को सौंप दिया गया। वही जप्त पिकअप को थाना लाया गया,जिसका नंबर बी.आर.24 जी.बी 8662 हैं। परिजन द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही हैं।

# आपसी विवाद में युवक पर चाकू से किया हमला, घायल अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत नटवार थाना क्षेत्र के गांव रामगढ़ टोला में दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी युवक नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रामगढ़ टोला निवासी रामलाल चौधरी का 35 वर्षीय पुत्र राजेंद्र चौधरी बताया जाता है। इस घटनाक्रम को लेकर जख्मी युवक की पत्नी राजकुमारी देवी के बयान पर गांव के ही विवेक पटेल के 20 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार सहित दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि रामगढ़ गांव में एक तिलक समारोह में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जहां प्रिंस कुमार ने राजेंद्र चौधरी को जांघ के उपर चाकू से वार कर जख्मी कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन-फानन में जख्मी को बिक्रमगंज निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है, और जख्मी खतरे से बाहर बताया जा रहा है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। जहां कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया। वही एक अन्य आरोपी पर जांच किया जा रहा है। जांच में संलिप्तता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# 98 लीटर शराब सहित बाइक साथ एक कारोबारी धराया, दूसरा कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से फरार

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के कछवा थाने की पुलिस ने 98 लीटर देशी शराब सहित बाइक के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार। दूसरा कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से फरार। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोन नदी के समीप से अरवल जिला अंतर्गत कलेर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाव निवासी रमुना सिंह को पुलिस ने सात लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी ओर पुलिस को देखकर दूसरा शराब कारोबारी थाना क्षेत्र के सरैया मोड़ के समीप एक पैशन प्रो बाइक व 91 लीटर देशी शराब छोड़कर भागने में सफल रहा। शराब और बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

# प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मत हुआ विभाजन

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास**

रोहतास जिले के डेहरी प्रखंड प्रमुख कुमार संजीव सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर विशेष बैठक, चर्चा एवं मत विभाजन उप प्रमुख श्रीमती प्रियंका देवी की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी पुरुषोत्तम त्रिवेदी के समक्ष किया गया। वहीं विशेष बैठक व मत विभाजन के दौरान प्रमुख कुमार संजीव सिंह, देवमुनी देवी व अविनाश कुमार अनुपस्थित रहे। चर्चा के दौरान पंचायत समिति सदस्यों में मनिष कुमार ने कहा कि प्रमुख समय पर पंचायत समिति सदस्यों का बैठक नहीं कर पाते एवं अपने कार्यालय से हमेशा गायब रहते हैं। जिससे हम सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मत विभाजन हेतु मतदान केंद्र बनाकर मतदान करने हेतु सभी सदस्यों को विस्तार पूर्वक बताया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी पंचायत समिति को बुलाकर मतदान कराया गया। मतदान के बाद वोटो की गिनती शुरू हुई। जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 15 पंचायत समिति सदस्यों ने मतदान किया। विपक्ष की संख्या शुन्य रहा। जिसके बाद उपप्रमुख श्रीमती प्रियंका देवी ने तत्काल प्रभाव से प्रमुख के पद को रिक्त घोषित कर दिया व सभी पंचायत समिति सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक की समाप्ति का घोषणा किया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य मनीष कुमार,अमरेंद्र भास्कर, विशाल कुमार,हरेंद्र कुमार,प्रभा देवी,उप प्रमुख प्रियंका देवी,कुसुम देवी, परमशिला देवी,सुधीर राम, अंजुम आरा,पूजा देवी,नंद कुमार सिंह,ललीता कुमारी गुप्ता, शमशेर सिंह आदि थे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा मत विभाजन की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा चुनाव कराने की तिथि व समय निर्धारित किया जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं में एफ एल एन किट का किया वितरण

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**



रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत अररूआ पंचायत के प्राथमिक विद्यालय चौहान बरेहटा में एफ एल एन किट का छात्र- छात्राओं में वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम बिहारी साह ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा कक्षा एक से तीन तक के नामांकित बच्चों में इस किट का वितरण किया गया। किट में बैग, कॉपी, पेन्सिल, इरेजर, कटर, पानी की बॉटल,इस्टेमैन बाक्स सहित कई उपकरण उपलब्ध है। इससे बच्चों के पढ़ाई में सहूलियत मिलेगी। वही किट पाकर सिम्मी कुमारी,मधु कुमारी, सुप्रिया, श्रेया कुमारी, राजा कुमार, अंकित कुमार, आदित्य कुमार प्रितम कुमार, संदीप कुमार सहित सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। मौके पर शिक्षक सुनील कुमार, रूकसार खातुन, संगीता कुमारी, श्वेता शर्मा, पूनम कुमारी सहित कई अभिभावक मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से युवाओं में होता है शारीरिक व मानसिक विकास-अमर प्रसाद

## " एक अनार सौ बीमार " अभिनय का हुआ मंचन

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**



रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत अररूआ पंचायत के हमीरपुर गांव में जय माँ सरस्वती नवयुवक छात्र संघ के द्वारा दो दिवसीय नाटक का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अररूआ पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अमर प्रसाद ने फीता काटकर किया। नवयुवक छात्र संघ के सदस्यों के द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र व पुष्पहार देकर किया गया। उद्घाटन के दौरान पैक्स अध्यक्ष अमर प्रसाद ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से युवाओं में शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम से समाज में एकजुटता व आपसी सौहार्द का प्रवाह होता है। लोगों के जेहन से जाति पाती का भेदभाव मिटता है। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिन्दी समाजिक नाटक " एक अनार सौ बीमार " अभिनय का मंचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश पासवान व मंच संचालन कन्हैया पासवान ने किया। मौके पर रविंद्र कुशवाहा , रवि गुप्ता, अंकित गुप्ता, राजनाथ पासवान, बिपीन पासवान (बिहार पुलिस), सुनील पाल, रामेश्वर पासवान उर्फ गाछी पासवान, जयप्रकाश पासवान, लालमोहर पासवान,राकेश पासवान, भुवर पासवान सहित कई अन्य नवयुवक छात्र संघ के सदस्य मौजूद रहे।

# वर्ष महोत्सव पर सेंट्रल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कला से मनमोहा

## प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज रोहतास**



रोहतास जिले के बिक्रमगंज शहर के रेलवे स्टेशन समीप स्थित शनिवार द सेंट्रल पब्लिक स्कूल का तीसरा वर्ष महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय,आरा डॉ. मनीष रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि मौके पर मुख्य अतिथियों का विद्यालय निदेशक और फाउंडर ने उन्हें फूल माला पहनाते हुए अंगवस्त्र से सम्मानित किया। जबकि संचालन विद्यालय शिक्षिका आंशिका कुमारी ने की।मौके पर विद्यालय के नर्सरी से वर्ग दशम तक के विभिन्न बच्चों खुशबू ,सोनम,शीलू ,सिमरन, शिवानी,आयुशी,शुभम,प्रिंस, अभिषेक, समर,अंकुर,अंकुश अन्य ने भाग लेते हुए ग्रुपिंग डांस, एकल डांस देश भक्ति सांग नृत्य पर अपनी अलग-अलग कला की प्रस्तुति करते हुए उपस्थित लोगों का खूब में मनोरंजन करते हुए उनका मनमोहन लिया। जहां लोगों ने उनकी नन्हें बच्चों सहित अन्य छात्र-छात्राओं की कला प्रस्तुति को सराहते हुए उन्हें मंच पर पुरस्कृत भी किया। जबकि मुख्य अतिथि डॉ. मनीष ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए सभा को संबोधन करते हुए बताया कि बच्चें हमारे देश के उजव्वल भविष्य होते है। जिनके भविष्य को संवारने में उनके अभिभावक के साथ विद्यालय के शिक्षकों का भी अहम योगदान होता है। जो बच्चें अपने भविष्य के प्रति अलग-अलग क्षेत्रों में रुचि रखते हुए सफलता हासिल कर देश सहित अपने माता पिता का भी नाम रोशन कर रहें है। दूसरी तरफ इस अवसर पर द सेंट्रल पब्लिक स्कूल के फाउंडर रास बिहारी सिंह व निदेशक नरेंद्र सिंह सहित रोहतास जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. अयूब खां ने उनकी कला प्रस्तुति पर खुशी व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम मौके पर प्रो. वीर बहादुर सिंह, भाजपा नेता सुनील सिंह, पूर्व वार्ड ललन चौरसिया, अभय सिंह, प्रियतम कुमार,हरेंद्र हरियाली, विनय कुमार सिंह व शिक्षक रीता राय, मृदुला,नेहा कुमारी, कामेंद्र सिंह, सुषमा कुमारी, कामिनी कुमारी, बंटी सिंह,अमृता कुमारी व समस्त शिक्षक सहित छात्रा-छात्राएं उपस्थित थें।

# गांव में देसी कट्टा लेकर घुमते युवक को पुलिस ने गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत नटवार थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव से पुलिस ने शनिवार को देसी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई की राजकुमार मिश्रा का पुत्र नितेश कुमार मिश्रा उर्फ चटनी गांव में कटा के साथ घूमते हुए दिखाई दिया। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार करने के लिए सोनबरसा गांव गई थी कि पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। जिसे पुलिस द्वारा शक के आधार पर गिरफ्तार किया तथा तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में गिरफ्तार आरोपी के पास से अवैध कट्टा बरामद हुआ। उक्त आरोपी पर इससे पहले भी पूर्व में कई कांड दर्ज हैं। जिसमें जो फिलहाल जमानत पर जेल से छूट बाहर आया था। थानाध्यक्ष ने बताया के आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर शराब माफिया एवं अन्य कांडों में वांछित आरोपी के विरुद्ध लगातार छापेमारी कर गिरफ्तारी की जा रही है।

# अस्थाई बस स्टैंड के बावजूद सड़कों पर खड़ी की जाती है गाड़ियां

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज रोहतास**

रोजतास जिले के अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज चौक का विस्तारीकरण कारण कर अतिक्रमण मुक्त करने की योजना अनुमंडल प्रशासन,प्रखंड प्रशासन एवं नगर परिषद के द्वारा लगातार किया जा रहा है। जिसका प्रतिफल है,कि अब बिक्रमगंज तेंदूनी चौक के चारों ओर की सड़कें चौड़ी और सुरक्षित दिख रही है। प्रशासनिक स्तर पर अस्थाई बस स्टैंड का जगह भी निर्धारित कर दे दिया गया है, जहां से चारों रोड की बस समय अनुसार खुल भी रही है। परंतु बस स्टैंड बनाने के बावजूद चौक से थोड़े से इधर-उधर बड़ी-बड़ी बस पैसेंजर जुटाने की फिराक में खड़ी रहती है। इसके कारण पैसेंजर भी अब यह समझ कर पुराने ही निर्धारित स्थान पर जमा होकर बसों में चढ़ने के लिए जमा हो रहे हैं। इसका विपरीत प्रभाव यह भी हो सकता है, कि अन्य बस वाले भी इसी तरह से अपने पुराने निर्धारित स्थानों पर खड़े होकर पैसेंजर उठाने की कोशिश करें। फलस्वरुप बस स्टैंड का महत्व ही समाप्त हो जाएगा। इस विषय पर अनुमंडल प्रशासन एवं नगर प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना होगा। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का जो संकल्प अनुमंडल प्रशासन एवं नगर कार्यालय के द्वारा लिया गया है वह तभी फलीभूत होगा,जब बिक्रमगंज चौक में चारों ओर गुजरने वाली सड़कें साफ और सुंदर दिखाई देंगी।

# जनता दरबार में अधिकारियों ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के कछवां थाना परिसर में अधिकारियों की देखरेख में जनता दरबार लगाया गया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि शनिवार को जनता दरबार में भूमि से संबंधित कुल 6 मामले के लिए आवेदन प्राप्त हुए। पक्ष एवं विपक्ष की बातें को सुनते हुए भूमि से संबंधित चार मामले को ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष बचे दो मामले को अगले शनिवार के लिए रखा गया। जनता दरबार के दौरान मौके पर काराकाट आरो जितेंद्र कुमार ,पुअनि गोपाल मोहन झा सहित अन्य अधिकारी व फरियादी लोग मौजूद थे।

# महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम के साथ मां सरस्वती को दी गई विदाई

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ीगोला रोहतास**



सरस्वती पूजा के उपलक्ष में डेहरी शहर के आदर्श नगर में सरस्वती पूजा पंडाल के बाहर सैकड़ो लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद वितरण के बाद मां सरस्वती को विदाई देते हुए उनकी प्रतिमा को लेकर लोग विसर्जन करने पहुंचे। प्रसाद को वितरण कर रहे युवा समाजसेवी अमित कुमार पटेल ने कहा कि सरस्वती पूजा को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। जिसमें महाप्रसाद का अपना सबसे बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा की मां सरस्वती ज्ञान और विद्या की देवी है यह सभी छात्राओं को विद्या प्रदान करती हैं। मौके पर रोशन सिंह, मयंक कुमार, आदित्य कुमार, हिमांशु कुमार, शिवम कुमार, अमन कुमार, अंकित कुमार, सुजल कुमार, किट्टू कुमार, दीपक कुमार, सुजीत कुमार, रतन कुमार विकी कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त, चालक व मजदूर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज/नासरीगंज,रोहतास**

रोहतास जिले के नासरीगंज थाने की पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त। मामले में चालक व मजदूर गिरफ्तार ।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के पडूरी से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। पुलिस ने दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर निवासी चालक द्वारिका कुमार व अहरांव निवासी मजदूर अरमान अंसारी को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया। जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने डीजे लदे दो गाड़ी को पुलिस ने जब्त किया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि अज्ञात चालक व डीजे संचालक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।जिस मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है।

# मानिक परासी में माधव बाल संस्कार केन्द्र की हुई स्थापना

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले अंतर्गत काराकाट प्रखंड के मानिक परासी गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में माधव बाल संस्कार केन्द्र का स्थापना किया गया। इस केंद्र में सभी बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिया जाएगा। केंद्र का उद्घाटन जिला सेवा प्रमुख अनिल कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर पालक शुभम तिवारी ने बच्चों के बीच काफी,कलम और कई पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर केन्द्र के शिक्षक बीरेंद्र तिवारी,हेमंत तिवारी,मंगेश शर्मा सहित कई लोग थे। गौरतलब हो कि प्रखंड के अमरथा में पूर्व से हीं केशव बाल संस्कार केन्द्र चल रहा है। पालक पारसनाथ पासवान ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से वहां ग्रामीण बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क पाठ्य सामग्री भी दिया जाता है।

# न्याय प्रिय व उच्च विचारों के धनी थे मुखिया बैजू पांडेय- विवेक पांडेय सोनू

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करगहर के पूर्व मुखिया दिवंगत बैजू पांडेय के श्राद्धकर्म में जन प्रतिनिधी समाजसेवियों ने जूटकर उनके तैल्यचित्र



पर श्रद्धा-सुमन अर्पित की। वही श्राद्धकर्म में पहुंचकर शाहाबाद प्रक्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडेय उर्फ सोनू पांडेय ने उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। वही शाहाबाद प्रक्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक पांडेय सोनू ने कहा कि मुखिया जी न्याय प्रिय व उच्च विचारों के धनी व्यक्ती थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। मुखिया दिवंगत बैजू पांडेय क्षेत्र के सुप्रसिद्ध व्यक्ती थे उनका समाजसेवा में अलग पहचान था। वही उनके श्राद्धकर्म में लोगो का जमावड़ा लगा रहा। मौके पर अजय पांडेय,संतोष पाण्डेय, राहुल पाण्डेय,राजू पांडेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित होकर तैल्यचित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित की।

# बुढ़वा महादेव तारा चंडी में भाजपा का नारी शक्ति वंदन के तहत कार्यशाला आयोजित

**रमण किशोर चौबे,जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**

भारतीय जनता पार्टी सासाराम विधानसभा क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन कार्यशाला



बुढ़वा महादेव तारा चंडी में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सासाराम ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष बंशीधर सेट एवं संचालन सासाराम नगर दक्षिनी के मंडल अध्यक्ष बृजनंदन कुशवाहा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला के उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी अरुण पांडे एवं जिला के महामंत्री अशोक साह तथा विधानसभा कार्यक्रम संयोजक जिला के उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह की उपस्थिति में हुई जिला के कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अरुण पांडे ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा में नारी शक्ति वंदन का आयोजन करना है सासाराम में हो रहा है आगे काराकाट डेहरी में होगा महामंत्री अशोक शाह ने बताया की आने वाले दिनों में भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी 3 करोड़ जीविका दीदी को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मंडल स्तरों पर ले जाकर के शक्ति केंद्र के द्वारा बूथों पर कराया जाएगा कार्यक्रम में बिनोद पासवान अवधेश सिंह श्री भगवान सिंह परमहंस सिंह अयोध्या सिंह राजेंद्र कुमार पोपुल गुप्ता नीतीश कुमार पीटर राम राज मीटर यादव परमेश्वर सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत नारायणपुर ग्रिड में 132 केवी मेन बसबार मरम्मति का कार्य करने के कारण ग्रिड से निकलने वाले सभी फीडर बिक्रमगंज, तरारी,सूर्यपुरा,नटवार,संझौली, दावथ, नोनहर,कोआथ,सकला की विद्युत आपूर्ति 18 फरवरी 2024 (रविवार ) को 11 बजे से 14 बजे तक बन्द रहेगी। उक्त अवधि में ग्रिड द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा। सहायक कार्यपालक अभियंता संचरण अवर प्रमंडल बिक्रमगंज उपेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि शीतकालीन मरम्मती के कारण ग्रिड से निकलने वाली 33 के.वी. फीडर का विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपनी जरूरी काम निपटा लेंगे।

# बीईओ के निरिक्षण में तीन शिक्षक मिले अनुपस्थित

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज/दावथ,रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ बीईओ ने स्कूलों में दैनिक निरिक्षण किया। जिसमें बिठवां,सहिनाव तथा महुअरी स्कूल शामिल है। उर्दू मध्य विद्यालय महुअरी में बीईओ 9:30 बजे पहुंचे, वहां कुल नौ शिक्षकों में चार उपस्थित थे,तीन शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। जिसमें अमित कुमार,अब्बन शाह व मो.मोअज्जम अली शामिल हैं।एक शिक्षिका सुमन मिश्रा आकस्मिक अवकाश में व दुसरा जमीम फातिमा विशेषावकास में थी। बीईओ आनंद किशोर सिंह ने बताया कि प्रतिदिन निरिक्षण किया जाता है। अनुपस्थित शिक्षकों पर उचित कारवाई की जाएगी।

# पूर्व शराब कांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाने की पुलिस ने पूर्व शराब कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के दलित टोला मठिया निवासी उपेंद्र मुसहर को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था।

# तीनों वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाने की पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के पंजरी निवासी गोपाल शर्मा,बबन भर और झगर भर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तीनों अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था।